* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 209

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


**नोटबंदी :** दो हजार के नोट 30 सितंबर तक ही चलेंगे





www.epaper.azadsipahi.in

20 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 209

रक्षा उत्पादन के मोर्चे पर बड़ी सफलता, पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार



### मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# यह नियुक्ति पत्र नहीं जिम्मेदारी है : हेमंत

**माध्यमिक विद्यालयों के लिए स्नातक प्रशिक्षित 3469 शिक्षकों का हुआ है चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। क्योंकि इतने बड़े समूह में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एक साथ नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। लेकिन, यह नियुक्ति पत्र नहीं एक जिम्मेदारी है। बच्चों के भविष्य को संवारने का अहम कार्य आपको करना है। बच्चे हर दृष्टिकोण से मजबूत हों, इसमें आपकी अहम भूमिका होने वाली है। समाज में शिक्षक 'भगवान' के समान होते हैं। ऐसे में आप अपने कार्यों का निर्वहन इस तरह करें कि वह पूरे समाज और राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो।

**नियुक्तियों का शुरू हो चुका है सिलसिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। पिछले 3 वर्षों में जेपीएससी सिविल सर्विसेज, सहायक लोक अभियोजक, कृषि पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक और सहायक अभियंताओं समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति हो चुकी है। इसके अलावा शिक्षकों और अन्य पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यहां के नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**विद्यालयों की होगी ग्रेडिंग, किए जाएंगे पुरस्कृत :** हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी। इस कड़ी में अब विद्यालयों की ग्रेडिंग की जाएगी। इस ग्रेडिंग में जो विद्यालय अव्वल होंगे, उसे सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने विद्यालयों में पैरेंट्स- टीचर्स मीट नियमित रूप से कराने को कहा, ताकि बच्चों को लेकर उनके अभिभावकों के साथ टीचर का बेहतर समन्वय बन सके।

**रांची में सबसे अधिक नियुक्ति :** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सबसे पहले कोडरमा की शालिनी तिर्की को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनके बाद बोकारो से धनंजय महतो सहित हजारीबाग से सोनी कुमार सहि 24 जिलों से शिक्षकों को बुलाकर हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र दिया। इसमें सबसे अधिक रांची के अभ्यर्थी बहाल हुए हैं। 280 शिक्षकों की नियुक्ति रांची जिले में हुई है। सबसे कम 67 शिक्षक लातेहार में नियुक्त किये गये है।




### पहले कोरोना, अब इडी और सीबीआइः मुख्यमंत्री

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने झारखंड के संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर तय कर रखा है कि हमें समस्याओं का हल निकालना है। इस राज्य का जन्म, अलग राज्य की स्थापना के लिए कई लोगों ने शहादत दिया है। इस राज्य को मजदूरों का राज्य कहा जाता है, क्या आपको यह सुनना पसंद है, मुझे नहीं पसंद। हम इसे बदलेंगे। हम कई नियुक्ति और अहम फैसलों पर काम कर रहे हैं। हम अपने कदमों को रुकने नहीं देंगे। आप सभी गवाह है कि सरकार बनते ही कोरोना का संकट आ गया। कोरोना में जो समस्या हमारे राज्य में हुई वह किसी से छिपी नहीं है। हम कोरोना से लड़े तो एक और महामारी आयी। सीबीआइ और इडी की हमने भी इजाजत दी को जो खोज सकते हो खोजो। हम लोगों ने काम करना नहीं छोड़ा।

### अभी नियोजन शुरू हुआ है जारी रहेगाः आलमगीर

संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और मुकारबाद दिया। उन्होंने कहा कि यहां लगभग साढ़े तीन हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। मैं समझता हूं समाज में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। कोई भी देश या समाज शिक्षा के बगैर अधूरा रहता है। हम राज्य के नौजवानों को रोजगार दे सकें इसका लगातार प्रयास कर रहे हैं। राज्य में नियोजन लगातार चलता रहेगा यह विश्वास दिलाना चाहते हैं। हम राज्य का विकास चाहते हैं।

### शिक्षक अपने घर में हेमंत सोरेन के नाम घी का दीप जलायें : भोक्ता

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आप खुशी का दिन है। मैं 23 सालों में पहली बार राजनीति में ऐसी ऐतिहासिक नियुक्ति देख रहा हूं। मैं मुख्यमंत्री को बधाई देता हूं। आज 3469 घरों में घी का दिया हेमंत सोरेन के नाम का जलना चाहिए। हमने इस स्टेडियम से कई नियुक्ति पत्र दिया है। अभी कई हजार शिक्षकों की बहाली होनी है। आप गुरु हैं, आपके हाथ से भविष्य का निर्माण होगा। सीएम चाहते हैं कि झारखंड बेहतर करें गरीबों को लाभ मिले। वहीं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, जेइपीसी की स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ममता के भतीजे को सीबीआइ का समन, शिक्षक भर्ती घोटाला केस में कल पूछताछ के लिए बुलाया

**अभिषेक बोले : सबूत मिले तो गिरफ्तार करो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती घोटाले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को उड़कने 20 मई को पूछताछ के लिए समन किया है। जांच एजेंसी का नोटिस मिलने के बाद अभिषेक ने अपने जनसंपर्क अभियान को अस्थाई रूप से रोकने का फैसला किया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एजेंसी ने मुझे शनिवार को सुबह 11 बजे बुलाया है। इसीलिए मैं आज रात कोलकाता लौट रहा हूं।

अभिषेक ने कहा कि मेरे मन में न्यायपालिका और अदालत के प्रति सम्मान है। मुझे जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करने में कोई समस्या नहीं है। इससे पहले भी केंद्रीय एजेंसियों ने मुझे पूछताछ के लिए बुलाया था तो मैंने उनका सहयोग किया था।

टीएमसी नेता बांकुड़ा में एक रैली को संबोधित करने के लिए कोलकाता के लिए रवाना होंगे। बांकुड़ा में ही एक जनसभा में अभिषेक ने कहा कि वोटरों के अलावा मैंने किसी के भी सामने अपना सिर नहीं झुकाया है। अगर मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार का सबूत मिलता है, तो सीबीआइ मुझे गिरफ्तार करे। जांच एजेंसी ने मुझे तलब किया है, क्योंकि वे यह जनसंपर्क अभियान बंद कराना चाहते हैं।

अभिषेक बनर्जी आज शाम बांकुरा में एक रैली को संबोधित करने वाले थे, लेकिन सीबीआइ का नोटिस मिलने के बाद अब रैली को ममता बनर्जी संबोधित करेंगी।

तस्वीर कुंतल घोष की है, जिसे इडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने इडी को घोष की कस्टडी भी दी थी। इसने आरोप लगाया था कि एजेंसी उस पर अभिषेक बनर्जी का नाम लेने के लिए दबाव बना रही है।

उधर, कोलकाता हाइकोर्ट ने 18 मई को अभिषेक बनर्जी की शिक्षक भर्ती घोटाले में इडी और सीबीआइ को उनसे पूछताछ की अनुमति के आदेश पर फिर से विचार करने की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने अभिषेक पर 25 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। जस्टिस अमृता सिन्हा ने हाइकोर्ट के फैसले पर विचार करने से इनकार कर दिया। मामले में घोटाले के आरोपी कुंतल घोष भी याचिकाकर्ता थे। कोर्ट ने उन पर भी 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।



### क्या है शिक्षक भर्ती घोटाला

बंगाल में हुआ यह घोटाला 2014 का है। तब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली। प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी। उस वक्त पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। इस मामले में गड़बड़ी की कई शिकायतें कोलकाता हाइकोर्ट में दाखिल हुई थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन कैंडिडेट के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में टॉप पर रखा गया। कुछ कैंडिडेट का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी उन्हें नौकरी दे दी गयी। ऐसे लोगों को भी नौकरी दी गयी, जिन्होंने टीइटी परीक्षा भी पास नहीं की थी।

सीबीआइ ने पिछले साल 30 सितंबर को पहली चार्जशीट पेश की थी। इसमें पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 16 लोगों के नाम थे। एऊ ने पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया था। पार्थ 23 जुलाई 2022 से जेल में हैं, उनकी जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं।

### प्रधानमंत्री पहुंचे जापान, पाक-चीन को दी बड़ी नसीहत

# सीमा पर शांति पड़ोसी मुल्कों की जिम्मेदारी है : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के हिरोशिमा पहुंच गये हैं। वह जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर जी-7 समिट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले चीन और पाकिस्तान को लेकर प्रधानमंत्री ने बड़ा बयान दिया है। मोदी ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। हम अपने पड़ोसियों से अच्छा संबंध रखना चाहते हैं, लेकिन सीमा पर शांति तय करना इस्लामाबाद और चीन की जिम्मेदारी है। वह 'निक्केई एशिया' को दिये साक्षात्कार में बोल रहे थे।

**मोदी ने दी पाकिस्तान को नसीहत :** प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को बड़ी नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहता है, लेकिन आतंकवाद से मुक्त एक अनुकूल वातावरण बनाना और आवश्यक कदम उठाना इस्लामाबाद पर निर्भर है। आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण बनाना उनके लिए आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है।



**सीमा पर शांति से दुनिया को होगा फायदा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति आवश्यक है। भारत-चीन संबंधों का भविष्य केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। सीमा पर शांति रहेगी तो दुनिया को लाभ होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध पर उन्होंने कहा कि यूक्रेन विवाद पर भारत की स्थिति स्पष्ट और अटूट है। भारत शांति के पक्ष में खड़ा है और दृढ़ता से खड़ा रहेगा। यह समय सहयोग का है, संघर्ष का नहीं।

**66 साल बाद भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचे :** प्रधानमंत्री दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। 66 साल बाद यह पहला मौका है जब भारत का कोई प्रधानमंत्री जापान के हिरोशिमा शहर पहुंच रहा है। जवाहरलाल नेहरू 1957 में हिरोशिमा गये थे। जापान के हिरोशिमा शहर में शुक्रवार को जी7 देशों की सालाना बैठक शुरू हो चुकी है। वहीं, समिट के पहले ही दिन संगठन के नेताओं ने रूस पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जी7 के नेताओं ने रूस से मांग की है कि वो तुरंत यूक्रेन से अपनी सेना को बाहर निकाले। जी7 दुनिया के सात देशों से बना संगठन है जो जंग में यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और फ्रांस शामिल हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि हिरोशिमा में मोदी महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। समिट के बाद वो जी-7 नेताओं के साथ पीस मेमोरियल पार्क भी जाएंगे। ये पार्क न्यूक्लियर अटैक के पीड़ितों की याद में बनाया गया है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा समेत अन्य देशों के नेताओं के साथ आपसी संबंधों पर चर्चा करेंगे।

# हुसैनाबाद में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**छह युवकों ने दिया घटना को अंजाम, मामला दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छह युवकों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित किशोरी की मां ने हुसैनाबाद थाना में छह आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें एक आरोपी को पकड़कर थाना को सुपूर्द कर दिया गया है। किशोरी गुरुवार रात को घर में अकेली थी। करीब आठ बजे गांव के छह युवकों ने उसे अगवा कर वहां से एक किलोमीटर दूर खेत की ओर ले गये। इसके बाद बारी-बारी से सभी ने सामूहिक दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बनाया। करीब दो घंटे तक किशोरी की अस्मत के साथ दरिंदे खेलते रहे। रात्रि में वाहन को आते देख कर दुष्कर्मियों ने उसे छोड़ दिया। किशोरी किसी तरह खून से लथपथ घर पहुंची और बेहोश हो गयी। परिजनों ने पानी छिड़क कर होश में लाया। तो उसने छह युवकों का नाम बताया। इस घटना में शामिल दुष्कर्म के आरोपियों में दिनेश ठाकुर, रोहित कुमार, मझिला उर्फ सचिन, नीतीश कुमार, राजू कुमार और सचिन कुमार का नाम शामिल हैं। सभी ग्राम झरगाड़ा के निवासी हैं। जिसमें उत्तेजित ग्रामीणों ने रात में ही एक आरोपी को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी।

परिजन और ग्रामीण सुबह पीड़िता किशोरी और दुष्कर्म के एक आरोपी को हुसैनाबाद थाना लेकर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। जबकि दुष्कर्म के आरोपी दिनेश ठाकुर को जेल भेज दिया गया है। हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

# ज्ञानवापी में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर रोक

**सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट का फैसला रोका, सात अगस्त को अगली सुनवाई**

**कोर्ट ने कहा, संभलकर चलने की जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे और कॉर्बन डेटिंग के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संभलकर चलने की जरूरत है। हाइकोर्ट के आदेश की बारीकी से जांच करनी होगी। इस मामले पर अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी। गौरतलब है कि इलाहाबाद हाइकोर्ट ने 12 मई को ज्ञानवापी के वुजूखाने में मिले कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे का आदेश दिया था। हाइकोर्ट ने कहा था कि यह कैसे होगा? इस पर वाराणसी कोर्ट निर्णय लेगा। उन्हीं की निगरानी में यह काम किया जाएगा। हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी थी। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की तरफ से वकील हुजेफा अहमदी ने यह याचिका दायर की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसकी सुनवाई की। हिंदू पक्ष सुप्रीम कोर्ट में पहले ही कैविएट दाखिल कर चुका है। हिंदू पक्ष का दावा है कि मां श्रृंगार गौरी का मंदिर विवादित ज्ञानवापी परिसर के पीछे है। वहां अवैध निर्माण कर मस्जिद बनायी गयी है। हिंदू पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट कोई आदेश दे, तो उससे पहले एएसआइ सर्वे की रिपोर्ट को मंगाकर एक बार उस पर विचार किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम एएसआइ की रिपोर्ट को भी देखेंगे। पहले हम परिस्थिति को देखेंगे। हमें इस मामले को बेहद सावधानी से डील करना होगा। सुप्रीम कोर्ट 7 अगस्त को इस मामले पर अगली सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा कार्बन डेटिंग के आदेश को अगली सुनवाई तक लागू नहीं किया जायेगा।

# कर्नाटक मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे हेमंत सोरेन

**सिद्धारमैया आज लेंगे पद और गोपनीयता की शपथ**

**दिल्ली में मंत्रियों के नामों को लेकर चल रहा मंथन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें कर्नाटक से आमंत्रण मिल चुका है। इस बीच सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे शपथ ग्रहण समारोह में सभी को निमंत्रण देने के लिए आये हैं। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कैबिनेट गठन को लेकर भी चर्चा होगी।

**विपक्षी दल के तमाम नेताओं को किया जा रहा आमंत्रित :** कर्नाटक सरकार के गठन के मौके पर कांग्रेस की तरफ से विपक्षी दल के तमाम नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निमंत्रण प्राप्त होने के बाद बंगलुरु जाने का कार्यक्रम तय कर लिया है। वह शनिवार को बेंगलुरु जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गैर भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा गया है। क्षेत्रीय पार्टी दलों के प्रमुखों को भी निमंत्रण भेजा गया है। इसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल सहित कांग्रेस और गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है।

### 12.30 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

कांग्रेस नेता सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे दिल्ली पहुंचे। यहां डीके ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम पार्टी नेताओं को कल कर्नाटक में होने वाले शपथग्रहण के लिए आमंत्रित करने आये हैं। उन लोगों ने कर्नाटक चुनाव में पसीना बहाया है, इसीलिए मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करना चाहता था। यहां कैबिनेट गठन पर भी चर्चा होगी। इससे पहले गुरुवार को सिद्धारमैया को विधायक दल की बैठक में औपचारिक रूप से नेता चुना गया। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से राज्यपाल के पास जा कर सरकार गठन का दावा पेश किया गया।

www.epaper.azadsipahi.in

20 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 209

जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ : समीर वानखेड़े ने एनसीबी जोनल निदेशक के रूप में अपने पद का किया दुरुपयोग









# नोटबंदी : दो हजार के नोट 30 सितंबर तक ही चलेंगे

## 23 मई से एक बार में अधिकतम 10 नोट ही बदलवा सकेंगे

- फिलहाल वैध मुद्रा बने रहेंगे गुलाबी रंग के नोट
- भारतीय रिजर्व बैंक का फैसला तत्काल प्रभावी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई/नयी दिल्ली।** करीब साढ़े छह साल बाद एक बार फिर नोटबंदी का एलान किया गया है। इस बार भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की है। शुक्रवार को रिजर्व बैंक ने ऐलान किया कि दो हजार रुपये के गुलाबी नोट 30 सितंबर तक ही वैध होंगे। इस तारीख से पहले बैंकों में उसे बदलवाया जा सकता है। बैंक के मुख्य महाप्रबंधक योगेश दयाल द्वारा जारी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गयी है। बैंकों में 23 मई से नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू होगी। रिजर्व बैंक ने कहा है कि एक बार में अधिकतम 10 नोट बदलवाये जा सकते हैं। रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से दो हजार रुपये मूल्यवर्ग के नोट जारी करना बंद करें। बैंक ने स्पष्ट किया है कि अभी ये नोट वैध मुद्रा रहेंगे। रिजर्व बैंक ने यह फैसला क्लीन नोट पॉलिसी के तहत लिया है।

**2016 में रिजर्व बैंक ने किये थे जारी :** रिजर्व बैंक ने नवंबर 2016 में आरबीआइ एक्ट 1934 की धारा 24 (1) के तहत ये नोट निकाले थे। रिजर्व बैंक ने नोटबंदी के बाद इन नोटों को जारी किया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, ताकि उस समय पांच सौ और एक हजार रुपये के जो नोट



चलन से हटाये गये थे, उनका बाजार और अर्थव्यवस्था पर असर कम किया जा सके। जब दूसरे मूल्य के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गये, तब दो हजार रुपये को चलन में लाने का उद्देश्य पूरा हो गया।

### 23 मई से शुरू होगी नोट बदलने की प्रक्रिया

अधिसूचना के अनुसार, लोग दो हजार रुपये के नोट बैंक खातों में जमा करा सकेंगे या फिर उन्हें अन्य मूल्य के नोटों के साथ किसी भी बैंक शाखा में जाकर बदल सकेंगे। लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये मूल्य के नोट बदलवाये जा सकेंगे। यह प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी और 30 सितंबर को खत्म होगी।

**क्या कर सकते हैं आम लोग :** रिजर्व बैंक के अनुसार अगर किसी के पास दो हजार रुपये के नोट हैं, तो उन्हें बैंक में जाकर जमा कर दें या बदल लें। इसके लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। हालांकि ये नोट अब भी वैध हैं, लेकिन रिजर्व बैंक के फैसले के लागू होने के बाद बैंक या एटीएम से दो हजार रुपये के नोट नहीं निकाल सकेंगे। अंतिम तारीख के बाद इन नोटों का क्या होगा, इस बारे में रिजर्व बैंक ने कुछ नहीं कहा है।

**नोटबंदी के वक्त हुई थी शुरुआत :** बता दें कि आठ नवंबर 2016 को केंद्र सरकार ने नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद पांच सौ रुपये और एक हजार रुपये के पुराने नोट बंद हो गये थे। इसके बदले में रिजर्व बैंक ने पांच सौ रुपये और दो हजार रुपये के नोट को चलन में लाया था। हालांकि कुछ ही साल में दो हजार रुपये के नोट का चलन कम होता गया और ज्यादातर एटीएम से ये नोट गायब हो गये। रिजर्व बैंक ने 2019 से दो हजार के नोटों की छपाई बंद कर दी है।

### कालाधन जमा करनेवालों के लिए मददगार हो रहा था

2016 की नोटबंदी के समय केंद्र सरकार को उम्मीद थी कि भ्रष्टाचारियों के घरों के गद्दों-तकियों में भरकर रखा कम से कम तीन से चार लाख करोड़ रुपये का काला धन बाहर आ जायेगा। पूरी कवायद में काला धन तो 1.3 लाख करोड़ ही बाहर आया, मगर नोटबंदी के समय जारी नये पांच सौ और दो हजार के नोटों में अब 9.21 लाख करोड़ गायब जरूर हो गये हैं। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि 2016 से लेकर अब तक पांच सौ और दो हजार के कुल 6849 करोड़ नोट छापे थे। उनमें से 1680 करोड़ से ज्यादा नोट चलन से गायब हैं। इन गायब नोटों का मूल्य 9.21 लाख करोड़ रुपये है। इन गायब नोटों में वे नोट शामिल नहीं हैं, जिन्हें खराब हो जाने के बाद रिजर्व बैंक ने नष्ट कर दिया।




# दिल का दौरा किसी भी उम्र में संभव : डॉ महेश कुशवाहा

**भले** ही कोई व्यक्ति जिमिंग कर रहा हो और डेली एक्सरसाइज कर रहा हो, फिर भी कुछ खराब आदतें दिल के दौरे का खतरा पैदा कर सकती हैं। अगर आपका दिल हेल्दी है, तो आपका शरीर भी हेल्दी रहेगा, लेकिन अगर दिल ही हेल्दी नहीं है, तो किसी भी व्यक्ति के ऊपर हार्ट अटैक का खतरा मंडरा सकता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक आने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं।

### दिल का दौरा पड़ने के लक्षण एवं उपाय

**दिल का दौरा पड़ने के सामान्य लक्षणों में सीने में दर्द, बेचैनी या सीने में जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, गर्दन, पीठ, बांह या कंधे में दर्द, जी मिचलाना, सिर घूमना या चक्कर आना, थकान, सीने में जलन/अपच का अहसास, ठंडा पसीना आना शामिल हैं. यदि ये लक्षण आपको या आपके परिचित में दिखे तो बिना देर किये विशेषज्ञ डाक्टर से संपर्क करें।**

### हार्ट अटैक के कारण

**1 हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) :** हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या भी हार्ट अटैक पैदा करने के खतरों में शामिल है। हाइपरटेंशन दिल के स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। ये ब्लड वैसल्स को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे धमनियों का लचीलापन कम होने लगता है और तो और ब्लड फ्लो बढ़ने से दिल तक ऑक्सीजन और खून तेजी से पहुंचता है। ऐसी स्थिति होने पर अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो सकता है।

ब्लड फ्लो में रुकावट आने से शरीर के कई अंगों में दर्द महसूस होने लगता है, जो कई बार तेज हो जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल ब्लड को दिल तक ठीक से पहुंचने नहीं देता, जिससे अचानक दिल का दौरा पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ज्यादा स्मोकिंग करना भी दिल संबंधी बीमारियों के साथ-साथ अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा कर सकता है

**2. हाई कोलेस्ट्रॉल :** सभी के शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल के साथ-साथ बैड यानी खराब कोलेस्ट्रॉल भी होता है। खराब कोलेस्ट्रॉल एक वसायुक्त पदार्थ होता है, जो धमनियों में स्टोर होने लगता है। इससे ब्लड फ्लो में बाधा पैदा हो जाती है, जिसके प्रभाव से शरीर के कई हिस्सों में खून की सप्लाई ठीक से नहीं हो पाती। ब्लड फ्लो में रुकावट आने से शरीर के कई अंगों में दर्द महसूस होने लगता है, जो कई बार तेज हो जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल ब्लड को दिल तक ठीक से पहुंचने नहीं देता, जिससे अचानक दिल का दौरा पड़ने की आशंका बढ़ जाती है।

**3. स्मोकिंग :** ज्यादा स्मोकिंग करना भी दिल संबंधी बीमारियों के साथ-साथ अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा कर सकता है.। स्मोकिंग से धमनियों के अंदर खून के थक्के बन सकते हैं। इससे धमनियों के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है और अचानक दिल का दौरा पड़ सकता है।

**4. मोटापा :** मोटापा कई खतरनाक बीमारियों के जोखिम को पैदा करने का कारण बन सकता है। न सिर्फ हार्ट अटैक बल्कि कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी बीमारियां भी इसकी वजह से शरीर में जन्म ले सकती हैं। मोटापे की वजह से धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं और हार्ट अटैक आने की संभावना बढ़ जाती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड जीतने के लिए 'गुजरात मॉडल' का इस्तेमाल करेगी भाजपा

## ■ अगले साल होनेवाले आम चुनावों की तैयारी में जुट गयी पार्टी

## ■ कर्नाटक के परिणाम के बाद फूंक-फूंक कर कदम रखने का फैसला

## ■ पर झारखंड में पहले एक मंच पर आना होगा झारखंड के नामचीन नेताओं को

**कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में पराजय झेलने के बाद भाजपा में स्वाभाविक तौर पर एक हलचल है। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व उन कारणों पर पहुंचने में जुटा है, जो पार्टी की हार का कारण बने। कर्नाटक चुनाव परिणाम का दूसरा असर यह हुआ है कि भाजपा की प्रदेश इकाइयां भी अब मिशन मोड में आ गयी हैं। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया है, तो स्वाभाविक तौर पर प्रदेश इकाइयां भी सक्रिय हुई हैं। इस क्रम में पार्टी की झारखंड इकाई में भी कुछ हलचल दिखाई देने लगी है। पहले झारखंड भाजपा को शायद आगे का रास्ता दिख नहीं रहा था या फिर वह उस पर चलने की इच्छुक नहीं दिख रही थी, लेकिन अब उसमें थोड़ी हलचल दिखने लगी है। पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में अगले एक साल का जो ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है, उससे तो यही लगता है कि भाजपा ने झारखंड में भी 'गुजरात मॉडल' अपनाने का फैसला कर लिया है। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व राज्य की सभी 14 संसदीय सीटों को जीतने की रणनीति पर काम कर रहा है। पार्टी की प्रदेश इकाई अगले एक साल के दौरान राज्य के हर मतदाता से संपर्क करने के काम में जुट गयी है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ कमिटी तक के नेताओं-कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गयी है कि वे पन्ना प्रमुख की भूमिका में आ कर अभी से काम में जुट जायें। भाजपा की यह रणनीति तो ठीक है, लेकिन झारखंड में उसके साथ समस्या यह है कि यहां के चार नेताओं के कदम एक साथ नहीं पड़ रहे हैं। जब तक इन चारों नेताओं में एका नहीं होगी, झारखंड में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकती। झारखंड भाजपा की नयी रणनीति के साथ इसकी अंदरूनी सांगठनिक स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी को भारतीय सियासत की 'चुनावी मशीन' कहा जाता है, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी हमेशा चुनावी मोड में रहती है और इसका चुनाव जीतने का ट्रैक रिकॉर्ड लगभग अपराजेय रहा है। ऐसे में जब 2024 का आम चुनाव महज एक साल दूर है, तो पार्टी के भीतर की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। हालांकि यह बात भी सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को चुनाव में हार-जीत का खट्टा-मीठा अनुभव भी होता रहता है, लेकिन भाजपा के शब्दकोश में चुनावी हार लगभग अस्वीकार्य माना जाता है। इसलिए पिछले सप्ताह जब पार्टी को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, तब अचानक से उसके भीतर एक किस्म की हलचल सी दिखने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस हलचल को प्रदेश स्तर पर भी महसूस किया जा सकता है, खास कर उन प्रदेशों में, जहां पार्टी वापसी की जद्दोजहद में जुटी है।

भाजपा के लिए झारखंड ऐसा ही एक प्रदेश है, जो उसका मजबूत गढ़ माना जाता था, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के बाद यह गढ़ दरकने लगा है। इसलिए कर्नाटक चुनाव परिणाम के तत्काल बाद झारखंड भाजपा में हलचल दिखने लगी है और पार्टी ने अभी से ही 2024 के आम चुनावों की तैयारी में जुट जाने का फैसला किया है। पार्टी ने झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का संकल्प व्यक्त किया है और इसके लिए उस चर्चित 'गुजरात मॉडल' को अपनाने का फैसला किया है, जिससे उसे पिछले साल गुजरात में रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल हुई थी। पार्टी का मानना है कि इस मॉडल से वह झारखंड में अपने संकल्प को पूरा करने में कामयाब हो जायेगी। लेकिन गुजरात और झारखंड की कहानी अलग-अलग है। गुजरात के लोग आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सबसे करीब मानते हैं और उन्हें पाते भी हैं, इसलिए वहां कोई भी फैसला या कार्यक्रम सफलत होता है। लेकिन झारखंड की कहानी गुजरात से अलग है। यहां प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ऐसे चार चेहरे हैं, जिनके इर्द-गिर्द भाजपा के कार्यकर्ता रहते हैं। इन चारों नेताओं में कितनी घनिष्ठता है, इसका तो कोई पैमाना नहीं हो सकता, लेकिन जहां तक समर्थकों का सवाल है, चारों के कुछ समर्थक ऐसे हैं, जो सिर्फ उनकी ही सुनते हैं। केंद्रीय नेतृत्व के कार्यक्रम में या राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भले ही ये चारों नेता एक मंच पर आते हों, लेकिन इनके बारे में आम धारणा यही बनती जा रही है अंदर ही अंदर चारों एक-दूसरे से सहज नहीं हैं।



### क्या है भाजपा का गुजरात मॉडल

भाजपा के गुजरात मॉडल के तहत पार्टी राज्य के हरेक मतदाता तक पहुंचती है। इस काम में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ लेवल तक के नेता-कार्यकर्ता जुटते हैं और केंद्रीय स्तर पर इसकी निगरानी संगठन महामंत्री के जिम्मे रहती है। पार्टी का हर नेता और कार्यकर्ता हर दिन की गतिविधि की रिपोर्ट संगठन महामंत्री को करता है। चुनाव की घोषणा होने तक यह काम पूरा हो जाना है।

### झारखंड में क्या करेगी भाजपा

इसके तहत प्रदेश भाजपा के बड़े नेता भी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी निभायेंगे। निचले स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी ने यह निर्णय लिया है। जिस तरह राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत अन्य बड़े नेताओं को पन्ना प्रमुख बनाया गया है, उसी तरह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी समेत अन्य सांसद-विधायक भी अपने-अपने क्षेत्रों के पन्ना प्रमुख बनेंगे। प्रदेश से लेकर जिला या मंडल स्तर तक पार्टी या मोर्चे के हर पदाधिकारी को पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। इससे कोई अछूता नहीं रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी संगठन के सबसे छोटे पद पन्ना प्रमुख का काम करना होगा। बूथ कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता को एक समान दायित्व मिलेगा। मतदाता सूची के जिस पन्ने में इनका नाम है, उस पन्ने के सभी परिवार वालों की जिम्मेवारी भी इन्हें मिलेगी। मतदाता सूची के एक पन्ने में कम से कम 10 परिवारों के लोगों के नाम होते हैं। इन सबकी जिम्मेवारी पन्ना प्रमुखों की होगी। बूथ कमेटियों के गठन, पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति और उनके कार्यों की मॉनिटरिंग सीधे प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। सभी लोकसभा क्षेत्रों के पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति के बाद इनका जिलावार सम्मेलन भी होगा। पन्ना प्रमुख यह ख्याल भी रखेंगे कि उनके पन्ने में कितने लोग केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभुक हैं, उन्हें अभी लाभ मिल रहा है या नहीं। वे घर-घर जाकर केंद्र की उपलब्धियों और राज्य सरकार की कमियों को बतायेंगे और लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करेंगे।

### झारखंड भाजपा में यह है समस्या

सतही तौर पर भाजपा की यह रणनीति तो बेहद ठोस दिखती है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और है। झारखंड भाजपा की हालत आज ऐसी है कि यह मोदी-शाह के बाहरी आवरण में बंधे होने के कारण एक दिखाई देती है। पार्टी अंदर से कम से कम चार खेमों में बंटी हुई है। एक खेमा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का है, तो दूसरे खेमे का नेतृत्व विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास अलग खेमे का नेतृत्व कर रहे हैं, तो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी बहुत पीछे नहीं हैं। पार्टी के भीतर बिखराव की यह स्थिति पार्टी के समर्पित और पुराने नेताओं-कार्यकर्ताओं में बेचैनी पैदा कर रही है। ऐसा नहीं है कि पार्टी राजनीतिक मोर्चे पर सक्रिय नहीं है। विधानसभा के भीतर पार्टी ने विपक्ष की भूमिका शानदार तरीके से निभायी है, लेकिन आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी के भीतर 'कुछ' सुधारने की जरूरत विभिन्न स्तरों पर महसूस की जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा आम है कि जब तक इन चारों खेमों में एका नहीं होगी, कोई भी रणनीति कारगर नहीं हो सकती। इसलिए भाजपा की पहली जरूरत इन सभी खेमों को एक मंच पर लाना है। केंद्रीय नेताओं के सामने तो ये एकजुट दिखते हैं, लेकिन बाद में इनके बीच का विभाजन साफ दिखने लगता है।

इसलिए अब भी समय है कि झारखंड भाजपा खुद को पूरी तरह संगठित कर मैदान में उतरे। यदि उसे 2024 का लोकसभा चुनाव और छह महीने बाद होनेवाला विधानसभा चुनाव जीतना है, तो पार्टी को अपनी रणनीति पर नये सिरे से विचार करना होगा। पार्टी के भीतर के उथल-पुथल और अनिश्चय के वातावरण को समाप्त कर नये हौसले के साथ मैदान में उतरना होगा।

# लोहरदगा में सरसंघचालक मोहन भागवत ने डॉ हेडगेवार की प्रतिमा का किया अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने शुक्रवार को मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण किया। सरसंघचालक ने डॉ हेडगेवार की प्रतिमा के दोनों तरफ कल्पतरु का पौधा भी लगाया।



कार्यक्रम में संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आलोक कुमार, अखिल भारतीय ग्राम विकास सदस्य सिद्धनाथ सिंह, क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण झा, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, सह क्षेत्र प्रचारक रामकुमार, क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख प्रेम अग्रवाल, क्षेत्र सद्भावना प्रमुख राकेश लाल, दक्षिण बिहार के प्रांत संघ चालक राजकुमार सिन्हा, झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, जमशेदपुर विभाग कार्यवाह मनोज गिरि, गुमला विभाग संघचालक साहू प्रकाश लाल, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामअवतार नारसरिया, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत के अलावा आचार्य, स्वयंसेवक और अतिथि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर भागवत सुबह 9:30 बजे महाविद्यालय परिसर में आये और लगभग 20 मिनट के कार्यक्रम के उपरांत वापस चले गये।

## प्रतुल ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री से कहा

# अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट से राज्य में औद्योगिक निवेश का माहौल खराब होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने अभिजीत प्लांट में स्क्रैप के करोड़ों रुपयों की हुई लूट को बहुत अफसोसजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे राज्य का औद्योगिक माहौल खराब होगा। प्रतुल ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री को कहा कि एक दिवालिया हो गये उद्योग में एक संगठित गिरोह ने चील-गिद्ध की तरह झपट्टा मारकर उसका बचा खुचा अंश भी नोच लिया। एक बीमार उद्योग की ऐसी स्थिति की पूरे देश में चर्चा हो रही है और यह भविष्य में प्रदेश में निवेश के लिए खराब होगा।

प्रतुल ने इससे पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ट्वीट करके अभिजीत प्लांट में हो रही स्क्रैप लूट की सीबीआइ जांच कराने की मांग की थी। प्रतुल ने कहा था कि इसके पीछे एक बड़ा संगठित गिरोह काम कर रहा है जिसमें कई सफेदपोश लोग भी सक्रिय हैं। प्रतुल ने कहा अब तो तकनीक इतनी उच्च स्तर की हो चुकी है कि सिर्फ मोबाइल डंप से एक्टिव मोबाइलों का और उनके मालिकों का पता लगाया जा सकता है। पर यह टेक्नोलॉजी चंदवा पुलिस अभिजीत प्लांट में हो रही लूट के उद्भेदन में क्यों नहीं प्रयोग कर रही?

### डीजीपी से चंदवा थाना प्रभारी को हटाने की मांग

प्रतुल ने डीजीपी को भी ट्वीट करके ध्यान आकृष्ट किया कि उनके विभाग ने ही पत्र लिखकर सारे आरक्षी अधीक्षकों को कड़ी चेतावनी दी थी कि ट्रांसफर किये गये पुलिस निरीक्षक अगर अपने नये जगह पर 15 मई तक योगदान नहीं देते हैं तो उन्हें निलंबित किया जाये। अभिजित की स्क्रैप लूट चंदवा थाना के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र में हुआ। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से दूसरे जिला तबादला हो चुके चंदवा थाना प्रभारी 15 मई बीत जाने के बावजूद पद पर बने हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

# रुकी हुई माध्यमिक शिक्षकों की पुनः बहाली से शिक्षा क्षेत्र में नयी इबारत लिखेगा झारखंड: अलीरजा अंसारी



राज्य में 3469 माध्यमिक शिक्षकों को एक साथ नियुक्ति पत्र दिये जाने वाले दिन को झारखंड शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2016 की इसी वैकेंसी पर सन, 2019 में लगभग आधी बहालियां हो चुकी हैं। 2016 में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद 2017 में परीक्षा का आयोजन, 2018 में परीक्षा परिणाम की घोषणा और 2019 में विभिन्न जिलों में अलग-अलग चरणों में बहालियां हुईं। इस बीच झारखंड हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट की सितंबर 2020 से दिसंबर 2022 तक मानसिक प्रताड़ना से पूर्ण अभ्यर्थियों के सफर के दर्द को सिर्फ. लिखा और पढ़ा जा सकता है, महसूस नहीं किया जा सकता। 2019 में आधी बहाली होकर रुक जाना और सुप्रीम कोर्ट में बार-बार सुनवाई की अगली तारीख मिलना, ऊपर से पड़ोसियों के ताने कर्मठ, प्रतिभाशाली, उच्च शिक्षित-प्रशिक्षित युवाओं के हौसलों को तोड़ नहीं पायी। आज 13 अनुसूचित जिलों के लीडर्स की हमारी टीम के हर एक मेंबर को सलाम करने को जी चाहता है जिनकी चट्टानी एकता, हार न मानने की जिद,दिन-रात एक कर कठोर परिश्रम करने का जज्बा हाइकोर्ट में निरस्त हुई हाइस्कूल शिक्षक की नौकरी को देश के सर्वोच्च न्यायालय से पुनः बहाल करवाने में सफल हुई। परिस्थितिवश एक ही वैकेंसी के अभ्यर्थियों का पिटीशनर, ननपिटीशनर, ज्वाईंड, ननज्वाईंड इत्यादि कई समूह बन गये।

खैर, सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय झारखंडी मिट्टी की खुशबू से सुगंधित राज्य के होनहार बच्चों के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करने वाली आयी जिसमें झारखंडी भावना का सम्मान कायम रहा। हर्षोल्लास के क्षण में आज हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि फिर किसी बहाली पर दिन-रात एक कर मेहनत करने वाले झारखंडी युवाओं को इस कदर आंसू बहाना न पड़े बल्कि उनकी योग्यता, क्षमता और कुशलता का उपयोग समाज हित में और प्रदेश के विकास हेतु किया जा सके। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब मां-बाप के बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे लाखों बच्चों के अभिभावकों को भी आज अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य का सपना साकार होता दिखाई पड़ रहा है। सच में झारखंड के शिक्षा जगत में आज नये युग का उदय हो रहा है जो मेरिट लिस्ट में जगह बनाये अभ्यर्थियों के सपनों को नयी उड़ान देने के लिए तैयार है। उत्साह, उमंग और कार्य क्षमता से लबरेज नवनियुक्त शिक्षकों की पदस्थापन निश्चित ही स्वागत योग्य है। बच्चों को नित नयी रोचक तरीके से शिक्षा देने के साथ ही उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना आज के समय की मांग है जिससे सभी नवनियुक्त शिक्षक अच्छी तरह वाकिफ हैं। यह तय है कि झारखंड के बच्चे शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पायेंगे बल्कि आगे चलकर प्रदेश और देश के विकास में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

*कैरो प्रखंड (लेखक सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाली 13 अनुसूचित जिलों की समिति के मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे हैं )*

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 39.6 °c | 25.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



## जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट की ओर से बड़ा पूजा महोत्सव का दूसरा दिन

# आस्था का उमड़ा जनसैलाब





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट मनी टोला के तत्वावधान में शुक्रवार को तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मां के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रात्रि 1:00 बजे से ही माता के दर्शन करने दूर-दूर से भक्त पहुंचने लगे माता के दर्शन का यह सिलसिला लगातार जारी रहा। मंदिर के पुजारी रामेश्वर पासवान द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत मां के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिये। मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ के संघी बाजा, जमशेदपुर के ताशा पार्टी, हजारीबाग का ताशा पार्टी, भक्तों का मनोरंजन करते रहे। मंदिर परिसर को थाईलैंड से मंगाये गये फूलों द्वारा आकर्षक सज्जा की गयी। जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने बताया शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार के इस शोभायात्रा में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, दीपू सिन्हा, विकास रंजन, रूपेश कुमार, सुमित जयसवाल, राज तिर्की, अक्कू रवि राय, अंजना टोप्पो, अंजलि गुड़िया, निशू तिर्की, मनीष मिंज, रोहित मिंज सहित कई अन्य मौजूद रहे।

**शोभायात्रा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश हुए शामिल**

## मुख्यमंत्री ने वट सावित्री व्रत की दी शुभकामनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी माताओं-बहनों को वट सावित्री व्रत की अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति मानव समर्पण दर्शाता यह पावन पर्व आप और आपके परिवार को सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करे, यही कामना करता हूं।

## राहुल गांधी के वकील ने दो हफ्ते का समय मांगा, हाइकोर्ट ने स्वीकार किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साल 2018 में झारखंड के चाइबासा जिला में हुए कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ दायर की गयी याचिका की सुनवाई चाइबासा कोर्ट में चल रही है। राहुल गांधी की ओर से चाइबासा कोर्ट में चल रहे मामले को रद्द करने से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपंकर राय ने कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट की ओर से राहुल गांधी को दो हफ्ते का समय दिया गया है।

### जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट में हुई सुनवाई

इस मामले में झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। यहां प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू और अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की। वहीं वादी की ओर से इस मामले में कोर्ट से समय देने का अनुरोध किया गया। कोर्ट ने दो हफ्ते का समय दिया है। बता दें कि झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मामले की सुनवाई चल रही है। इसमें से दो मामले की सुनवाई रांची और एक मामले की सुनवाई चाइबासा कोर्ट में चल रही है।

### क्या की थी टिप्पणी

साल 2018 में चाइबासा में कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी ने शिरकत की थी। यहां उन्होंने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही संभव है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाइबासा कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी थी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, अनावश्यक खर्च से परेशानी। |
| वृष | श्रेष्ठजनों के सहयोग से बिगड़े कार्य बनेंगे, साहस-पराक्रम की वृद्धि, आय के स्रोत बढ़ेंगे। |
| मिथुन | नये-पुराने लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सामाजिक प्रभाव का लाभ, रोजी-रोजगार बढ़ेगा। |
| कर्क | भौतिक सुख-सुविधा, रचनात्मक कार्य में सफलता, उद्योग-धंधे में सफलता मिलेगी। |
| सिंह | रुके हुए काम पूरे होंगे, भूमि-भवन संबंधी समस्याओं का समाधान, आर्थिक लाभ होगा। |
| कन्या | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, निर्माण कार्यों में प्रगति, सहयोगियों से अनुकूलता। |
| तुला | आरोग्य सुख, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति, आकस्मिक धन लाभ होने का योग है। |
| वृश्चिक | स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, बनते-बनते काम बिगड़ सकता है, मानसिक अशांति होगी। |
| धनु | विविध उलझनों का सामना होगा,विरोधियों स्वजनों से कष्ट, व्यय की अधिकता रहेगी। |
| मकर | संकल्पित काम पूरे होंगे,यात्रा सफल, आर्थिक लाभ, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| कुंभ | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, संतान सुख, मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| मीन | आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार में उन्नति होगी। नौकरी में बदलाव होने की संभावना। |

## बीज घोटाला मामले में सत्यानंद भोक्ता अदालत में हाजिर हुए

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में बीज घोटाला के आरोपित पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने खुद अदालत के समक्ष बहस की। अपनी बहस के दौरान उन्होंने एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत को बताया कि उन्होंने कोई गड़बड़ी नहीं की है, फिर भी उनके ऊपर बीज घोटाला में प्राथमिकी कर दी गयी है।

अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए उन्होंने अदालत में कुछ दस्तावेज भी सौंपने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 6 जून की तारीख तय की है। उल्लेखनीय है कि सत्यानंद भोक्ता पहले राज्य के कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह फिलहाल हेमंत सोरेन की कैबिनेट में श्रम मंत्री हैं। बीज घोटाला मामले में नामजद आरोपित सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य पर करीब 20 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। इस मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से छह दिनों तक पूछताछ करेगी एटीएस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेकर छह दिनों तक पूछताछ करेगी। इसके लिए एटीएस ने कोर्ट में आवेदन दिया था। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में एटीएस ने रिमांड पिटीशन दाखिल कर अमन श्रीवास्तव की 15 दिनों की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने एटीएस को छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है। अमन श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने कोर्ट में बहस की।

अमन श्रीवास्तव को गुरुवार सुबह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमन श्रीवास्तव को जब कोर्ट लाया गया, उस दौरान सिविल कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद अमन श्रीवास्तव को बीते बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई से रांची लाया गया था।

## हाइकोर्ट ने जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों पर सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर सरकार से जवाब मांगा है। इस संबंध में दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार से रांची और जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थायी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के संबंध में जवाब मांगा है।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि राज्य में जेजे बोर्ड में कुल 3691 लंबित केस हैं। इनमें से जेजे बोर्ड में सबसे ज्यादा केस रांची में 433 और जमशेदपुर में 561 हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य में जेजे बोर्ड में अभी जो मजिस्ट्रेट का काम कर रहे हैं, वह आधे समय जेजे बोर्ड में रहते हैं और आते समय में सिविल कोर्ट में कार्य करते हैं, जिससे जेजे बोर्ड का काम प्रभावित होता है। इसलिए राज्य के जेजे बोर्ड में स्थायी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाये। इस पर कोर्ट ने रांची और जमशेदपुर में स्थायी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## हाइकोर्ट में जेटेट परीक्षा शीघ्र कराने के लिए पीआइएल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमें राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र कराने का आदेश देने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा है कि बीते सात वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है।

याचिका में आग्रह किया गया है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाये। क्योंकि, राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले सात साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। वर्ष 2016 के बाद से राज्य में जेटेट की परीक्षा नहीं ली गयी है। राज्य सरकार बिना जेटेट की परीक्षा लिये शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है, जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जायेंगे।

## हजारीबाग के 38 कैदियों को सजा से छूट देने की याचिका पर हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हजारीबाग के 38 कैदियों को सजा से छूट देने के आग्रह पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि इन कैदियों की सजा से छूट के मामले में क्या विचार किया गया है। इस संबंध में शपथ पत्र दाखिल कर अगली सुनवाई में कोर्ट को अवगत करायें। कोर्ट ने मामले में अधिवक्ता एके दास को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है।

हजारीबाग के 38 कैदियों ने पत्र लिख कर चीफ जस्टिस से आग्रह किया था कि उन्हें समय पूर्व छोड़ने पर राज्य सरकार रिव्यू करे और रेमिशन बोर्ड की बैठक में उनके मामले को रखा जाये, जिसे उन्हें अच्छे आचरण के लिए समय पूर्व सजा से रिहा किया जाये। इस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में बदला था।

## दुष्कर्म के आरोपी मो तबरेज आलम को आजीवन कारावास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने आरोपी मो तबरेज आलम को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। गोड्डा कोर्ट में गुरुवार को फैसला सुनाया गया। महगामा थाना क्षेत्र स्थित जट्मा निवासी आरोपी मो. तबरेज आलम पिता- मो खुर्शीद आलम के खिलाफ महगामा थाना में 14 जनवरी 2021 को नाबालिग लड़की के साथ बलात्संग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था. जहां से सुनवाई करते हुए आरोपी को सजा सुनाई है. लोक अभियोजन लुकेश हेम्ब्रम ने मामले की पैरवी की।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चार चुनौतियां जीवन की विषय पर रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अपर्णा (असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ सेंट्रल यूनिवर्सिटी, डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस) और पंकज पुष्कर रहे। मुख्य अतिथि डॉ अपर्णा ने विद्यार्थियों को बताया कि अपने जीवन की चुनौतियों का सामना सकारात्मक रूप से हम किस प्रकार कर सकते हैं। साथ ही बच्चों का आत्मबल बढ़ाने के लिए तथा सही चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। पंकज पुष्कर ने अपनी कविताओं के माध्यम से जीवन की चुनौतियों के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गिरिडीह में 15 स्कूलों के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयकुमार तिवारी ने शुक्रवार को उन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को शो-कॉज किया है, जिन्होंने स्कूलों में अभी तक इ-विद्यावाहिनी में डाटा नहीं भरा है। **इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण :** पीएनडी जैन इसरी, अल बुराहन अकेडमी, विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, बिनोद बिहारी मेमोरियल स्कूल, बिरसा विद्यालय, ग्रामीण जनता हाइस्कूल कुलगो, मदरसा नुरुल कुरान, ओसियन पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, डीवीसी जूनियर अकाडमी, एमएलएस हाइस्कूल निमियाघाट, मानव विकास विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु निकेतन, आरपी प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल गुलीडांडी शामिल है।

## गिरिडीह के धनवार पत्थर खदान में हुई घटना की जांच शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खदान संचालक की लापरवाही आयी सामने**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के धनवार थाना इलाके के पारोडीह पत्थर खदान में बुधवार को एक पोकलेन समेत हाईवा पर बड़ा चट्टान गिरने से ड्राइवर सिकंदर पंडित की मौत मामले की जांच खुद राज्य के डीजीएमएस ने शुरू किया है तो घटना के दूसरे दिन गुरुवार को ही इसी पत्थर खदान से एक और शव के निकाले जाने की खबर चर्चा में तो जरूर रहा, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी।

संभावना यह भी जतायी जा रही है कि घटना के वक्त खदान में कई और लोग उत्खनन करने के काम में लगे हुए थे। वैसे घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को डीजीएमस मामले को लेकर काफी नाराज दिखे और बातचीत में कहा की खदान में स्पष्ट तौर पर लापरवाही हुई है। जांच के बाद साफ हो पायेगा की घटना का कारण क्या है और जांच के बाद जो सामने आयेगा, उसके अनुसार खदान के लीज धारक शिव ज्योति नेस्टॉन माइंस के प्रोपराइटर सुदामा यादव के खिलाफ केस भी दर्ज किया जा सकता है।

डीजीएमस ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच वो खुद कर रहें हैं तो उनके साथ डिप्टी डीजीएमएस भी शामिल हैं क्योंकि मानकों के अनुसार खदान से पत्थर का उत्खनन भी नहीं हो रहा था। तीन सौ फीट के बाद आगे के उत्खनन के लिए डीजीएमएस स्तर पर मंजूरी की जरूरत होता है और तीन सौ फीट के बाद आगे के उत्खनन के लिए मंजूरी नहीं ली गयी थी। जबकि खदान की गहराई ही बता रहा है की करीब 500 सौ फीट उत्खनन हो चुका था जो बगैर मंजूरी के ही था।

## झारखंड में एनर्जी ट्रांजिशन को बढ़ावा देने के लिए सीड और ओपन एनर्जी ट्रांज़िशन के बीच एमओयू

# बॉटम-अप एनर्जी प्लानिंग से मजबूत होगी सस्टेनेबल ट्रांजिशन की प्रक्रिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) और जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था 'ओपन एनर्जी ट्रांजिशन (ओइटी) झारखंड में एनर्जी ट्रांजिशन से जुड़े भावी परिदृश्य पर रिसर्च स्टडी के लिए सहयोग करेंगे। सीड झारखंड सरकार के सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स के टेक्निकल पार्टनर के रूप काम कर रहा है, इसलिए यह शोध-सहयोग राज्य को ओपन सोर्स टूल पर आधारित एनर्जी मॉडलिंग और अक्षय ऊर्जा की संभावनाओं के आकलन (रिन्यूएबल रिसोर्स पोटेंशियल मैपिंग) पर आधारित रिसर्च को बढ़ावा देगा। एमओयू पर सीड के सीइओ रमापति कुमार और ओपन एनर्जी ट्रांजिशन (ओइटी) के सीइओ मैक्समियां पारजान ने हस्ताक्षर किये। इस बारे में सीड के सीइओ रमापति कुमार ने बताया कि हमें ओइटी जैसी प्रतिष्ठित संस्था से जुड़ कर खुशी हो रही है। यह कंपनी दुनिया भर में ओपन सोर्स और ओपन डाटा एनर्जी मॉडलिंग टूल 'पाइपीएसए मीट्स अर्थ इनिशिएटिव' के सह-निर्माता के रूप में प्रसिद्ध है। यह टूल आर्थिक पहलुओं और एनर्जी सिस्टम मॉडल को समग्र रूप से विश्लेषित करता है। इस सहयोग का उद्देश्य राज्य में ओपन सोर्स टूल्स के जरिये ऊर्जा



क्षेत्र के विभिन्न दीर्घकालिक परिदृश्यों का आकलन और विश्लेषण करना है, जो एक बॉटम-अप ऊर्जा मॉडल तैयार करेगा। आम तौर पर इस तरह के एनर्जी मॉडलिंग जैसे शोध-अध्ययन राष्ट्रीय वैश्विक स्तर पर होते हैं, लेकिन देश में पहली बार राज्य स्तर पर ऐसा रिसर्च झारखंड में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के जरिए ऊर्जा प्रणाली विश्लेषण के लिए एक ओपन रिपॉजिटरी बनेगी और वर्तमान और भविष्य के उपयोग के लिए एनर्जी डाटा बेस तैयार किया जायेगा। निष्कर्ष के रूप में कहा जाये तो यह पहल झारखंड में एनर्जी ट्रांजिशन की प्रक्रिया को गति देने में टास्क फोर्स और राज्य सरकार को सहयोग प्रदान करेगा। इस विषय पर ओपन एनर्जी ट्रांज़िशन के सीइओ मैक्समियां पारजान ने बताया कि एनर्जी ट्रांजिशन पर समाधान-आधारित पहल के लिए सीड के साथ मिल कर काम करने के लिए हम भी उत्साहित हैं। ओइटी अक्षय ऊर्जा क्षमता आकलन और ओपन सोर्स एनर्जी मॉडलिंग में तकनीकी सहायता देगा। तकनीकी-आर्थिक दृष्टिकोण के साथ एनर्जी ट्रांजिशन के भावी परिदृश्यों का अध्ययन करने से क्रॉस सेक्टोरल रोड मैप तैयार करने में मदद मिलेगी। यह रोड मैप सरकारों और अन्य संस्थाओं को स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी पहल लेने और न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन अर्थव्यवस्था के निर्माण में सहयोगी सिद्ध होगा। हमारे ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी सोलूशंस से विविध स्टेक होल्डर्स को कई तरह के विकल्पों को चुनने और बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। हम साझा रिसर्च-स्टडी के जरिये एनर्जी ट्रांजिशन से जुड़े सततशील और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# हजारीबाग-कोडरमा में वट सावित्री पूजा की धूम

## वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिनों की भीड़ उमड़ी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में शुक्रवार की सुबह अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने जगह-जगह वट सावित्री पूजा की। कोडरमा में महिलाएं समूह में निकली और और विधि विधान से बरगद के पेड़ पर पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। पुजारियों को दान दक्षिणा भी दिया। व्रती महिलाओं ने 108 बार बरगद की परिक्रमा की। शहर के थाना परिसर, ध्वजाधारी, कोडरमा बाजार सहित सभी मुहल्लों में महिलाएं हाथ में पूजा की थाली और जल लेकर प्रसाद के रूप में थाली में गुड़, भींगे हुए चने, आटे की बनी मिठाई, कुमकुम, रोली, पांच प्रकार के फल, पान का पत्ता, धूप, दीप और बांस का पंखा लेकर नजदीकी वट वृक्ष के पास पहुंचीं और पूजा अर्चना की। वट वृक्ष को पूजने के लिए महिलाओं ने अपनी मान्यता के अनुसार 5, 7, 11, 21, 51, और 101 बार वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसमें सूत बांधा। महिलाओं ने आशीर्वाद के रूप में वट वृक्ष के पत्ते को अपनी चोटी में सजाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगायी। इसके बाद पुजारी से वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। सावित्री ने यमराज से हठ कर वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति की जान बचायी थी। घर आकर महिलाओं ने पति के पैर पघारे, शर्बत-पानी दिया और बेनी (बांस से बने पंखे) झेले। कई महिलाओं ने शुक्रवार को पूरे दिन उपवास रहकर व्रत रखा।

## जयनगर में धूमधाम से हुई वट सावित्री की पूजा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना के उद्देश्य से वट वृक्ष की पूजा धूमधाम से की। मान्यता के अनुसार वट वृक्ष की पूजा करने से सुहागिन महिलाओं के पति दिर्घायु होते हैं तथा उसके जीवन में सफलता का द्वार खुलता है। इस वर्ष के वट सावित्री पूजा में नव दंपतियों की विशेष भीड़ देखी गयी। इस वर्ष विवाह ने हर वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे लेकर नव दंपति की भीड़ वट वृक्ष की पूजा करते हुए अत्यधिक संख्या में पाया गया। वहीं आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, पंडित विष्णु कांत शास्त्री, आचार्य शंकर पांडेय, धीरज पांडेय सहित कई वैदिक ब्राह्मणों ने वट वृक्ष की पूजा संपन्न करवाया। महिलाओं ने वटवृक्ष में धागा बांधकर पति की लंबी आयु की कामना किया। पूजा के दौरान सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया गया। वहीं महिलाओं ने चना, गुड़, मिसरी, आम, सेव, केला इत्यादि फलों का भोग लगाकर विधि विधान से वट सावित्री की पूजा संपन्न किया गया। मौके पर मुखिया रुपाली कुमारी, आशा देवी, सविता देवी, पंचायत समिति सदस्य आरती देवी, बबीता देवी, शीतल, मंजू , सोनी, विद्या, रीता, कविता, गीता, मधुबाला, मीना, चिंता, देवंती, प्रिया, अन्नपूर्णा, बेबी, पूनम, अंजु देवी, सुजाता, उर्मिला, प्रमिला सहित कई लोग मौजूद थे।

## पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** पति की लंबी उम्र की कामना के लिए प्रखंड क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा किया शुक्रवार को पहले सुबह से आस-पास के क्षेत्रों में स्थित वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ लग गयी थी जबकि पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कर सावित्री और सत्यवान के पावन कथा को श्रवण किया प्रखंड के पेटो, कराली, केरेडारी, पचड़ा, चट्टी बरियातू, कंडाबेर, बरियातू, गर्री कला, पाण्डु,सलगा, पताल, बुंडू सहित सभी पंचायतों में भी वट सावित्री का पूजन हुआ है। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने संपूर्ण भक्ति भाव से पूजन कर कथा श्रवण किया विदित हो की ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाएं पुरे भक्ति भाव से वट वृक्ष की पूजा अर्चना अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर करती हैं।

## वट वृक्ष के नीचे उमड़ी हजारों सुहागिन महिलाओं की भीड़



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सुहागिन महिलाओं की विशिष्ट पर्व वट सावित्री पूजा श्रद्धा के साथ मनायी गयी। भीषण गर्मी को देखते हुए, सुहागिन महिलाएं अहले सुबह से ही पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। महिलाएं वट वृक्ष के पास उपस्थित होकर पूजा अर्चना की और पुरोहित मनोज पांडे के द्वारा सावित्री और सत्यवान की कथा सुनायी गयी। पूजा के दौरान पति की दीघार्यु सुख समृद्धि के लिए वटवृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधकर माता सावित्री से कामना किया गया। वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर लगाकर वट सावित्री पूजा की शुभकामनाएं दी। वट सावित्री पूजा प्रखंड के बड़कागांव डेली मार्केट में सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ देखी गयी । इसके अलावा अन्य कई गांव में वट सावित्री पूजा की गयी । सावित्री पूजा करने वाले सुहागिन महिलाओं में प्रीति कुमारी, पूनम देवी, प्रीति कुशवाहा, अनुष्का कुमारी, मानती कुमारी, अंजू देवी, माया कुमारी, रूबी देवी, राजनंदनी देवी, चिंता देवी, पार्वती देवी, कुमकुम देवी, सरिता देवी ,सविता देवी ,आशा सिन्हा, माया सिंहा, आशा मेहता, सुनीता सिन्हा, मीना सिंहा, रेनू सिंहा, राज सिंहा, सीमा सिंहा , नेहा सिंहा, के अलावा सैकड़ो सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना में शामिल हुए।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा की । इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं अहले सुबह से ही वट वृक्ष के समीप जाकर पूजा अर्चना करते देखी गयी। पूजा दोपहर तक चला । बताते है कि वट सावित्री पूजा पति की लंबी आयु के लिए की जाती है । और पुत्र की प्राप्ति होती है। सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा कर सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी। इस अवसर पर विष्णुगढ़ रमुआ, चेडरा , नावाडीह, भेलवारा, गोविंदपुर, बनासो, नरकी, कोनारडैम, करगालो, चानो, सारूकुदर, सिरय, अचलजामु, अलपिटो, वराय समेत प्रखंड के विभिन्न गांवों में वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।

## वट सावित्री पूजा: पतियों के लिए मांगी लंबी आयु



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पति की लंबी आयु के लिए रखी गयी है वट सावित्री की पूजा, टाटीझरिया में जगह-जगह सुहागिन महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार कर वट सावित्री की पूजा का आयोजन किया गया था। महिलाओं के द्वारा पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की गयी। प्रखंड के खैरा, अमनारी, झरपो, टाटीझरिया, भराजो गोधिया, नारायणपुर, बेडमक्का, डहरभंगा, केसड़ा, डूमर, धर्मपुर, खंभवा, होलंग, सहित अन्य गांवो में महिलाएं उपवास कर दोपहर में वट वृक्ष के नीचे महिलाएं जुटीं और पूजा कीं। पश्चात प्रसादी वितरण भी किया गया। इसके पश्चात पति की विधिवत पूजा करके पंखे और अपने पल्लू से हवा दिया। उसके बाद पति को भोजन कराकर अपना व्रत तोड़ा। पूरे प्रखंड में जगह जगह ऐसे पूजन का आयोजन देखा गया। महिलाओं में इस व्रत को लेकर अच्छा उत्साह था। पतियों ने अपनी पत्नी को उपहार भी दिया।

## महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना की



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय समेत पूरे ग्रामीण क्षेत्र में पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार करके बरगद पेड़ के चारों ओर फेरे लगाकर अपने पति के दीघार्यु होने की प्रार्थना की । व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं का हुजूम क्षेत्र के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने विधि विधान के साथ वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। हरी, लाल, पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने इस पर्व को लेकर व्रत धारण की। उन्होंने पूजन के उपरांत सदा-सुहागिन रहने की मनोकामना की। क्षेत्र में एक भी स्थान नही था जहाँ पर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करते नही देखी गई हो। प्यार, श्रद्धा और समर्पण का यह व्रत सच्चे और पवित्र प्रेम की कहानी कहता है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन मां सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी।व्रत को लेकर रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं की भीड़ देखी गई वह काफी उत्साहित थीं। महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना की।

## स्वच्छता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केटीपीएस के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बच्चों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने वाक कौशल और उत्कृष्ट अभिनय से सबका मन मोह लिया। नुक्कड़ नाटक में साक्षी प्रसाद, भैरवी, पारुल, आर्यन मंडल, आरुष कुमार, अयांश राज ने मुख्य भूमिका निभायी। नाटक के अंत में बच्चों ने स्वच्छता पर कई नारे भी लगाये और परिवेश की सफाई भी की गयी और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मौके पर मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट अरविंद कुमार ने भी अपने दल के साथ उपस्थित होकर सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुजूर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि शंकर कुमार, नरेश कुमार साव, डेनियल, संतोष, प्रभु महतो, संदीप प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, कीर्तिबस मंडल, राजू बैठा, सुधीर कुमार, अरुण कुमार, दिनेश कुमार सिंह, बलजीत कुमार सहित सैकड़ों स्थानीय, केटीपीएस के कई अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

## अनुश्रवण दल ने योजनाओं का निरीक्षण किया



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अनुश्रवण दल के द्वारा केरेडारी प्रखंड के कराली, सलगा और केरेडारी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कई विकास कार्यो का जायजा लिया या दौरान कराली में मनरेगा के तहत नारायण तिवारी के यहां निमार्णाधीन बागवानी, नंदकिशोर तिवारी और अजय तिवारी के यहां कूप, श्रुति देवी के यहां शेड और नरेश भुइयां, अशोक भुइयां, भृगु भुइयां, बंधनी देवी के यहां निमार्णाधीन पीएम आवास का निरीक्षण भी किया निरिक्षण के दौरान बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा ने लाभुकों को गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया जबकि जेएसएलपीएस से संचालित सीएससी सोनी देवी, महिला मंडल सदस्य का आवंटित है, का भी जाँच कर पूरी जानकारी लिया निरीक्षण के दौरान केरेडारी बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा, बीपीओ सुमन कुमार, प्रखंड प्रबंधक चंदन शर्मा, विकास कुमार, रोजगार सेवक जुगेश, नंदकिशोर कुमत, शशि कुमार, बलिन्द्र कुमार, हारून रशीद, अनीश रवि, बीएफटी प्रभु राम, अर्जुन राम और महेश सोनी मौजूद थे।

## कोठियार जंगल में शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पंचायत कोठियार के दूरस्थ मुर्गियाचक गांव के आसपास जंगलों में शुक्रवार को सतगावां पुलिस ने जैप जवानों के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया। इस छापेमारी में सुदूरवर्ती मुर्गियाचक और आसपास के जंगली इलाकों में छापेमारी कर 300 किलोग्राम जावा महुआ के साथ 2 भट्ठियों व दर्जनों ड्रम को ध्वस्त किया गया। साथ ही शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए अवैध रूप शराब नहीं बनाने की अपील किया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने बताया कि सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के जंगल में अवैध शराब की भठ्ठी संचालित को लेकर मुखिया सहित ग्रामीणों का विरोध की खबर अखबारों में प्रकाशित हुई थी जिसे स्थानीय पुलिस ने जैप के जवानों के सहयोग से छापामारी कर कार्रवाई कर नष्ट किया गया। छापामारी अभियान में स्थानीय थाना से थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, स्थानीय पुलिस व जैप के जवान मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रिक्शा चालक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना के समीप शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए कोडरमा स्थित एक निजी क्लिनिक लाया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान दुगार्पुर निवासी गोविंद बाऊरी पिता नागेश्वर बाउरी के रूप में हुई है। फिलहाल घायल का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है। रिक्शा चालक डोमचांच में किराए पर रह कर रिक्शा चला कर अपना जीवन यापन करता है।

## बरकट्ठा और गोरहर में नये थाना प्रभारी ने योगदान दिया





आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा. गोरहर थाना प्रभारी के रूप में मुकेश कुमार ने अपना योगदान दिया. वर्तमान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा से नये थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने अपना पदभार लिया। नव पदस्थापित मुकेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आम लोगों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना, शांति व्यवस्था कायम करना तथा अपराधिक गतिविधियों एंव साइबर पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने आम जनता से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने कि अपील किया। जानकारी हो पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने गोरहर थाना प्रभारी का स्थानांतरण यातायात थाना हजारीबाग कर दिया है. जबकी मुकेश कुमार को सदर थाना हजारीबाग से गोरहर थाना भेजा है । बरकट्ठा थाना प्रभारी के रूप में दिनेश कुमार ने अपना योगदान दिया। वर्तमान थाना प्रभारी विक्रम कुमार से नये थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने अपना पदभार लिया। नव पदस्थापित दिनेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आम लोगों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना, सभी लोगों को साथ लेकर चलना, शांति व्यवस्था कायम करना प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस प्रशासन को सहयोग करने कि अपील की है।

आम लोगो से मधुर संबंध बनाकर आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने का प्रयास किया जाएगा. जानकारी हो पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने बरकट्ठा थाना प्रभारी का स्थानांतरण चरही थाना कर दिया गया है। जबकी दिनेश कुमार को कटकमदाग से बरकट्ठा थाना भेजा है।

## राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में समर कैंप का समापन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित न्यू कॉलोनी मे शुक्रवार को राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह समर कैम्प दिनांक 17 मई से 19 मई तक के लिए आयोजित था। जिसमें कक्षा प्रथम से सप्तम तक के बच्चों ने भाग लिया साथ ही अन्य विद्यालय के बच्चे भी इस कैम्प में तीनों दिन उपस्थित हुए। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, कला में रुचि जागृत करना है। इसके लिए तीनों दिन अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित किये गए जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गोली चम्मच रेस, गणित रेस, क्रिकेट, चित्रकला, नृत्य-संगीत, सामान्यज्ञान क्वीज जैसी कई आकर्षक प्रतियोगिताएँ हुई और बच्चों ने खूब आनंद लिया। कक्षा प्रथम के बच्चों के लिए स्वीमिंग पूल की व्यवस्था भी की गई जिसमें कक्षा प्रथम के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ आनंद लिया। सह कार्यक्रम विद्यालय के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया। समापन कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर सम्पा सिंह जी उपस्थित हुई और बच्चों को आशीर्वचन दिया। इस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य निखर कुमार और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## विधायक अंबा प्रसाद ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती ग्राम लोहरा और पताल के ग्रामीणों को 25 और 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है, ग्रामीणों ने इस गांव में विगत दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दूरभाष के माध्यम से दिया जिसके बाद विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली संकट से लोगों को हो रही परेशानी और बच्चों को पठन-पाठन में हो रहे दिक्कतों का सामना पर तुरंत संज्ञान लिया और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, ट्रांसफार्मर मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि समूचे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे बिना किसी संकोच के बताएं ताकि समस्या को दूर किया जा सके इस अवसर पर मनातू पंचायत के अध्यक्ष संतोष शर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, प्रभु गंजू, कुलदीप गंजू, देवदारी गंजु, बुधन गंजू, कुलेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, पिंटू मुंडा, बाबूलाल मुंडा, नरेश गुप्ता, शिवनारायण मुंडा, राम चरण महतो, मनोज मुंडा समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

## दारू प्रखंड 20 सूत्री समिति की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** परिसदन में गठबंधन दलों के सभी 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की बैठक दारू प्रखंड अध्यक्ष शशि मोहन सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में समन्वय स्थापित कर सरकार के कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने के लिए सर्वसम्मती से एक समिति का गठन किया गया। जिसमे दारू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह को संयोजक, इचाक 20 सूत्री अध्यक्ष के मनोहर राम को उपसंयोजक तथा पदमा के संजय यादव को मिडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में शशि मोहन सिंह, मनोहर राम, सरयू यादव, संजय यादव, अर्जुन राम, प्रदीप प्रसाद, सुनील ओझा, हाजी तबस्सुम, गिरजा साव, राजीव मेहता,, रवि सिंह, शिव कुमार सोनी, गौतम मेहता, लाल मोहन रविदास, गोबर्धन गझू, अजित सिंह, विकास यादव, कूदरीस अंसारी, छोटे लाल बेसरा, कैलाश पति देव, नरसिंह प्रजापति, मोईनुद्दीन आदि लोग उपस्थित थे।

## जनता दल यूनाइटेड का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रधान कैफेटेरिया बुढ़वा महादेव के पास दिन के 12 बजे जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग का कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत की गयी है। इस सम्मेलन में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी और राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष माननीय खीरू महतो शिरकत करेंगे। सम्मेलन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मीडिया से मुखातिब होंगे। उक्त जानकारी जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने दी।

## जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार के पिता का निधन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** जीएम कॉलेज इचाक के प्रभारी पंकज कुमार के पिता जयलाल मेहता का निधन शुक्रवार सुबह हो गया। वे क्षेत्र के समाजसेवी थे। अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गये। पूरा परिवार को पालन पोषण कर पूरा संयुक्त परिवार को अपने समाज में एक मिशाल कायम किये। आज पूरा समाज और गांव के लोग अपनी नम आंखों से विदाई दी। उनके सामाजिक कार्य को देख कर पूरा गांव के लोग भी रो पड़े। बड़े पुत्र परमेश्वर मेहता ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में सैनाथ प्रसाद मेहता, राजकुमार मेहता, जीएम कॉलेज इचाक के प्रभारी पंकज कुमार, कलावती देवी, सरिता देवी, मनिता देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार, रंजन कुमार, रत्नेश कुमार, दयानंद यादव, राजेंद्र यादव, उमेश ठाकुर, कृष्णदेव यादव, नारायण मेहता, सरोज मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

## गरीब बच्चियों को शिक्षा से वंचित करने पर होगा जनआंदोलन: बटेश्वर मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इंटर का नामांकन फार्म लेने पहुंचे अभिभावकों को केबी महिला महाविद्यालय के गेट से ही वापस किया गया, जिसके बाद कई अभिभावक भाजपा नेता सह समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता के आवास पहुंच अपनी व्यथा सुनायी। बटेश्वर मेहता ने चेतावनी देते हुए महाविद्यालय को आगाह किया की ग्यारहवीं में नामांकन से पहले इस तरह की हरकत से बाज आए प्राचार्या और उनकी टीम, नहीं तो जनआंदोलन होगा। पचास वर्षो से हजारीबाग के तीस किलोमीटर की परिधी का एकमात्र पुर्णतः महिलाओं का महाविद्यालय जहाँ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से गरीब बच्चियाँ पढने आती हैं। उसे वर्तमान प्राचार्या नष्ट करना चाहतीं हैं। अन्य नीजि कॉलेजों में इंटर की इसी पढाई के लिए आठ से बारह हजार रुपये तक खर्च होता हैं वहीं यहां यह मात्र दो से तीन हजार में हो जाता है। इंटर की पढाई के लिए सबसे मजबुत शिक्षकों की टीम यहीं है। डेढ़ से दो हजार से ज्यादा छात्राए प्रतिवर्ष यहाँ शिक्षा प्राप्त करती है। लाखों छात्राए यहाँ शिक्षा प्राप्त कर चुकी हैं आज भी यहाँ इण्टरमीडिएट में नामांकन के लिए भीड उमडती है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि वर्तमान प्राचार्या और इंटर इंचार्ज इस संदर्भ में गैरजरुरी पत्राचार कर रही है। मगर इंटर बंद करने का उनका प्रयास स्वीकार्य नहीं होगा।

## महाविद्यालय के शिक्षकों ने किया सामूहिक विरोध



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राजभवन द्वारा अवकाश कैलेंडर में अचानक ग्रीष्मावकाश में की गयी कटौती के विरोध में चतरा महाविद्यालय के शिक्षकों ने सामुहिक विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना है कि राजभवन द्वारा अचानक अवकाश में कटौती के कारण शिक्षकों के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा । शिक्षकों का कहना है कि पूर्व में जो भी विश्वविद्यालय आयोग द्वारा अवकाश निर्धारण के लिये कमिटि बनी होगी वह बहुत सोच-समझकर ही अवकाश का निर्धारिण किया होगा। अवकाश के दौरान शिक्षक शोध कार्य करने, पूर्व निर्धारित सेमिनार, कॉन्फ्रेंस या कार्यशाला आदि में भाग लेने के अलावे अन्य शैक्षणिक कार्य के लिए विदेशों का भ्रमण के लिए पूर्व से ही अपना कार्यक्रम तय करते हैं। इस आदेश को स्थगित नहीं किया जायेगा तो सारे शैक्षिक कार्यक्रम पर इसका नकारात्मक प्रभाव पडेगा। साथ ही प्रचंड गर्मी में छात्र-छात्राओं के बीमार पडने की आशंका प्रबल होगी। उन्होनें आरोप लगाया है कि राजभवन को भ्रम में डालने वाले विद्ववत जन झारखंडवासियों को परेशान कर रहे है। महामहिम राज्यपाल के निदेर्शानुसार अवकाश 1 जून से प्रभावी होना है लेकिन कुछ भूतलक्षी प्रभाव से इसे लागू कर दिया गया है, जो सरासर छात्र और शिक्षकों के प्रति अन्याय है। जिसका सभी शिक्षक-शिक्षकायें कडा विरोध करते हुये इसकी निंदा करते है और आदेश वापस लेने की मांग करते है।

## डीएफओ ने किया चेकडैम का निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार ने हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठनगर थाना के दंतार गांव के परमाचक और करेलीवार के कोल्हुआ गांव का दौरा किया। इस दौरान वन विभाग द्वारा बन रहे विशाल चेक डैम का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि चेकडैम बन जाने से आसपास के कयी गांव के किसान लाभान्वित होगें। उन्होनें ग्रामीणों से अपील किया है कि ग्रामीणों सुविधा के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं ताकि इस क्षेत्र के किसान वनों की कटाई कर वनभूमि पर पोस्ता की खेती करने वाले किसान आने वाले समय में इस अवैध कार्य को छोडकर नयी तकनीक से सब्जी एवं फूलों की खेती कर आत्मनिर्भर बनें। क्षेत्र के विकास के लिए प्रखंड और जिलास्तर से भी अनेक विकास कार्य किये जा रहे हैं। जिसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिये। इस मौके पर प्रभारी वनपाल अमित रंजन, वनरक्षी नीतीश कुमार, सुधीर कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## योग्य लाभुक को आंबेडकर आवास योजना देने की मांग

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के उपप्रमुख राहुल गुप्ता ने जोरी कला पंचायत में पूर्व और वर्तमान वितीय वर्ष में बिना ग्राम सभा के मनमाने तरीके से आंबेडकर आवास योजना का लाभ दिलाने का आरोप लगाया है। उपप्रमुख ने आरोप लगाया है कि पूर्व में पक्का मकान वालों को भी आवास आबंटित किया गया हैं। उन्होंनें प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच कर योग्य लाभुक का चयन कर उन्हें लाभ दिये जाने का आग्रह किया है।

## किंडर गार्डन के बच्चों के बीच पाम प्रिंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एह्लला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में वार्षिक क्रियाकलाप श्रृंखला के तहत शुक्रवार को पाम प्रिंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के किंडर गार्डन के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के तमाम बच्चे शामिल हुये। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हथेली को रंगों में डुबोकर सुंदर छाप उकेरे और उसे मनमोहक चित्रों से सजाया। इसमें खास बात यह रही कि बच्चों ने ना सिर्फ चित्र बनाया बल्कि पर्यावरण व समाज के लिए जागरूकता भरा संदेश भी दीया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर चित्र बनाए और उसे उत्साह पूर्वक अभिभावकों को दिखाया। मौके पर किंडर गार्डन की प्राचार्या अंजू पटेल ने बताया कि हमारा विद्यालय ऐसे आयोजनों के जरिए बच्चों की प्रतिभा निखारता है। पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के क्रिया-कलापों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति मन लगा रहता है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले प्रत्येक कक्षा के सफल 10 होनहार बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार व प्राचार्या अंजू पटेल ने सम्मानित किया। कक्षा नर्सरी से दिव्यांशु कुमार बेदीया प्रथम, प्रभास कुमार बेदीया द्वितीय और अलीशा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा एलकेजी से इकरा फातिमा प्रथम, प्रियांशु कुमार द्वितीय और विवेक कुमार बेदीया को तृतीय स्थान मिला। जबकि कक्षा यूकेजी से ओम कुमार प्रथम, सूर्यांश कुमार दास द्वितीय और श्रेयसा सौम्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बाकी अन्य सात बेहतरीन चित्रकारी करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों के साथ-साथ प्रतियोगिता में शिक्षिकाएं व शिक्षक वर्षा टेटे, सपना मिंज, टिवंकल पॉल, शीला देवी, सरिता देवी, सिद्धार्थ कुमार व वैभव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संचालित करने और संपन्न करने में विद्यालय के 12वीं कक्षा की विद्या कुमारी, मानसी सिंह, विद्या शर्मा, टीया कुमारी, नेहा कुमारी महतो आदि छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा अर्चना की



**चतरा (आजाद सिपाही)।** अखंड सुहागिन और अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। शहर के विभिन्न स्थानों के अलावे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने बरगद पेड़ के नीचे पूजा अर्चना कर मौली धागा से वृक्ष के फेरे लगाये और सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी। इस मौके पर महिलायें एक दूसरे को सिन्दुर लगाकर अखंड सुहागिन होने की कामना भी की। इस मौके पर शहर के गन्दौरी मंदिर के समीप काफी संख्या में महिलायें वटवृक्ष की पूजा-अर्चना कर रही थी। इसी दौरान अगरबत्ती जलाने के क्रम में पूजास्थल पर रखे सामानों में आग लग गयी, जिसके बाद आग वृक्ष में लपेटे धागों तक पहुंच गयी । जिसके बाद महिलाओं के बीच अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों के प्रयास से आग बुझाने के दौरान अग्निशमन वाहन भी पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिसके बाद महिलाओं ने पुन: पूजा अर्चना प्रारंभ की।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

## पूरे कोयलांचल में वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को अपनी पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री का पूजन अर्चना कर पति के दीघार्यु के लिए कामना की। शहर से लेकर पूरे कोयलांचल में वट सावित्री पूजा की धूमधाम से मनायी गयी। व्रत रखकर महिलाओं ने बरगद के वृक्ष की पूजा कर पति और परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। वही, इस मौके पर सावित्री और सत्यवान की कथा का भी श्रवण किया। मंदिरों और वट वृक्ष पर सुबह से सुहागिन महिलाओं की भीड़ देखी गयी। सुहागिन महिलाएं अपने पति की रक्षा और संतान की प्राप्ति के लिए नये वस्त्र धारण कर बांस का बना पंखा, पांच प्रकार का पकवान, मौसमी फल, धूप बत्ती और अक्षत लेकर सुबह से ही पूजा-अर्चना करते नजर आयी। जल, चंदन, रोली, धूप, दीप आदि अर्पण कर कच्चे मौली धागा वृक्षों के तने में लपेट कर सात फेरे लिये।

### महिलाओं ने सुनी कथा

वट सावित्री पूजा को लेकर श्री श्री मनसा पूजा समिति पारसोतिया में बट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना की। वर्ती के लिए समिति की ओर से शीतल जल और शरबत की व्यवस्था की गयी, सुहागिन महिलाओं को पुजारी सुशांत पांडेय ने पूजा और कथा करवाया। इस मौके में समिति के सदस्य लेखराज महतो, नितेश दांगी, टिंकू कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, रवि कुमार, श्रवण कुमार, कपिल प्रियदर्शी, कृष्ण कुमार, नमित कुमार, चंदन कुमार, बलराम कुमार, राजू कुमार, अंकित कुशवाहा, अमित कुशवाहा, राजू कुशवाहा, विनोद लाला, सतीश कुशवाहा, अनिल साहू आदि उपस्थित थे।

### जानें क्या है महत्व

ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र पेड़ के नीचे पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार जिस तरह सावित्री ने अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लायीं थीं, उसी तरह इस शुभ व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को एक सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## जदयू जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कुजू में संपन्न

# आदिवासी की लड़ाई में खड़ा है जदयू: अशोक चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुजू।** जनता दल यूनाइटेड का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को अक्षत वेंकवेट हॉल कुजू के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू और संचालन जिला प्रभारी राजू महतो व रमेश राम ने की। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू की अगुवाई में माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने पार्टी के संगठन, आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में जीत व भागीदारी सुनिश्चित को लेकर अपना अपना वक्तव्य दिया। साथ ही, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को आगामी संसदीय चुनाव 2024 में देश का बेहतर पीएम के रूप में बनाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बतौर मुख्य अतिथि मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सपना तो साकार हुआ। लेकिन झारखंडियो का सपना अभी भी अधूरा है। झारखंड के चहुमुखी विकास कि कोई ठोस नीति अब तक नहीं बन पाई है। जिससे खनिज संपदा एवं प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद आपसी राजनीतिक व विचारधारा के कारण झारखण्ड का विकास हाशिए पर है। उन्होंने झारखंड की जमीन को सींचने की जरूरत बताते हुए उर्वरा झारखंड बनाने की बात कही। आने वाले भविष्य में जदयू सांगठनिक मजबूती के साथ झारखंड की जनता के साथ खड़ा है। जहां झारखंड को कई पार्टियों ने अपने हित में कार्य किया है, जबकि जनता को नकारा भी है। वही, चर्चित कुर्मी आबादी को आदिवासी आरक्षण दर्जा दिलाने के लिये प्रयासरत है। अंतिम स्तर तक जदयू आरक्षण दिलाने के लिए लड़ेगी। वही, खीरू महतो ने कहा कि देश की जनता ने जिस विश्वास के साथ केंद्र में भाजपा को चूना। उसमें सरकार ने जनता के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया है। अब समय आ गया है कि केंद्र से भाजपा को हटाकर आने वाले समय में जन जन के नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को प्रधानमंत्री बनाया जायेगा। साथ ही, झारखंड संगठन मजबूती के साथ कार्य में जुटा है। आगामी चुनाव में संगठन अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। अगर गठबंधन होती है तो भी हमारी उम्मीदवारी होगी। उन्होंने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर माह में रांची में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम तय है जो भव्य होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने खीरू महतो जैसे सामान्य कार्यकर्ता को राज्यसभा सांसद के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, जिसके लिए उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद। हमारा लक्ष्य है कि झारखंड में मजबूत संगठन साबित हो और चुनाव में जीत मिले। सम्मेलन में कुमेश्वर महतो, राधेश्याम महतो, मनोज राय, मेघनाथ महतो, उमेश साहू, अकबर अंसारी, मोइन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रामाकांत पटेल,, धर्मेंद्र सिंह, अफरोज, विनोद प्रसाद, पवन करमाली, पंकज कुमार महतो, राजेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मारवाड़ी युवा मंच ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लगातार बढ़ते गर्मी को देखते हुये मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान मंच के पदाधिकारियों ने शहर के सुभाष चौक, नईसराय, चट्टी बाजार, बाजार टांड़, पटेल चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच लस्सी, सेव, जूस, गमछा का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष निलिंद अग्रवाल ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस मौसम की परवाह किए बिना सड़कों पर खड़े रहकर काम कर रहे है जो यह स्वागत योग्य है। उन्होंने बताया कि मंच के द्वारा किए गए इस कार्य से उनके चेहरों की मुस्कान बयां कर रही है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में मारवाड़ी युवा मंच इस कार्यक्रम को करती है। सेवा के लिए तत्पर रहने वाले पुलिस बंधुओ का सम्मान करने और उनका आभार व्यक्त करने के लिए मारवाड़ी युवा मंच यह कार्य करती है। मौके पर मंच के अध्यक्ष निलिन्द अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, श्रृंजय मेवाड़, नरेश अग्रवाल, आशीष जैन, विजय खंडेलवाल, राहुल जैन, निखिल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, राहुल पिलान्या आदि शामिल थे।

## औद्योगिक इकाइयों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में शुक्रवार को रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2021-22 के लिए विभिन्न उद्यमों में आये हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट, और अन्य अधिकारियों के प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी समीर कुल्लू और सभी गणमान्यों द्वारा सांख्यिकी के जनक डॉ प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का मंच संचालन कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी नेमीचंद कुमार ने किया।

**डॉक्यूमेंट्री वीडियो के द्वारा सभी को विस्तार से दी गयी जानकारी**

कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के द्वारा उपस्थित सभी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी प्रशिक्षुकों को वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण से संबंधित डेटा ऑनलाइन मंत्रालय के पोर्टल में प्रविष्ट करने की जानकारी दी गयी। वहीं, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के वी शेखर और जयदेव कुमार ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण से संबंधित अनुसूची को भरने की जानकारी सभी को दिया। इस दौरान डॉक्यूमेंट्री वीडियो द्वारा सभी को विस्तार पूर्व अन्य पहलुओं से अवगत कराया गया।

**कार्यशाला में इन लोगों ने लिया भाग**

कार्यशाला में भाग लेने वाले उद्यमों में जिंदल स्टील से श्याम किशोर और संजीव कुमार, सेल से अभय सागर, झारखंड इस्पात से संजय गोयल और मोहित कुमार शर्मा, बिहार फाउंड्री से अतुल कुमार और सुशांत प्रसुन्न, बर्नपुर सीमेंट से चंदन शर्मा और मुकेश कुमार, ब्रह्मपुत्र से उपेंद्र कुमार, दयाल स्टील से आर के तिवारी और अमर नाथ चौधरी, त्रिवेणी अपैरल से पीयूष कुमार सिन्हा सहित अन्य उद्यमों के अधिकारी उपस्थित थे।

**ये थे उपस्थित**

कार्यशाला को सफल बनाने में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी आशीष कुमार कंधवे, सतीश गुप्ता, सर्वेक्षण पर्यवेक्षक अनुराग रंजन, सर्वेक्षण प्रगणक कुंदन कुमार साव, ब्रजकिशोर सिंह, आदेशपाल जय प्रकाश पासवान आदि उपस्थित थे।

## आइसीएसइ परीक्षा में अभिनव ने किया जिले में दूसरा स्थान प्राप्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में संेटएस स्कूल कैथा के दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 97.6 प्रतिशत मावर्स लाकर अभिनव सिंह ने रामगढ़ जिले में दूसरा स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय परिवार सहित जिले के कई लोगों ने बधायी दी है। इनके पिता डॉ शशिधर कुमार शिक्षक है, माता स्मिता सिंह गृहणी, जो स्थानीय बिजुलिया तालाब रोड स्थित दीनबंधु नगर के निवासी है। वे अपने पुत्र के रिजल्ट से काफी खुश है। उसके पिता डॉ शशिधर का कहना है अभिनव सिंह के रिजल्ट में उसके नानाजी एसडीओ पुरुलिया हरिराम सिंह का काफी सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने ही इसकी मैट्रिक परीक्षा की तैयारी करायी और सही मार्गदर्शन किया। इस उपलब्धि में उसके गणित के शिक्षक सुबीर सर का विशेष मार्गदर्शन रहा। अभिनव का लक्ष्य आइएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। अभिनव का कहना है कि उसके स्व दादा डॉ जगदीश व दादी स्व चंद्रकांति देवी का आशीर्वाद सदैव उसके साथ है। इसके कारण ही वह मैटिक की परीक्षा में बेहतर कर पाया है।

## एसबीआइ ने किया दुर्घटना बीमा क्लेम में भुगतान



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** एसबीआई जनरल इन्सुरेंस के क्षेत्र प्रबंधक सह बरकाकाना निवासी सूर्य प्रकाश राणा ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि बीते महीनों जनवरी में राज कुमार शॉव की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। पूर्व में उन्होंने पांच सौ रुपये खर्च कर दस लाख का दुर्घटना बीमा करवा रखा था। मृत्यु के उपरांत मृतक की पत्नी सुनीता देवी को दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि दस लाख का भुगतान किया गया। क्लेम राशि के भुगतान का चेक भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ समाहरणालय शाखा में बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर मिश्र की उपस्थिति में लाभुक को चेक सौपी गई।मौके पर उपस्थित एसबीआई जनरल के क्षेत्र प्रबंधक सूर्य प्रकाश राणा ने कहा कम लागत में अधिक राशि का दुर्घटना बीमा होता है जो विपरीत परिस्थितियों में आश्रितों के लिए वरदान साबित होता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभीलोगो को बीमा कराने का आह्वान किया। मौके पर शाखा प्रबंधक कृष्णेंदु सेन, शाखा कर्मचारी सपना कुमारी, राजेंद्र कुमार, एमएसएम देवेंद्र झा, सीएसएम संदीप सिन्हा, सूर्य सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने सीएससी का किया निरीक्षण

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया। इसमें विभाग के संयुक्त सचिव डॉ विद्यानंद भूषण पंकज, रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीपीएम देवेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों न सीएचसी के भवन की जर्जर हालत देखकर चिंता जाहिर की। परंतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात स्थानीय प्रबंधन से की। इसके बाद उक्त अधिकारियों ने प्रखंड परिसर में ही बन रहे प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का भी निरीक्षण किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, डॉ नितिन तुलस्यान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## बाइक की डिक्की से चोरों ने उड़ाये लाखों रुपये



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार में उच्चकों द्वारा शुक्रवार को बाइक के डिक्की से 1 लाख 80 हजार रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार घुटुवा बस्ती बरकाकाना निवासी सह भुरकुंडा रेस्ट हाउस में कार्यरत सीसीएल कर्मी धनेश्वर बेदिया सेंट्रल सौंदा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 2 लाख 90 हजार रुपए का निकासी किया था। जिसमें से 1 लाख 10 हजार रुपए सौंदा बस्ती निवासी टुकेश्वर प्रसाद को बैंक में ही दे दिया था। बाकी बचे 1 लाख 80 हजार रुपए अपने सीडी डाउन जेएच 02 जी 3313 नंबर की बाईक मेनरोड किनारे खड़ी कर सब्जी लेने चले गये। सब्जी लेकर बाईक के पास पहुंचे तो देखा कि बाईक का डिक्की खुला हुआ है और पैसे गायब है। उन्होंने बताया कि उनके बहनोई का देहांत हो गया है। उनके दशकर्म के लिए बैंक से पैसे निकाले थे। घटना के बाद उन्होंने भुरकुंडा पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## विद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आयुष विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार पतरातू प्रखंड के सभी विद्यालयों के दो-दो हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर का उच्च विद्यालय सौदा डी में 15 मई से चले रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार का समापन हुआ। सामुदायिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र नाथ तिवारी के देखरेख में मुख्य प्रशिक्षक राजन कुमार सिन्हा और सहयोगी योग प्रशिक्षका नेहल कुमारी द्वारा शिक्षकों को योगाभ्यास कराते हुए इसके लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ताकि शिक्षक-शिक्षिकाएं भी अपने-अपने विद्यालय में बच्चों को योग का नियमित अभ्यास करा सकें। शिविर में योग से संबंधित सभी आसन और प्राणायामओं का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंद संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, पद्महस्ताशन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, अर्धउष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, मरिच्यासन, भुजंगासन, शलभासन सहित विभिन्न आसनों के साथ-साथ अनुलोम विलोम, भ्रस्तिका, सूर्य नमस्कार, भ्रमरी प्राणायाम, शीतल प्राणायाम आदि योग मुद्राओं का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों ने दिया। कहा गया कि उक्त शिविर का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य व प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से योगाभ्यास कराना है। ताकि योग के प्रति बच्चे जागरूक होकर इसका लाभ उठा सकें। मौके पर सौंदा डी पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार खत्री द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण-पत्र पाने वालों में प्रखंड के 142 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं।

## शिविर लगा कर बिजली देने की मांग

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के सुदुरवर्ती क्षेत्र बरहगांवा के लोगों ने बिजली विभाग द्वारा छापामारी पर एतराज जताते हुए गांव में शिविर लगाकर बिजली कनेक्शन देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा इस क्षेत्र में आने वाले तीन पंचायतों मीरपुर, जबडा और नावाडीह पनारी में विभाग द्वारा न तो बिजली का कनेक्शन दिया गया है और न कनेक्शन की प्रक्रिया की जानकारी दिया गया है। जिसके कारण लम्बे अरसे के बाद इस इलाके में बिजली के पोल एवं तार लगाये गये हैं। जिसके कारण घरों को बिजली से रौशन करने की जिज्ञासा व्याप्त है। विभागीय उदासीनता के कारण ट्रांसफर्मर खराब होने पर या तार पोल को दुरूस्त करने के लिए ग्रामीण स्वयं खर्च कर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराते है। बिजली व्यवस्था का ध्यान नहीं देने वाले बिजली विभाग के कर्मी केवल ग्रामीणों के घर छापामारी कर दंडित करने का काम कर रही है। ग्रामीणों ने विजली विभाग के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि इस क्षेत्र में शिविर लगाकर बिजली कनेक्शन देने एवं घरों में मीटर लगाने का काम किया जाय, ताकि ग्रामीण समय पर बिजली बील जमाकर निर्भिक होकर बिजली का उपयोग कर सके।

## उपायुक्त ने नियुक्ति पत्र सौंपा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हेसाग निवासी अशोक तुरी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सरकार के अवर सचिव, गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 1496, दिनांक 28/03/2023 से प्राप्त स्वीकृत्यादेश के आलोक में स्वर्गीय सुपाल तुरी, ग्राम-हेसाग नवाटोली, थाना-सेरेंगदाग, जिला-लोहरदगा का दिनांक 22/12/2021 का उग्रवादी हिंसा में मृत्यु के फलस्वरूप इनके पुत्र अशोक तुरी की नियुक्ति प्रखंड कार्यालय, सेन्हा में अनुसेवक के पद पर की गयी है।

## सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री से आवागमन बाधित

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के सड़कों पर गृह निर्माण की सामग्रियां गिरा कर रखने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही हैं। बता दें कि मजिस्द रोड में कई जगहों पर अपना मकान बनाने के लिये लोगों ने रेत, गिट्टी, ईंट, लोहा सड़कों पर ही गिरा दिया है। शहर के गुरूद्वारा रोड पर महीनों से बालू और छड़ गिरा हुआ है। लोंगो ने अधिकारीयों से इस दिशा में पहल करने और नगरपालिका अधिनियमों के तहत कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# लोहरदगा में तीन ग्रामीण सड़कों का हुआ शिलान्यास

- मंत्री और दोनों सांसदों ने किया योजनाओं का शिलान्यास
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनेंगी सड़कें
- व्यापार और कृषि को मिलेगा बढ़ावा, लोग होंगे लाभान्वित



सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के विकास में 19 मई महत्वपूर्ण तारीख के रूप में दर्ज हो गयी। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने तीन ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास कर जिले के विकास का नया अध्याय शुरू किया। ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनायी जायेंगी। इनमें जीमा से बराठपुर पथ, मन्हो से भक्सो मोड़ सड़क और भक्सो से एने, नदी नगड़ा, बाघी सड़क शामिल हैं।

मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से एक प्रखंड से दूसरे प्रखंडों और गांवों से गांवों में आवागमन आसान हो जायेगा। व्यापार, कृषि आदि को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोग ज्यादा लाभान्वित होंगे। किसी भी मौसम में कोई समस्या नहीं होगी और सड़क मार्ग दुरुस्त होने से लोगों का समय भी बचेगा।

मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत का काम चल रहा है। हमारी प्राथमिकता लोकसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी इलाकों में सभी अधूरी सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जब भी अपनी समस्या बतायी है, उसके निवारण का प्रयास रहा है। आज सभी ग्रामीणों क्षेत्रों में सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरा किया जा रहा है। केवल सड़कें ही नहीं, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल आदि क्षेत्रों में भी खूब काम हो रहा है। जनजाति समाज की उन्नति के लिए योजनाएं चल रही हैं।

### ये रहे उपस्थित

मौके पर जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव, राजकिशोर महतो, लाल नवल नाथ शाहदेव, शकील अहमद, नेसार अहमद, फहद खान, राजकुमार वर्मा, लाल विश्वजीत शाहदेव, शंभु सिंह, बिगल मुंडा, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, सूरज दसोंधी, कपिंद्र महतो , अमित लोहरा, दीपक साहू, ललित शाहदेव, कोलंबस राम, अल्लाहबख्श, सीताराम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। केंद्र से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता रहेगा।

## योजनाओं की समीक्षा, जिला समिति की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2022-23 और 2023-24 में विभिन्न योजनाओं हेतु लाभुकों की प्रस्तावित सूची की समीक्षा की गयी और सूची की स्क्रूटनी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में एक डीपीयू का गठन किया गया। इसमें साईट वेरीफिकेशन का दायित्व जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया गया। वहीं अन्य सहायता के लिए दो सहायक और एक कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति किये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 के लिए सूची डीपीयू को रेफर किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, कृषि विज्ञान किस्को के वैज्ञानिक, लघु सिंचाई प्रमंडल अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीएम आवास लाभुकों के सर्टिफिकेट केस के मामले में कार्रवाई की समीक्षा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत देय राशि के भुगतान के बावजूद आवास निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं किये जाने वाले लाभुकों के विरूद्ध किये गये सर्टिफिकेट केस के मामले और कार्रवाई की समीक्षा की गयी। इसमें अंचलाधिकारियों को प्राप्त सर्टिफिकेट केस अंतर्गत विभिन्न शक्तियों का उपयोग करते हुए लाभुकों को नोटिस करने और मामलों की सुनवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, नारायण राम, कार्यपालक दंडाधिकारी को भी पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र पदाधिकारी को संबंधित अंचलाधिकारियों, जिन्हें निहित राशि अनुसार शक्तियां प्राप्त है, से संबंधित अंचलों के मामलों को उनके अंचल में वापस प्रेषित भेजे जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस०, नीलाम पत्र पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा/भण्डरा/पेशरार/कैरो और किस्को उपस्थित थे।

## कार चालक को ग्रामीणों ने पीट कर पुलिस को सौंपा

**भंडरा / लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी चौक के समीप शुक्रवार को कार की चपेट मे आने से जमगाई गांव के विनोद उरांव घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ ने कार चालक और कार सवार एक लोगो को जम कर पिटाई कर दोनो को भंडरा पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त सूचना के आधार पर कल्हे पाट निवासी दिलावर अंसारी 25 वर्ष पिता मुस्तफा अंसारी और सद्दाम अंसारी 30 वर्ष पिता कलीम अंसारी अपने कार से रांची जा रहे थे । इसी बीच चट्टी चौक के समीप विनोद उरांव कार की चपेट मे घायल हो गया ।

## वट वृक्ष की परिक्रमा कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

# लोहरदगा और लातेहार में विधि विधान से हुई वट सावित्री पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पर्व हर्ष उल्लास से मनाया गया। दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पौराणिक मान्यता है कि इस वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी होती है, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इस दिन शनि जयंती होने के कारण व्रत का महत्व और भी बढ़ गया। मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत को सावित्री ने अपने पति को फिर से जीवित करने के लिए किया था, उसके बाद से ही महिलाएं इस व्रत को करती हैं। इस दिन बांस की टोकरी में सप्त धान्य गेहूं, जौ, तिल, कांगनी, श्यामक, देव धन्य अर्पित करने का विधान है। वट सावित्री व्रत को लेकर नव ब्याहताओं में खासा उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर सहित गली-मोहल्लों सहित अन्य कई मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर के ठकुराइन तालाब के दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के वटवृक्ष के अलावा बौली बागीचा दुर्गा मंदिर, मिशन चौक वटवृक्ष, बक्शीडिपा मैदान स्थित वट वृक्ष , मैना बागीचा बाजार के साथ कई जगहों पर पूजा अर्जना की गयी। सोलह श्रृंगार के साथ नई साड़ी, गहनों से सजी संवरी सुहागिनों ने पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की।

### पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री का पूजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर पति की लम्बी उम्र के लिये सुहागिनों ने की वट सावित्री का पूजन। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलायें अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे पूजन करते दिख रही थी। पूजन के उपरान्त महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु के लिये वट वृक्ष में कच्चा धागा बांधकर परिक्रमा कर लंबी उम्र की कामना कर अखंड सुहागन रहने के लिये प्रार्थना की। वही प्रखंड क्षेत्रकेबदला, डॉड़ू, चौकनी, अरु, बुटी, झखरा, कोराम्बे, बक्सीडीपा, सेन्हा, बरही, भड़गाँव, सेरेंगहातु, सीठीयो, उगरा सहित सभी विभिन्न जगहों में महिलाओं द्वारा वट सावित्री का व्रत किया गया।

**लातेहार ।** जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की और पति के लंबी उम्र की कामना की। शहर के विभिन्न मुहल्लों में स्थित वट वृक्ष के नीचे सामुहिक रुप से बैठकर सुहागिनों ने पूजा अर्चना कर वट वृक्ष में रक्षा सूत बांधे। इसके अलावा आरइओ रोड, डुरूआ बाजार और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा की और सावित्री- सत्यवान की कथा का श्रवण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद के पेड़ में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। पेड़ की जड़ें ब्रह्मा, तना विष्णु और बरगद के पेड़ के ऊपरी हिस्सा भगवान शिव का प्रतिनिधित्व करते हैं और पूरा पेड़ सावित्री माना जाता है।

**बरवाडीह।** पति की दीघार्यु और उन्नति की कामना को लेकर शुक्रवार को महिलाओं के द्वारा पूरे विधि विधान से वट सावित्री की पूजन करने का काम किया गया। प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर अंतर्गत दुरजागिन मंदिर के समीप स्थित वटवृक्ष के नीचे शुक्रवार की सुबह से ही महिलाओं का पूजा अर्चना करने को लेकर भीड़ देखी गयी। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के पुरानी बस्ती, कुटमु, बेतला, छिपादोहर , सरईडीह, मंगरा समेत अन्य स्थानों में महिलाओं के द्वारा धूमधाम से अपने पति के दीघार्यु और उन्नति की कामना को लेकर वट सावित्री पूजा करने का काम किया गया ।

## लैंगिक असमानता भेदभाव का कारण न बनेः डॉ सुलामी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, भारती विज्ञान क्लब, भास्कर ऐस्ट्रो एसोसिएशन और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के छः कंपोनेंट्स पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गयी, साथ ही इससे संबंधित विडियो भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पोषण में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग की जानकारी, नशीले पदार्थों के सेवन को रोकना, चोट, हिंसा एवं दुर्घटना को रोकना, माहवारी संबंधित जानकारी, लैंगिक हिंसा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

## पिकनिक मनाने गये छात्र की नदी में डूबने से मौत



**कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के उडुमुडू गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय के छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गयी। हादसा शुक्रवार 19 मई की सुबह करीब 10 बजे की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के शिक्षक बच्चों को उमरी कोयल नदी पिकनिक मनाने लेकर गये थे। इसी बीच उडुमुडू निवासी वीरेंदर साहू का पुत्र और कक्षा दूसरी का छात्र आठ वर्षीय कृष कुमार की नदी में डूबकर मौत हो गयी। वहीं एक छात्र मोतालिब अंसारी का हाथ टूट गया। आक्रोशित ग्रामीण सभी शिक्षकों को तत्काल निलंबित करने और सभी पर 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करने लगे। सूचना पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहार और कुडू थाना पुलिस उडुमुडू पहुंची और सभी शिक्षकों पर विभागीय कारवाई और पुलिस द्वारा सभी पर प्राथमिकी दर्ज करने के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। फिलहाल पुलिस विद्यालय के प्रधानाध्यापक जलेश्वर उरांव, सहायक शिक्षक धनबीर साहू, मैमून खातून, समीना खातून, मोनिका उरांव, राजेस्वरी उरांव, बसंत उरांव, सरिता टोप्पो को लेकर थाना पहुंची है।

## पत्रकार राहुल कौशल की नानी का निधन, शोक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के पत्रकार राहुल कौशल की नानी दुर्गा देवी पति स्व गोपाल लाल अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 102 साल की वृद्धा थी। उनका निवास स्थान बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के जम्होर गांव था। जहां से देर शाम को उन्हें पुनपुन नदी ले जाया गया। जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके दो बेटे और चार बेटियां थी। वही पांच पोते, एक पोती, 06 नाती, 09 नतिनी थी। बताया गया कि उन्होंने अपने जीवन काल मे कभी भी शाकाहार का दामन नही छोड़ा था। वे जम्होर गांव की सबसे बुजुर्ग महिला में से एक थी। उनके निधन पर बेटे सुखदेव अग्रवाल, हरि अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, उदय अग्रवाल, पारसनाथ अग्रवाल, रमेश, बबलू समेत अन्य परिवार के लोग शामिल है।

# बेरमो की खबरें

## सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना

### अखंड सौभाग्य के लिए की वट वृक्ष की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** आज वट सावित्री पूजा है, देशभर में वट सावित्री की पूजा आज बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। ऐसे में तेनुघाट मे भी सुहागिन महिलायें वट सावित्री का पूजा कर अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए पूजा अर्चना कर रही है। आज पूरे तेनुघाट मुख्यालय भर में सुबह से ही सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिये वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर रही हैं।

तेनुघाट मुख्यालय से लेकर प्रखंडों में सुहागन महिलाओं ने अमर सुहाग की कामना को ले वट वृक्ष की पूजा की। स्नान ध्यान के बाद महिलाएं नये वस्त्र धारण कर हाथों में पूजा की थाली लिए नजदीकी वट वृक्ष के नीचे पहुंची। जहां जल, सिदूर, हल्दी, गुड़, भींगा चना, मटर, फल और प्रसाद से विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने वट वृक्ष का 108 बार परिक्रमा कर अमर सुहाग की कामना की। इस बार बरगद के पेड़ के नीचे बहुत अधिक भीड़ रही। उन्होंने बताया कि जब सत्यब्रत की आत्मा को यमराज लेने पहुंचे थे, तब उनकी पत्नी सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ी। यमराज के काफी समझाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी, तब विवश होकर यमराज ने सत्यब्रत के आत्मा का प्रवेश उसके मृत शरीर में करवा दिया। उसी समय सावित्री ने वट सावित्री की पूजा की थी और आज तक महिलाये नियम के साथ करती आ रही है।

## श्रमिकों की समस्याओं को लेकर योगेंद्र प्रसाद ने प्रबंधन से की वार्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**स्वांग(बेरमो)।** गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो टीटीपीएस ललपनिया श्यामली गेस्ट हाउस में प्लांट के ठेका श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को सुनने का कार्य किया। उसके उपरांत समस्याओं को लेकर वरीय प्रबंधन से श्रमिकों की वार्ता करवाई। ठेका श्रमिकों ने कहा कि 60 साल पूरा होने पर बिना कोई सुविधा और सम्मान नहीं देकर कार्य मुक्त किया जा रहा है। जबकि, हमलोग 25-30 वर्षों से प्लांट में स्थाई प्रवृत्ति के कार्य में योगदान देते आ रहे हैं। आश्रित को नौकरी, फिटनेस तक काम करने देने और सम्मान के रूप में ग्रेच्युटी के तहत 10 लाख रुपये प्रदान कर कार्य मुक्त करने एवं उक्त मांगें पूरी नहीं होने तक किसी भी मजदूर को कार्य मुक्त नहीं करने की मांग की।

इस पर पूर्व विधायक की पहल पर वरीय प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों को सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया है। इसके बाद कंटिजेंट पर कार्यरत लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री भेंट की। सरकार के संकल्प के अंतर्गत सातवां वेतन लागू कर भुगतान कराने की मांग की।

इस पर पूर्व विधायक ने प्रबंध निदेशक से मौके पर ही बात की और इन्हे उक्त लाभ दिलाने पर पहल किया। प्रबंध निदेशक ने भरोसा दिया कि प्रबंधन इस पर सकारात्मक विचार कर रही है।

## छाई लदा हाइवा से हो रही दुर्घटना पर देवीदास ने उपायुक्त को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी(बेरमो)।** भाजपा नेता सह पिछरी दक्षिणी पंचायत प्रतिनिधि देवीदास ने बोकारो उपायुक्त को पत्र लिखकर हाईवा ट्रांपोटिंग पर रोक लगाने की गुहार लगायी है। कहा कि फुसरो जैनामोड़ मार्ग में कई विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र आते है। इसके बीच मे पिछरी घनी आबादी वाला गांव है। बिते कुछ दिनो से इस मार्ग में हाईवा के जरिये कोयला व छाई ढुलाई किये जाने से पुरे क्षेत्र और सडक को प्रदुषित किया जा रहा है। इसके तहत द एनविनिमेंटल प्रोटेक्शन एक्ट 1986 उल्लंघन की जा रहा है। वही हाईवा ट्रांपोटिंग से प्रतिदिन वायु प्रदूषण व ग्रामीण सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस ग्राम में 80 से 90 प्रतिशत जनता आर्थिक रूप से कमजोर है। जब भी यहां के लोग दुर्घटना ग्रसित होते है तो कोई भी सरकारी लाभ या पूंजीपति या ठेकेदार द्वारा कोई लाभ नहीं मिल पाता है। कुछ दिन पूर्व पिछरी निवासी मुकेश साव का 18 वर्षीय इकलौता पुत्र सुरज कुमार साव, जो कि घर परिवार की काफी जिम्मेदारी संभालता है। वह आज भी जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है। उसका परिवार आर्थिक रूप से वंचित है। इससे यह प्रतीत होता है कि भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा प्रदूषण को नियंत्रण करने लिए जो भी अधिनियम बनाया गया है, इस अधिनियम को बड़े बड़े पुंजिपतीयो और ट्रासपोटर के द्वारा उल्लंघन की जा रही है और गरीब ग्रामीण का सोशन किया जा रहा है।

## सांसद ने मंदिर निर्माण में दिया 50 बैग सीमेंट



**नावाडीह(बेरमो)(आजाद सिपाही)।** गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने नावाडीह प्रखंड के आहरडीह स्थित हरगौरी धाम शिव मंदिर मंदिर के निर्माण कार्य में सहयोग स्वरूप 50 बैग सीमेंट ग्रामीणों को भेंट किया। सांसद की ओर से दिए गए सीमेंट को नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो, दिपू अग्रवाल, मोहन महतो, मिडिया प्रभारी दीपक महतो ने ग्रामीणों को सौंपा। आहरडीह के ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य के लिए सहयोग दिए जाने पर आभार जताया है। आभार जताने वालो में डेगनारायन महतो, गोविंद महतो, युगल महतो, तेजलाल महतो आदि शामिल हैं।

## खतियान आधारित नीति को लेकर भवनाथपुर में दौड़े अमित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खतियान आधारित नियोजन नीति लागू कराने, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, सहित अन्य मांगो को लेकर सिली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भवनाथपुर प्रखंड में दौड़ प्रारंभ किया। भवनाथपुर में अमित महतो का दौड़ टाउनशिप मैदान से प्रारंभ हुआ और चपरी, कपूर्री चौक, भवनाथपुर बाजार, ब्लाक मोड़, मकरी होते हुए छमईल्वा तक समाप्त हो गया। इनके समर्थन में चंदन कुमार ठाकुर, रजनीश यादव, प्रफुल कुमार, सोनू ठाकुर, मनोज कुमार, अनंत कुमार, बाला यादव, बिगन ठाकुर, सीताराम पासवान, अकबर अंसारी, संजय राम, करमदेव राम, अमित महतो के साथ दौड़ में सामिल हुये ।

## मुखिया ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी में शुक्रवार को कार्यशील पुस्तकालय का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन सीआरपी रमेश कुमार, पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो जयंती मिश्र, दुर्गेश तिवारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक गंगेश पांडेय की उपस्थिति में मुखिया रामसागर महतो ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुखिया रामसागर मेहता ने कहा कि पिरामल फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है, संस्था द्वारा विद्यालय के लाइब्रेरी को नया रूप देकर विद्यार्थियों के लिए सौगात देने का काम किया है। उन्होंने बच्चों को पुस्तकालय के महत्व को समझाते हुए कहा कि पुस्तके छात्रों की सबसे अच्छी दोस्त होती है और बच्चों के भविष्य निर्माण में पुस्तकों का अहम योगदान होता है। गांधी फेलो जयंती मिश्र ने कहा कि बच्चों के अंदर सीखने की भावना जगाने के लिए स्कूल प्रोसेस में सुधार करने का प्रयास किया गया है। प्रधानाध्यापक गंगेश पांडेय ने कहा कि विद्यालय में लाइब्रेरी को नया रूप देकर जयंती मिश्र और दुर्गेश तिवारी ने प्रशंसनीय कार्य किया है। मौके पर शिक्षक रामशीष प्रसाद, प्रगाश दास, जुनैद अंसारी, रीना देवी, सोभा कुमारी पंचायत सचिव परमानंद पाठक, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी सहित कई अभिभावक और विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## बॉयोमैट्रिक दर्ज नहीं हो पाने से शिक्षक परेशान




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** एक ओर शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालय के शिक्षकों का बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर वेतन काटने की बात करती है वहीं दूसरी ओर ई विद्यावाहिनी एप की खामियों के कारण बॉयोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाने से शिक्षक परेशान हैं। इस मामले को लेकर भवनाथपुर प्रखंड के शिक्षकों ने बताया कि ई विद्यावाहिनी एप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के क्रम में एप ऑटोमेटिक लोकेशन ट्रैक करता है। एप में विभाग द्वारा दर्ज की गयी स्कूल की लोकेशन वास्तविक लोकधन से मिलान नहीं कर पाती है जिस कारण एप शिक्षक को आउट ऑफ स्कूल का संकेत देने लगता है और उपस्थित दर्ज नहीं हो पाती है। ई विद्यावाहिनी एप का लोकेशन वास्तविक लोकेशन से 3 से 5 किमी अलग दिख रहा है। उल्लेखनीय है कि ई विद्यावाहिनी एप अपग्रेड किये जाने के बाद अटेंडेंस के लिए मैन्युअल प्रोसेस तो बंद कर दिया गया है। इस मामले में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य प्रतिनिधि उमेश कुमार ने विभाग से ई विद्यावाहिनी की खामियों को दूर होने तक उक्त मामले में शिक्षकों को किसी भी प्रकार की कार्रवाई से मुक्त रखने का अनुरोध किया है।

## स्कूल में चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बड़े बच्चो के साथ-साथ छोटे बच्चो ने अपने अपने वर्गों के आधार पर भाग लिया। इस प्रतोयोगिता में बच्चो के निशाने के आधार पर नंबर दिये गये । जिसमे अंको को 1-10 तक बाटा गया था। जिन बच्चो के अंक ज्यादा होंगे उन्हें अगले भाग में भेजा जायेगा। इस प्रतियोगिता में रागिनी कुमारी, वेदव्रत मिश्रा सर, सूरज सर, नीरज सर, सुमित सर आदि शिक्षकों का अभूतपूर्ण सहयोग बच्चो को मिला, इसके साथ ही बच्चो के आत्मरक्षा के लिए उन्हें ताइक्वांडो की प्रशिक्षण की शुरुआत भी साथ-साथ में की गयी, दूसरी और आर्ट एंड क्राफ्ट में प्री नर्सरी से प्रथम वर्ग के बच्चो ने थम्ब पेंटिंग, वॉल पेंटिंग में अपने हाथो के कला को प्रदर्शित किया, जिसमे कविता मैम, अमित सर, रागिनी मैम, अंजलि मैम, नेहा मैम आदि शिक्षकों को भी उनके साथ बच्चा बन नयी चीजें सिखाने की ललक साफ देखी जा सकती थी। कुल मिलाकर इस कैंप को बच्चो के साथ-साथ यहां के शिक्षक भी इसका लुफ़्त उठाकर आनंदित हों रहे है, चाहे बात बात में मैथ के जादू ट्रिक्स सिखाने की हो या डांस में हिप-हॉप, जुम्बा आदि सिखने की ललक और बच्चों के साथ-साथ शिक्षक भी उन्हें नयी-नयी चीजे सिखाने में अपना पूरा सहयोग दे रहे है।

### बालू के अभाव में विकास कार्य नहीं होगा प्रभावितः उपायुक्त

# गढ़वा जिले के अंतर्गत 20 बालू घाट चिह्नित

**निजी और गैर-व्यवसायिक सामुदायिक कार्यों में बालू की आपूर्ति की जा सकेगी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बालू के अभाव में विकास कार्य प्रभावित न हो इसे लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा झारखंड राज्य बालू खनन निति 2017 के अनुसार बालू घाटों से बालू का उपयोग निजी, गैर-व्यवसायिक सामुदायिक उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन आदि के प्रावधान को देखते हुये गढ़वा जिला अन्तर्गत अनुमोदित जिला सर्वेक्षण रिर्पोट (बालू) 2023 के अनुसार श्रेणी-1 के कुल 20 बालू घाट चिन्हित किये गए है। उक्त बालू घाटों से निजी और गैर-व्यवसायिक सामुदायिक कार्यों में बालू की आपूर्ति की जा सकेगी। बालू घंटों में मुख्य रूप से बहेरा खुर्द, बहेरा कलां, तलसबरिया, टड़हे, पुरहे, बूढ़ीखांड़, रंका, बनपुरवा, भिखही, गेरुआ, मेराल (पूर्वी), लखेया, हासनदाग, डंडई, पिपरिकलां, सरांग, बैलझखड़ा, जेनेवा, हरहे और बोदरा बालू घाट को चिन्हित किया गया है। जहां से बालू का उठाव किया जा सकेगा। झारखंड राज्य बालू खनन निति 2017 और विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार श्रेणी- के बालू श्रोतों से बालू उठाव हेतु समेकित नियम, शर्त और बंधेज निम्नवत होगें:- श्रेणी-1 के बालू घाटों से उठाये जाने वाला बालू स्वामिस्व, कर आदि से मुक्त होगा मात्र बालू घाट को पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण आदि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रबंधन शुल्क 100 रू० प्रति 100 घनफीट की दर से ग्राम पंचायत / स्थानीय स्वायत शासन द्वारा लिया जायेगा, जिसे ग्राम पंचायत के खाता में जमा किया जायेगा। बालू घाटों से बालू उठाव हेतु परिवहन चलान / प्राप्ति रसीद ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत किया जायेगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार वर्षा ऋतु अर्थात 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू का उठाव वर्जित है। बालू घाट का सीमांकन कर साईन बोर्ड लगाना होगा। बालू उपयोग करने वाले लाभुक / प्रतिनिधि भी परिवहन के समय साथ में रहेंगें। व्यवसायिक रूप से उपयोग करते पाये जाने पर झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियमानुसार कारवायी की जायेगी। उपायुक्त द्वारा संबंधित को निदेश दिया गया है कि उपरोक्त शर्तों और बन्धेजों का अनुपालन करते हुये श्रेणी - क के सभी बालू घाटों को ग्राम पंचायत / स्थानीय स्वायत शासन के माध्यम से संचालन कराना सुनिश्चित किया जाय। ये बालू घाट प्रखंड गढ़वा-2, डण्डा-1, मेराल-4, डन्डई-2, विशुनपुरा-2, भंडरिया-1, रमकंडा-1 और मंझिआव में 7 बालू घाट दानरो, तहले, यूरिया, बाकी और सरस्वती नदी में अवस्थित है।

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना कर रखा उपवास

**जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष के अमवस्या को यह व्रत रखी जाती**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना हेतु शुक्रवार को उपवास रखा। हिन्दू पञ्चाङ्ग के अनुसार प्रतिवर्ष जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष के अमवस्या को यह व्रत सुहागिनों के द्वारा रखा जाता है। शुक्रवार की अहले सुबह ही सुहागिनों ने स्नान आदि कर वट वृक्ष के पास जाकर निमंत्रण मांगी तत्पश्चात दोपहर में चिलचिलाती धूप में नंगे पांव अपने घर से वट वृक्ष के पास जाकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया। क्या आप जानते हैं कि महिलाएं इस व्रत में क्यों करती हैं वट वृक्ष की ही पूजा व परिक्रमा ? अगर आपको नही पता है तो आइए जानते हैं इस व्रत की पौराणिक महत्व और क्यों होती है वट वृक्ष की ही पूजा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष के छाल में विष्णु, जड़ों में ब्रम्हा व शाखाओं में भगवान शिव जी विराजमान होते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश के वास के कारण इस वृक्ष को देव वृक्ष भी कहा जाता है। इसके अलावें कई अन्य धर्मों के गुरुओं ने ही इसी वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया है। अतः इस वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन व्रत कथा आदि सुनने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। यह धार्मिक के साथ -साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होता है। वंही हम बात करें पौराणिक कथा की तो इसके अनुसार वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने सास-ससुर को दिव्य ज्योति, छीना हुआ राज्य व मृत पति के शरीर के प्राण वापस लाये थे। इसी वजह से तब से ही सभी सुहागिन अपने पति की लंबी आयु की मनोकामना इस वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना व परिक्रमा कर करती हैं। इस दिन सभी सुहागिन सावित्री-सत्यवान का कथा भी श्रवण करतीं हैं। इसी वजह से इस व्रत को वट सावित्री के ही नाम से जाना जाता हैं। शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां, हरिहरपुर, डूमरसोता, लमारी, घटहुआं कला, राणाडीह सहित सभी पंचायतों की सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखा।

## आर के स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल, हूर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटीएम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों के समक्ष स्कूल के पी.टी.-1का परीक्षाफल भी घोषित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस स्कूल की स्थापना इस वर्ष की गयी है। यह स्कूल अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पैटर्न पर संचालित है। यहां की सभी गतिविधियां आर के ग्रुप द्वारा संचालित अन्य सभी स्कूलों की तरह समय समय पर आयोजित की जायेंगी। स्कूल में शिक्षा, खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए हर प्रकार की अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं का विस्तार किया गया है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण व उनके सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल से समन्वय बनाकर चलें। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक के ने धन्यवाद ज्ञापन किया और समर वेकेशन की घोषणा की गयी। इस अवसर पर रंजीत गुप्ता, अरविंद पाण्डेय, शहेला खान, रिया तिवारी, रौनक तिवारी व अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राज कुमार के द्वारा किया गया। समर वेकेशन की छुट्टी 20 मई से 13 जून तक किया गया, लेकिन स्कूल ऑफिस खुला रहेगा, अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन वअन्य कार्यों के लिए ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं।

### झामुमो की जिला कमेटी की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# विधानसभा स्तरीय बैठक को सफल बनाने को लेकर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के आवास पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का बैठक संपन्न हुई। जिसमे आगामी 21 माई को उत्सव गार्डन गढ़वा में रंका-गढ़वा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का सांगठनिक बैठक को सफल बनाने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान के द्वारा सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव को निर्देश दिया गया कि हर एक पंचायत से सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ गढ़वा पहुंचे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान झारखंड मुक्ति मोर्चा शुरू से ही करती आ रही है। सभी लोग को अपनी जवाबदेही समझना होगा। उन्होंने आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव में माननीय मंत्री जी के विकाश कार्यो के साथ मैदान में उतरेंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि मंत्री महोदय ने साढ़े तीन साल, जिसमें 2 साल कोविड काल में ही बीत गया के बाद भी रंका- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। जिसको विपक्ष भी पचा नहीं पा रहा है। इसके साथ साथ मंत्री जी के द्वारा अपने निजी मद से गरीबों को हर संभव मदद किया जा रहा है। सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलना और उनके कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाने का कार्य मंत्री जी के द्वारा किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं को उनका उचित हक और सम्मान मंत्री जी दे रहे हैं। ऐसे में विपक्ष को अब झंडा उठाने के लिए भी भाड़े पर लोगों को लाना पड़ेगा।

इस अवसर पर भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ताहिर अंसारी, महिला मोर्चा जिला समन्वयक रेखा चौबे, आराधना सिंह, केंद्री समिति सदस्य शरीफ अंसारी, युवा मोर्चा जिला सचिव अतहर अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, डंडा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर बैठा, रंका जिला परिषद प्रतिनिधि रतन सिंह, मेराल प्रखंड सचिव राजेश बैठा, रमकंडा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, जिला 20 सूत्री सदस्य अनिल चंद्रवंशी, रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, अरविंद सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मेराल में वट सावित्री की पूजा संपन्न



**मेराल (आजाद सिपाही)।** सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को वट सावित्री की पूजा कर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद मांगा। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुहागन महिलाओं ने प्रातः नए परिधान में सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र तथा सदा सुहागन रहने के लिए विधि-विधान से वट वृक्ष के नीचे सावित्री की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना किया। इस दौरान वट वृक्ष में सूत के धागा से घेरा बनाने के लिए परिक्रमा की। प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर के समीप वट सावित्री पूजा में बड़ी संख्या में शामिल महिलाएं पुरोहित पंडित दिनेश पाठक और कमलेश वैद्य से सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण किया। पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं ने अपने-अपने पति की सेवा की और प्रसाद ग्रहण किया। यहां देवी धाम संचालन समिति के सदस्यों द्वारा व्रतियों के बैठने के लिए टेंट आदि की व्यवस्था की गयी थी।

## उम्र कैद की सजा से घर आने पर सरकारी सुविधा करायी मुहैया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग गांव निवासी लखन भुईयां को हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा काट कर घर आने पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने सरकार के द्वारा प्रदत्त सुविधाएं मुहैया करायी। इस अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने हुरदाग लखन भुईयां के घर पर पहुंचे और प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, लेबर कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया। ताकि वह जीवन में पुनः उठ खड़ा हो सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक पवन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के चौधरी मुहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में कांग्रेस पार्टी के रंका प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेंन्द्र चौधरी के अगुआई में गुरुवार को सांई सेवा समिति आइरिस आइ केयर के सौजन्य से निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 आशीष अग्रवाल के द्वारा लगभग 70 आंख के मरीजों का आंख का जांच किया गया। जांचोपरांत लोगों को चश्मा और दवा भी बहुत कम खर्च में दिया गया। जिससे गरीब मरीजों को बहुत राहत मिली है। इस अवसर पर जांच टीम के शैयद बशी हैदर, शकिल अहमद, मुजफ्फर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लायंस ग्रीन ने व्हीलचेयर प्रदान किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के ने टंडवा गढ़वा के एक जरुरत मंद पारस महतो को व्हीलचेयर प्रदान किया। मौके पर लायंस ग्रीन के चार्टर अध्यक्ष आनंद कुमार, पूर्व अध्यक्ष, जयशंकर ब्रेजियर, फूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट के को चेयरमैन आशुतोष अग्रवाल, पूर्व जोन चेयरमैन और दिव्यांग कैंप के को चेयरमैन हर्ष अग्रवाल मौजूद थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
SPECIAL WORKS DIVISION
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.

**SHORT INVITING QUOTATION NOTICE NO-04/2023-24**

Sealed quotations from Reputed Firms/Experienced registered agencies are invited for Supply of Furnitures for newly Constructed first floor of special works Division office BCD at Morabadi Ranchi for the year 2023-24 will scope of works and term and conditions as mentioned below to be sent under Sealed Cover to the undersigned on or before 1:00 P.M 27.05.2023 at the office of Executive Engineer, Special Works Division, BCD, Ranchi Positively which will be opened on the 27.05.2023 at the time 3.30 P.M of receipt of quotations Preferably in presence of quotationers/ authorized representative of quotationers if present at the fixed date and time conditional tender will not be entertained and will be summarly rejected.
The rates quoted must be both in figures and words preferably in English language.

The quotationers to deposit 5% amount of quoted rates as earnest money in shape of Bank Guarantee or in any approved shape of deposit duly pledged in the name of Executive Engineer, Special Works Division, Building Construction Department, Ranchi (Jharkhand). The successful quotationer will be required to execute an agreement comprising with details of scope of work/ system of working with payment systems etc. Only those quotioners will be authorized to purchase tender paper/bid who qualify all the above mentioned terms& conditions. Cost of Bid Rs. 2500/- of Demand draft on any state bank payable at SBI main branch Ranchi in favour of The Executive Engineer, Special Works Division, Building Construction Department, Ranchi (Jharkhand).

The details of scope of work can be obtained from the undersigned office on 26.05.2023 upto 1.00 P.M

The department reserves the absolute right to cancel the entire quotations/Part quotation without assigning any reason and no any claim from any quotationer will be entertained.

Executive Engineer
Special Works Division,
BCD, Ranchi

PR.NO.297809 Building(23-24):D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-15/2022-23 (2nd Call) Date – 19.05.2023**

01 Name of Department ;- Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand
02 Date & Time of Tender uploading in Web site ;- 22.05.2023 at 04.00 P.M
03 Last date of Receipt of Bid ;- 29.05.2023 05.00 P.M
04 Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money ;-30.05.2023 at 05.00 P.M
1. Executive Engineer D W & S Div Latehar
2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar
3. RCE D W & S Dept Ranchi Zone Ranchi
05 Date of Opening Tender ;- 31.05.2023 at 03.30 P.M
06 Name & Address of Tender Inviting Authority ;- Executive Engineer D W & S Div Latehar
07 Contact No of Procurement Office ;- 9430725642 & 6201242103
Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div latehar for FY 2022-23 | SVS Chetar | 28 | 428 | 21006556.00 | 421000.00 | 10000.00 | 03 month |
| 02 | | SVS Turhamu | 20 | 301 | 14677840.00 | 294000.00 | 10000.00 | 03 month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 297799 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# आपसी समझदारी बने

केंद्रीय मंत्रिमंडल में गुरुवार सुबह किये गये एक संक्षिप्त बदलाव के कारण किरेन रिजिजू को कानून मंत्री का अपना पद गंवाना पड़ा। उन्हें अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण माने जाने वाले भू-विज्ञान मंत्रालय में भेज दिया गया। उनकी जगह अर्जुन राम मेघवाल को राज्य मंत्री के रूप में कानून मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। इस घटनाक्रम को कई वजहों से चौंकाने वाला माना जा रहा है। हाल के वर्षों में यह पहला मौका है, जब कानून मंत्री कैबिनेट रैंक के नहीं होंगे। किरेन रिजिजू सरकार के सबसे हाई प्रोफाइल मंत्रियों में गिने जाते थे। अचानक हुए इस बदलाव की कोई वजह नहीं बतायी गयी है, लेकिन जिस पृष्ठभूमि में ये बदलाव सामने आए हैं, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। कानून मंत्री के रूप में किरेन रिजिजू का कार्यकाल न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच असामान्य टकराव और तनाव के लिए याद रखा जायेगा। जजों की नियुक्ति और ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच मतभेद होना और कभी-कभी इनका गंभीर रूप ले लेना भी कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। ऐसा अतीत में होता रहा है, लेकिन ये मामले समझदारी से सुलझाये भी जाते रहे हैं। इस बार न केवल जजों की नियुक्ति से जुड़े मतभेद नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर इन दोनों संस्थानों के परस्पर विरोधी स्टैंड से जुड़ गये, बल्कि कानून मंत्री के असामान्य रूप से कड़े बयानों के कारण स्थिति ज्यादा जटिल हो गयी। मामले की जड़ में था कलीजियम सिस्टम जिसे केंद्र सरकार समाप्त करना चाहती थी। 2014 में सरकार नेशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट्स कमिशन एक्ट (एनजेएसी एक्ट) भी लायी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बता कर निरस्त कर दिया था। उसके बाद से ही न्यायपालिका को ऐसा लग रहा था कि कलीजियम की ओर से भेजे जाने वाले नामों को स्वीकार करने में कार्यपालिका बेरुखी दिखा रही है। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि कलीजियम सिस्टम के जरिए जजों की जजों द्वारा नियुक्ति का चलन ठीक नहीं है और इसमें बदलाव किया जाना चाहिए। ये बातें अलग-अलग मौकों पर सार्वजनिक भी की जाती थीं, लेकिन रिजिजू के कार्यकाल में ये अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयीं। न केवल सुप्रीम कोर्ट ने कलीजियम की सिफारिशों पर अमल में देरी को गंभीर मसला बताते हुए कड़ी प्रशासनिक और न्यायिक कार्रवाई की चेतावनी दी, बल्कि कानून मंत्री ने उस पर प्रतिक्रिया देते हुए यहां तक कह दिया कि कोई किसी कोई को धमकी नहीं दे सकता। उन्होंने एक अलग मौके पर यह भी कहा कि देश संविधान से बाहर की कोई व्यवस्था सिर्फ इसलिए नहीं स्वीकार कर लेगा कि वह फैसला कुछ जजों द्वारा लिया गया है। उम्मीद की जाये कि ऐसे सख्त बयानों से न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच बना तनाव अब धीरे-धीरे कम होगा और ठंडे माहौल में गंभीरता के साथ उन मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की जायेगी जो दोनों संस्थानों के बीच उभर आये हैं।

**उम्मीद की जाये कि ऐसे सख्त बयानों से न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच बना तनाव अब धीरे-धीरे कम होगा और ठंडे माहौल में गंभीरता के साथ उन मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की जायेगी जो दोनों संस्थानों के बीच उभर आये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश में जैनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार सख्त हुई है। इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए उसने केंद्र सरकार के अस्पतालों, सीजीएचएस वेलनेस सेंटर और पॉलीक्लीनिक के चिकित्सकों को जैनरिक दवा लिखने की सलाह दी है। यही नहीं, सरकार ने चेताया भी है कि यदि कोई चिकित्सक अपनी पर्ची में मरीज के लिए जैनरिक दवा नहीं लिखता है, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाया जायेगा।**

# अब पर्चियों पर लिखी जायेंगी जेनरिक दवाइयां

सतीश धर

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सकों को जेनरिक दवाइयां लिखने के पुनः सख्त निर्देश देकर एक बहुत बड़ा निर्णय भारत के 140 करोड़ लोगों के हित में लिया है। वास्तव में यह निर्णय भारत के दवाई उद्योग को पुनः अंतर्राष्ट्रीय गौरव प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

देश में जैनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार सख्त हुई है। इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए उसने केंद्र सरकार के अस्पतालों, सीजीएचएस वेलनेस सेंटर और पॉलीक्लीनिक के चिकित्सकों को जैनरिक दवा लिखने की सलाह दी है। यही नहीं, सरकार ने चेताया भी है कि यदि कोई चिकित्सक अपनी पर्ची में मरीज के लिए जैनरिक दवा नहीं लिखता है, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाया जायेगा।

देश की स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ अतुल गोयल की ओर से इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ डाक्टरों द्वारा ब्रांडेड दवाएं पर्ची पर लिखी जा रही हैं, जो कि सही नहीं है। डॉ गोयल ने अपने नोटिस में डाक्टरों को इस बात की सलाह दी है कि किसी भी स्थिति में अपनी पर्ची पर सिर्फ जेनरिक दवाइयां ही लिखें। सभी चिकित्सा संस्थानों के मुखियाओं को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही मैडीकल रिप्रजेंटेटिव के डाक्टरों से मिलने के लिए भी नी गाइडलाइंस जारी की गयी हैं।

**बुखार की दवाई पारासिटामोल अगर 0.25 पैसे की एक गोली है तो क्रोसिन और डोलो के रूप में यह कई गुणा अधिक मूल्य पर बिकती है।**



**जेनरिक और ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों में कितना अंतर होता है इसका आकलन भी संसद की इस समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया था। बुखार की दवाई पारासिटामोल अगर 0.25 पैसे की एक गोली है तो क्रोसिन और डोलो के रूप में यह कई गुणा अधिक मूल्य पर बिकती है।**

जेनरिक दवाइयों के इस्तेमाल की बात पिछले एक दशक से देश के महत्वपूर्ण मंचों पर बराबर चर्चा का विषय रही है। वर्ष 2008 में जब राजनेता शांता कुमार हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य नामांकित हुए, तो उन्हें वाणिज्य पर संसद की स्थायी समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया। यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी।

इस समिति द्वारा वाणिज्यिक मसलों पर संसद के माध्यम से सरकार को नीतिगत निर्णयों के लिए विभिन्न विषयों पर सलाह दी जाती है। इस समिति ने वर्ष 2011 में भारत में दवाई उद्योग में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर चर्चा कर दो वर्षों में अपनी रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में सरकार को सुझाव दिया था कि देश में जेनरिक दवाइयों को लोकप्रिय बनाने और भारतीय दवा उद्योग को बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों के जाल से मुक्त करने के लिए चिकित्सकों द्वारा जेनरिक दवाइयों को लिखना कानूनी रूप से बाध्य किया जाये। रिपोर्ट में भारतीय दवाई उद्योग के विश्व परिदृश्य में योगदान पर 2 वर्ष तक गहन चर्चा की गयी। शायद ही दवाई उद्योग का कोई ऐसा स्त्रोत होगा, जिसे इस समिति ने अपने समक्ष विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित न किया हो। यहां तक कि प्रसिद्ध सिने अभिनेता आमिर खान को भी इस समिति ने अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया था।

आमिर खान और उनके विशेषज्ञ दल ने अत्यंत ही महत्वपूर्ण जानकारियां समिति को दीं जिसके फलस्वरूप जेनरिक दवाइयों को जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां आर्थिक बदहाली और अभावों में जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा रहता है दवाइयों पर आय का बहुत बड़ा हिस्सा खर्च करना बहुत ही तकलीफदेह है।

एक अनुमान के अनुसार भारतीय परिवार दवाइयों की खरीद पर औसतन आय का 40 प्रतिशत खर्च करते हैं। छठे दशक में जब भारत का दवाई उद्योग बहुराष्ट्रीय कंपनियों के चंगुल में नहीं था। प्रायः सरकारी अस्पतालों में रोगियों को जैनरिक दवाइयां ही दी जाती थीं। यह ठीक है कि अब चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अभूतपूर्व उन्नति हुई है।

लेकिन यह भी सच है कि बहुराष्ट्रीय दवा कम्पनियों ने भारतीय दवा उद्योग पर अपना वर्चस्व बनाये रखने के लिए देश के दवाई उद्योग का अधिकतम अहित ही किया। भारत में बनी दवाइयां विदेशी कम्पनियों में जैनरिक दवा के नाम पर जानी जाती हैं और वहां से सज-संवर कर ब्रांडेड दवाई के नाम पर पुनः हमारे देश में ऊंचे मूल्यों पर बिकने को आती हैं।

जेनरिक और ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों में कितना अंतर होता है इसका आकलन भी संसद की इस समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया था। बुखार की दवाई पारासिटामोल अगर 0.25 पैसे की एक गोली है तो क्रोसिन और डोलो के रूप में यह कई गुणा अधिक मूल्य पर बिकती है। समिति ने गले के कैंसर की दवाई नैक्सावार का उदाहरण दिया था, जिसे बायर कंपनी द्वारा 88000 रुपये में बेचा जाता था।

शांता कुमार ने इन जेनरिक दवाइयों के प्रयोग के लिए बार-बार प्रधानमंत्री से निवेदन किया था और अंततः डाक्टरों द्वारा इन्हें रोगी-पर्ची पर लिखवाने के निर्णय को लागू करने में सफलता प्राप्त की।

## जमशेदपुर की खबरें

# कार्यादेश के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करनेवाले संवेदकों पर नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी अरवा राजकमल ने समेकित विकास अभिकारण कार्यालय द्वारा विभिन्न योजनाओं की अध्यतन भौतिक वित्तीय स्थिति का समीक्षा बैठक की। शुक्रवार को आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दुराइबरू, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, विभिन्न विभागों के सहायक अभियंता, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्री मैट्रिक,पोस्ट मैट्रिक, वनाधिकार पट्टा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, सहीद ग्राम विकास, छात्रावास जीर्णोद्धार मरामत्ती योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता योजना समेत विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति का समीक्षा कर लंबित कार्य में प्रगति लाने व निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निदेश दिए। मौके पर डीसी ने कहा ऐसी योजनाये जिनका कार्य प्रगति धीमी है संबन्धित संवेदक को नोटिस जारी कर कार्य में प्रगति लाने के निदेश जारी करे। साथ ही जिनके कायार्देश निर्गत करने के बावजूद भी संवेदक के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उनके विरुद्ध नियमसंगत कानूनी करवाई सुनिश्चित करे।

# 165 लीटर क्षमता वाले वाटर कूलर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** भीषण गर्मी को देखते हुए सरायकेला जिला बार एसोसिएशन और कोर्ट प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कोर्ट परिसर में 165 लीटर क्षमता वाले वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर लगाया गया। शुक्रवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विजय कुमार, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश और संयुक्त सचिव प्रशासन भीम सिंह कुदादा के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया गया। ताकि कोर्ट में सभी को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल मिल सके। वैसे सरायकेला कोर्ट परिसर में जिला बार एसोसिएशन व जिला कोर्ट प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बीते एक वर्ष में कोर्ट परिसर को काफी सुंदर व सुसज्जित बनाया गया है। लगभग 11 लाख रुपए की लागत से बार परिसर का कायाकल्प भी हो रहा है। मौके पर एडीजे - 1 अमित शेखर, एडीजे- 2 कानन पटदार, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, डालचा सचिव क्रांति प्रसाद, सीजेएम मंजू कुमारी, एसीजेएम कवितांजलि टोप्पो, एसडीजेएम एसके पिंगुआ, जिला बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नाईकी हेब्रम, सुनीत कर्मकार, वरीय अधिवक्ता केपी दुबे, राजेंद्र प्रसाद महतो, एससी हाजरा, लोक अभियोजक अशोक शर्मा, सहायक लोक अभियोजक प्रवीण सिंह, ट्रेजर दुर्गा चरण जोंको, अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह, कुणाल रथ, राजेश सिन्हा, जॉनी हाजरा, पार्थो दास, राजेंद्र तांती, शंकर सिंहदेव, प्रदीप रथ, राम गोविंद मिश्रा, तपन मालाकार, अरविंद तिवारी, सहित दर्जनों अधिवक्ता सहित कोर्ट कर्मी उपस्थित रहे।

# विशेष पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर विशेष पदाधिकारी ने जुडको व सभी संवेदकों के साथ बैठक कर भौतिक प्रगति स्थल का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कार्य मे तेजी लाने,गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि लाभुकों को ससमय किस्त प्राप्त कर योजना ससमय पूर्ण किया जा सके। साथ ही कार्य मे लगे सभी लोगों को सुरक्षा मानकों को ध्यान मे रखकर निर्माण कार्य कराने से संबांधित निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आवास योजना के नोडल पधाधिकारी राहुल कुमार, टाउन प्लानर दीपक माझी,जुडको के डीजीएम संतोष चौबे,पीएम धनंजय कुमार सहित सभी संवेदक शामिल रहे।

# सामाजिक सेवा संघ की बैठक में अध्यक्ष पर लगे आरोप पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सामाजिक सेवा संघ की एक बैठक कालीमाटी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी। शुक्रवार को संघ के द्वारा आयोजित बैठक में संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत, झामुमो नेता बलदेव भुइयां सहित सामाजिक सेवा संघ के सक्रिय कार्यकर्ता महिला और पुरुष शामिल रहे। बैठक के दौरान विगत दिनों 12 फरवरी को राजनीतिक साजिश के तहत समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामन्त सहित महिला कार्यकताओं को पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए जेल भेजने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने बताया अजलि नाग के मां लक्खी नाग के खिलाफ लड़की अंजलि नाग को जिला प्रशासन के द्वारा डरा धमका कर किडनैपिंग का केस कराया गया था। जबकि ऐसी कोई बात नहीं था। उन्होंने बताया लक्खी नाग से पारिवारिक संबंध है। अंजलि नाग उनका एक ही बेटी थी। फेसबुक के माध्यम से दोस्ती होने पर एक लड़का के साथ भाग कर विवाह कर ली थी। अंजलि की मां को सूचना मिली थी कि उसकी बेटी परीक्षा देने के लिए जमशेदपुर आई है। वे घर आना नहीं चाह रही थी, जिसका जानकारी बिरसानगर पुलिस को देने गए थे। उन्होंने बताया लड़की की मां लक्खी नाग ने अपने महिला साथियों के साथ लड़की को घर लाने का प्रयास की थी। लड़की द्वारा नहीं मानने पर न्याय के उसे बिरसानगर थाना ले जाया गया था। थाना में डरा धमका कर किडनैपिंग का केस कराया गया। जबकि हम सभी लोग लड़की अंजलि नाग को बिरसानगर थाना में लेकर गये थे। उसके बावजूद हम लोगों को बिना जांच किए केस दर्ज कर लड़की को उसके मां के खिलाफ भड़का कर जेल भेजा गया। उन्होंने बताया सामाजिक सेवा संघ बरसों से समाज में लोगों का सहयोग में काम करते आ रही है। कोरोना काल में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जनता से जुड़े कार्य सामाजिक सेवा संघ के द्वारा लगातार किया गया। उन्होंने बताया पीड़ित महिला के सहयोग में महिलाओं के द्वारा थाना में न्याय की गुहार लगाने गए थे। लेकिन जिला प्रशासन कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राजेश सामंत ने कहा कुछ अपने व अन्य राजनीतिक दल के द्वारा सामाजिक एक्टिविटी से प्रभावित होकर साजिश के तहत फंसाया गया। उन्होंने बताया न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है। जांच होने पर सच्चाई सामने आएगी। वही बलदेव भुइयां ने बताया राजेश सामान शहर में सामाजिक कार्य से जुड़े काम करते हैं। उनको साजिश के तहत फसाया गया। उन्होंने बताया सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत के द्वारा बरसों से शहर और ग्रामीण क्षेत्र में जन समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाना और जनता की सेवा का कार्य किया जा रहा था। लेकिन इस तरह से किडनैपिंग की मामले में पुलिस का कार्रवाई सोच के बाहर है। उन्होंने जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी से जांच कर न्याय दिलाने का आग्रह किया।

# वज्रपात से युवक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** आंधी- तूफान और वज्रपात से अनुमंडल कार्यालय के समीप सार्वजनिक दुर्गा पूजा मैदान में पीपल के पेड़ पर बिजली गिरने से लहराता पेड़ धू-धू कर जल उठा। वहीं सरायकेला थाना अंतर्गत बांधडीह पंचायत के भालूबासा गांव में वज्रपात की चपेट में आकर आठवीं कक्षा के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक छात्र का नाम संदीप महतो बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने एक दोस्त के साथ घर के बगल में ही खेल रहा था। इसी दौरान बिजली की चपेट में आगया। जानकारी मिलते ही परिवार वाले आनन- फानन में सरायकेला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## रोजगार की तलाश में गुजरात जा रहा युवक रास्ता से हुआ लापता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बिंदोरा गांव का एक 22 वर्षीय युवक मुन्ना खेरवार पिता स्वर्गीय कोल्या खेरवार रोजगार की तलाश में गुजरात जाने के दौरान रास्ते से लापता हो गया जिसे लेकर परिजन काफी चिंतित है और मुन्ना की तलाश कर रहे हैं गुरुवार को मुन्ना खेरवार की मां ललकी देवी एवं छोटे भाई अजय खेरवार ने बताया कि मुन्ना को गांव के ही मनोज खेरवार अपने साथ मजदूरी का काम करने के लिए 13 मई को गुजरात अपने साथ ले गया वहीं एक अन्य युवक बीरू सिमडेगा का दुर्गा खेरवार भी साथ में गया पर इधर बुधवार को बीरू सिमडेगा लौट चुके मनोज खेरवार एवं दुर्गा खेरवार ने मुन्ना के परिजनों को कॉल कर जानकारी दी कि मुन्ना गुजरात जाने के दौरान सूरत के नौशादपुर रेलवे स्टेशन से लापता हो गया जिसके बाद वह दोनों वापस सिमडेगा लौट गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार मुन्ना खेरवार पहले भी मजदूरी का काम करने हिमाचल प्रदेश एवं पटना जा चुका था मुन्ना दिसंबर 2022 को ही पटना से घर लौटा था जिसके बाद मनोज के कहने पर उसके साथ गुजरात जा रहा था।

# टांगी से हमला करनेवाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले के एक गांव में दो नाबालिग किशोरियों से साथ सात नाबालिग छात्रों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह गुमला थाना की पुलिस पु अ नि विवेक चौधरी के नेतृत्व में गांव पहुंची, जहां एक नाबालिग किशोरी के पिता ने कुल्हाड़ी से पुलिस पर हमला कर दिया वही हमला में विवेक चौधरी को कुल्हाड़ी के डंडे से सिर में चोट लगी घटना के बारे में विवेक चौधरी ने बताया हम लोग पुलिस की टीम और कुछ ग्रामीणों के साथ एक आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंचे तथा घर का दरवाजा खटखटाया जिसके 30-40 सेकंड बाद दरवाजा खुला और एक व्यक्ति हाथ में कुल्हाड़ी लिए पुलिस को गंदा गंदा गाली गलौज करते हुए बाहर आया और हम पर जानलेवा हमला कर दिया। किसके बाद पुलिस बल के द्वारा रोक लिया गया फिर भी कुल्हाड़ी के डंडे से मेरे सिर पर चोट लगी किसी तरह पुलिस बल के द्वारा उस व्यक्ति को काबू किया गया इनके द्वारा अपने घर की तलाशी लेने से भी रोका गया जिससे सरकारी काम में बाधा उत्पन्न हो गई जब इनसे इनके पुत्र के बारे में पूछा गया तो बताया कि हम कभी नहीं बताएंगे उसे हम दूसरे जगह भेज दिए हैं जिसके बाद पुलिस के साथ गाली गलौज करने, मारपीट करना, सरकारी काम में बाधा पहुंचाना तथा नाबालिक के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले अपराधी को सरंक्षण देने के तहत आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया जिसके बाद गुरुवार की देर शाम न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### छह आरोपी को भेजा गया बाल सुधार गृह, एक आरोपी फरार

**गुमला। जिले के एक गांव में बीते दिनों दो नाबालिग किशोरियों के साथ नाबालिक छात्रों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद पुलिस ने पांच आरोपी छात्रों को पकड़ कर थाना लाई वही पूछताछ के बाद पांचों आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की जिसके बाद शुक्रवार की सुबह एक और आरोपी ने थाना आकर अपने आप को पुलिस के हवाले किया जिसके बाद 6 आरोपी को शुक्रवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया वही एक आरोपी अभी भी फरार है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। वही सभी आरोपी चौथी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक में पढ़ाई करते हैं वही सभी की उम्र लगभग 9 साल से लेकर 14 साल के बीच है।**

## सड़क दुर्घटना में मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के जारी थाना अंतर्गत तेतरटोली गांव के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वही दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घटना गुरुवार रात 2:00 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में जारी थाना क्षेत्र के हुंटार गांव निवासी 18 वर्षीय सुरेश लोरा की मौत हो गई वही गांव के ही 16 वर्षीय सोनू खेरवार एवं 20 वर्षीय रविंद्र खेरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर लाकर भर्ती कराया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गय। पुलिस ने मृतक सुरेश लोहरा के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सब इंस्पेक्टर उज्जवल कुमार ने बताया कि तीनों युवक शादी समारोह में भाग लेने रातासिली गांव जा रहे थे इसी बीच तेतर टोली गांव के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने से बाइक एक पेड़ से जा टकराई जिससे बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाना ले लाया गया है गया है।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



**डुमरी गुमला।** डुमरी प्रखंड क्षेत्र के जैरागी, मजगांव सहित कई गांव में शुक्रवार को सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस पूजा को लेकर डुमरी प्रखंड की सुहागिन महिलाएं प्रथम दिन गुरुवार को निष्ठा पूर्वक नहाए खाए के साथ संयोत कर पूजा की शुरूआत किया। इसके पश्चात आज दूसरे दिन शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर बरगद के पेड़ में रक्षा सूत्र मौली बांधकर पूजा अर्चना कर सावित्री सत्यवान का कथा सुनकर पुजा का समापन किया। बता दे कि वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिनों ने शुक्रवार को स्नान, सिंगार करने के बाद नए वस्त्र धारण कर वटवृक्ष में जल अर्पित कर गुड़ चना फल अक्षत के साथ-साथ फूल बेलपत्र चढ़ाने के बाद पूजा अर्चना किया इसके पश्चात सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष में रक्षा सूत्र मौली धागा बांधकर वट वृक्ष का परिक्रमा कर अपने पति के लंबी आयु की कामना किया मान्यता के अनुसार इस व्रत के पुण्य प्रभाव से व्रती महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती हैं। बताते चलें कि वट सावित्री पूजा प्रखंड क्षेत्र के सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबी उम्र की कामना को लेकर करती है। वहीं प्रखंड में सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह के साथ साथ चहल पहल देखा गया।

## विवाहित महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र में विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस मौके पर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए वट वृक्ष की परिक्रमा कीं। साथ ही आचार्य द्वारा मंत्रोचार के साथ वट सावित्री पूजा के माता को बताया व कैसे मां सावित्री भगवान से ज़िद कर अपने पति को पुनर्जीवन मांगी। बताते चलें कि घाघरा प्रखंड के घाघरा, देवाकी, आदर, चपका, आरंगी सेहल, चुंदरी, सरांगो सहित तमाम गांव में विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी।

## पत्रकार पर हमले का काला बिल्ला लगा कर किया विरोध



**डुमरी।** धनबाद में पत्रकार प्रवीर महतो पर अपराधियों द्वारा गोली चलाकर जानलेवा हमले के विरोध में शुक्रवार को डुमरी प्रखंड के पत्रकारों द्वारा काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया सभी पत्रकारों ने एक आवाज में कहा कि दुर्भाग्य है कि जिस पत्रकारो के द्वारा समाज का आइना सभी के बीच प्रर्दशित किया जाता है अब उसी पत्रकारों पर जानलेवा हमला होने लगा है यह कतई बर्दाश्त नही किया जाचेगा। आज यह काला बिल्ला लगाकर सिर्फ प्रदर्शन ही नही बल्कि इस अपराध के विरोध एक चेतावनी है। सरकार द्वारा जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना चाहिए। मौके पर प्रेम प्रकाश भगत, अभिषेक कुमार, उदय साहू, अभिमन्यु जयसवाल, नितेश गुप्ता, नितेश केशरी शामिल थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**सिसई।** प्रखंड सभाकक्ष में बीडीओ सुनीला खलखो व सीओ अरुणिमा एक्का के द्वारा शुक्रवार को रक्त दान करने वालों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बीते 13 अप्रैल को रेफरल अस्पताल सिसई मे प्रखंड स्तरीय रक्त दान शिविर में कुल 22 लोगों ने रक्त-दान किया था। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में शौकत अंसारी, सुषमा तिर्की,जौरी देवी, विकास उरांव, असफाक अंसारी, एमरोज अंसारी,ओज कुमार जायसवाल, बिनुलाल साहु, दिलीप कुमार सिंह, मरियानुस टोप्पो, निलाम्बर सेनापति, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार,अमित कुमार दुबे व सुजीत बैठा शामिल थे। सिसई प्रखंड में भी आगामी 22 मई सोमवार को रेफरल अस्पताल परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला समूहों, बैंक कर्मियों सहित सरकारी व निजी संस्थानों के कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सभी सामाजिक व राजनैतिक दलों के कार्यकर्त्ताओं, स्थानीय संगठनों व सिसई वासियों से भारी संख्या में निर्धारित तिथि को रेफरल अस्पताल में आयोजित रक्त-दान शिविर में पहुंचकर सभी से रक्त-दान करने की अपील की है।

## जेटीडीएस और आदि आदर्श ग्राम योजना के संबंध में हुई समीक्षात्मक बैठक



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आदि आदर्श ग्राम योजना एवं जेटीडीएस अंतर्गत पीवीटीजी ग्राम योजना की समीक्षात्मक बैठक का आयोजजन किया गया। बैठक में पीवीटीजी अंतर्गत ग्रामों में किए जा रहे पंचायत स्तरीय सर्वे की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई जिसके तहत 163 ग्रामों के विरुद्ध अब तक 20 ग्रामों में सर्वे करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उपायुक्त ने जून माह के पहले सप्ताह तक शत प्रतिशत ग्रामों का सर्वे कर लेने का निर्देश दिया। उक्त योजना अंतर्गत पीवीटीजी अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों का सर्वे करते हुए वहां के आवश्यकर्ताओं का आंकलन कर प्रतिवेदन तैयार किया जायेगा। इस दौरान चिह्नित स्थानों पर ओपन जिम लगाने का कार्य भी बारिश के मौसम से पूर्व पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। इसके अलावा एकलव्य विद्यालय का कार्य, छात्रवृत्ति योजना, रोजगार सृजन योजना आदि की भी समीक्षा की। आगामी 29 एवं 30 मई को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में कृषि के विकास से संबंधित लगाए जाने वाले कैंप में छात्रवृत्ति के संबंधित समस्याओं के निदान हेतु भी स्टॉल लगाने की बात कही। उपायुक्त ने आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सभी ग्रामों में 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर युद्ध स्तर पर लेमन ग्रास लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कमसे कम एक एकड़ सरकारी जमीन पर लेमन ग्रास की खेती की जानी चाहिए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## अंजुमन के सदर, सेक्रेट्री और नाजिम ए आला का चुनाव 25 जून को



**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला का आम चुनाव 25 जून को संपन्न होगा। यह चुनाव 3 पदों के लिए कराया जायेगा। जिसमें सदर, सेक्रेटरी और नाजिम आला आम चुनाव के माध्यम से निर्वाचित किए जायेंगे। गुमला शहरी क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के सदस्य इस चुनाव के मतदाता होंगे। मतपत्र के माध्यम से गुप्त मतदान की प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया जायेगा। उक्त बातें अंजुमन चुनाव कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अली ने कही। उन्होंने आगे बताया कि आम चुनाव पिछली बार वर्ष 2017 में संपन्न हुआ था। वर्ष 2020 में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए थे। इसलिए अंजुमन चुनाव कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष आम चुनाव प्रक्रिया में नहीं जा सके थे। शुक्रवार को चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए इरफान अली ने बताया कि अंजुमन इस्लामिया, गुमला के आम चुनाव 2023 की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिसके तहत 2 जून को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 06/जून एवं 07/जून को नामांकण फार्म की बिक्री की जायेगी। 09 जून एवं 10 जून को नामांकण फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है। उसके बाद 11 जून को प्रत्याशियों द्वारा भरे गये पर्चे की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं 12 जून को नाम वापसी होगी। तत्पश्चात 13 जून को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा।

### अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद भेजेगा नोटिस

# अंचल कर्मियों के साथ कई भूखंडों की जांच की

**औपचारिक तौर से उक्त सभी भूखंडों की नापी कराने हेतु अंचल अधिकारी को लिखा जा रहा है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला शहर में व्यस्ततम इलाकों में आवागमन के लिए रास्ते संकरे होते जा रहे हैं, वाहनों का घनत्व और जनसंख्या घनत्व तेजी से बढ़ रहा है, फुटपाथी दुकानदारों की संख्या भी बढ़ रही है, ऐसे में भविष्य के शहरी प्रबंधन को लेकर पार्किंग, बाजार आदि के लिए शहरी क्षेत्र में गैरमजरूआ भूमि खोजना नगर परिषद के लिए प्राथमिक काम हो गया है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने अपने नगर प्रबंधक, सदर अंचल के राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन आदि को साथ लेकर जशपुर रोड, पटेल चौक और बस स्टैंड परिसर में ऐसे कई भूखंडों की प्राथमिक जांच करवाई जो प्रथम द्दष्टया गैरमजरूआ भूमि पर अतिक्रमण नजर आया या फिर जहां गैरमजरूआ प्रकृति की भूमि पर संदिग्ध जमाबंदी की शिकायतें मिलीं। इस दौरान उन्होंने न केवल अंचल अमीन से नक्शे के आधार पर सरसरी तौर पर ऐसे कई भूखंडों के बारे में स्थल पर ही जानकारी ली बल्कि स्थानीय लोगों से भी फीडबैक लिया कि किस प्लॉट पर किस व्यक्ति का वैध/अवैध दखल कब्जा पिछले कितने समय से है। औपचारिक तौर से उक्त सभी भूखंडों की नापी कराने हेतु अंचल अधिकारी को लिखा जा रहा है। साथ ही संदिग्ध कब्जा धारियों नोटिस जारी कर उनका पक्ष जाना जायेगा। संजय कुमार ने बताया कि उनका मकसद न केवल शहर की महत्वपूर्ण भूमि से अवैध कब्जे धारियों को हतोत्साहित करना है बल्कि शहरी प्रबंधन से जुड़े जरूरी कार्यों के लिए लैंड बैंक तैयार करना है।

### फॉलो अप : नगर परिषद के बर्ताव से बहुत खुश हैं शहर के सब्जी विक्रेता

# प्रशासक की अपील: शहर के लोग सब्जी खरीदने वेंडिंग मार्केट तक जरूर आयें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** दशकों से सड़क पर यत्र-तत्र बैठकर सब्जी बेचने वाले शहर के सब्जी विक्रेता नगर परिषद की पहल से स्थाई जगह पाकर काफी खुश हैं। पालकोट रोड स्थित नगर परिषद वेंडिंग जोन में बैठ रहीं फूलो देवी का कहना है कि उनकी सास टावर चौक में सब्जी लगाया करती थीं किंतु उनकी मृत्यु के बाद अव वे सास के सब्जी व्यवसाय को आगे बढ़ा रहीं हैं, वेंडिंग जोन में स्टाल मिलने से पूर्व वे पूरे पालकोट रोड में यहां वहां जगह ढूंढ कर बैठती थी, इस दौरान उन्हें यहां से वहां हटाया भी जाता था किंतु अब उन्हें स्थाई स्थान आवंटित हो गया है, अब उनकी जिंदगी में निश्चिंतता आ गई है। दुर्गा बाड़ी मंदिर के पास वेंडिंग जोन में स्टॉल पाकर अर्जुन साहू भी काफी खुश हैं।उनका कहना है कि वे सड़क पर बैठकर सब्जी बेचते थे, किंतु हर पल मन दुर्घटना की आशंका से ग्रस्त रहता था लेकिन यहां आकर वे सुरक्षित माहौल में व्यवसाय कर रहे हैं। इसके लिए वे नगर परिषद को बार-बार धन्यवाद दे रहे हैं। लोलांति बाड़ा पिछले 10 वर्षों से सब्जी बेच कर अपनी जीविका चला रही हैं, जहां भी शहर में जगह मिलती थी वही जगह ढूंढ कर बैठ जाती थीं। बिक्री भी स्थाई नहीं थी किंतु उनका कहना है की नगर परिषद ने न केवल उन्हें जगह दी बल्कि उन लोगों का शहर में खूब प्रचार भी कर दिया, जिससे अब शहर के लोग वेंडिंग जोन में आयेंगे और उन्हें पहले की तरह ग्राहकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार एक सब्जी विक्रेता वीरेंद्र पांडे कहते हैं कि वे पिछले 15 वर्षों से सब्जी का व्यवसाय कर रहे हैं उन्होंने कहा कि वे जब सड़क पर बैठते थे तब बिक्री थोड़ा ज्यादा होती थी किंतु वे आशा जताते हैं कि जैसे-जैसे वेंडिंग जोन का प्रचार होगा ग्राहकों का आना बढ़ेगा तब उन्हें दिनभर अपने व्यवसाय से फुर्सत नहीं मिलेगी। इसी प्रकार एक सब्जी विक्रेता कांता टोप्पो काफी खुश हैं।

## कुआं में डूबने से युवक की मौत

**सिसई।** थाना क्षेत्र के सकरौली ऊपरटोली निवासी सुकरू उरांव का पुत्र विकास उरांव(22) की अपने ही कुआं में डूबने से मौत हो गई। घटना के बावत मृतक के पिता सुकरू उरांव ने बताया कि मैं शुक्रवार की सुबह पानी भरने के लिए कुआं में पानी मशीन चालू करने गया था, जहां पानी में बेटे के शव को तैरता देख स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि रामानंद सिंह, वार्ड सदस्य कृष्णा कुमार साहु, चौकीदार विरसा उरांव सहित कई लोग घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया गया है। वहीं मृतक की पत्नी उर्मिला देवी, पिता सुकरु उरांव सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

## बाइक की टक्कर से दो लोग हुए घायल एक की स्थिति गंभीर, रिम्स रेफर

**गुमला।** शादी समारोह से घर लौटने के क्रम में पोढ़ा पहान टोली के समीप पैदल चल रहे 2 लोगों को बाइक सवार ने मारी टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर गए जिन्हें तत्काल ग्रामीणों के द्वारा ऑटो से सदर अस्पताल पहुंचाया गया जानकारी देते हुए एक ग्रामीण ने बताया पोढा पाहन टोली निवासी दीनू खड़िया और विजय खड़िया बागेसेरा गांव से शादी समारोह में भाग लेकर पैदल घर लौट रहे थे तभी पोढा पाहन टोली के समीप एक बाइक चालक तेज गति से दोनों को टक्कर मार दिया जिसके बाद बाइक चालक अपना वाहन छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया वही विजय खड़िया तो सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगी जिसे सदर अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

## बीडीओ ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक की



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सप्ताहिक समीक्षा बैठक बीडीओ विष्णुदेव कच्छप की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में कार्य पर लापरवाही बरतने व समय से बैठक में न पहुंचने के कारण 5 कर्मियों को स्पष्टीकरण मांगा गया। बैठक में विभिन्न पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई वही विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश संबंधित विभाग के कर्मियों को दिया गया। इस दौरान बीडिओ ने निर्देश दिया है कि कूप निर्माण, आंगनबाड़ी व खेल मैदान को जल्द से जल्द पूरा करे। वही सभी पंचायत के रोजगार सेवकों को निर्देश दिया है कि जितने भी सक्रिय मजदूर है उनका किसी त्रुटि के कारण मजदूरी भुगतान नहीं हो रहा है तो वैसे मजदूरों का पोस्ट ऑफिस में खाता खोले। प्लांटेशन के लिए गड्ढा खोदने में तेजी लाएं और योजनाओं को जल्द से जल्द शुरू करे। प्रधानमंत्री आवास योजना जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है उसे जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश भी बीडिओ ने दिया। सभी कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी योजना से कोई वंचित ना रहे लोगों को जागरूक करते हुए योजनाओं का लाभ दे। बगैर अनुमति के बैठक में ना आने विकास कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण कनीय अभियंता रंजीत कुमार वर्मा, हरि उरांव, पंचायत सचिव लगनू उरांव, रोजगार सेवक पूजा कुमारी व संजय लोहरा से स्पष्टीकरण मांगा गया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, बीपीओ अजय लकड़ा, विकाश कुमार, विवेक कुमार, अशोक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा में मुखिया संघ की बैठक

**घाघरा।** प्रखंड मुखिया संघ की बैठक शुक्रवार को चपका पंचायत भवन में मुखिया राजेश बड़ाईक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान सभी मुखिया ने बीडिओ विष्णुदेव कच्छप को हस्तलिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि जिला प्रशासन और पंचायती राज से जो लेटर प्रेषित होता है उसका छायाप्रति मुखियाओ को उपलब्ध कराया जाए। मनरेगा योजना में पंचायत कार्यालय से दिनांक पत्रांक के साथ जो योजनाओं का सूची उपलब्ध हो उसे ही एंट्री कराया जाए। 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक को निर्धारित दिन के अनुसार सप्ताह में उपस्थित होने होना सुनिश्चित कराया जाये। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश बड़ाईक, अंगनी उरांव, चांदनी भगत, बिनीता कुमारी, यशमुनि देवी, बिनोद उरांव, फिरंगी उरांव व रानी उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** भाई से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद पुग्गू करमडीपा निवासी 23 वर्षीय समीर टोप्पो पिता महेंद्र टोप्पो ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित के भाई ने बताया हम लोग सभी घर में थे किसी बात को लेकर भाई से बकझक हो गयी जिसके बाद वह घर के अंदर गया और कीटनाशक का सेवन कर लिया थोड़ी देर बाद आंगन में आकर धड़ाम से गिर गया जिसके बाद हम लोग तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल आए जहां उसका इलाज चल रहा है।

### आयोजनः गुमला जिला स्थापना दिवस पर लायंस क्लब में हुआ कवि सम्मेलन

# कवियों ने बिखेरे शब्दों के जादू, हास्य कवियों ने खूब गुदगुदाया

**हम आज भी वही काम करते हैं जो भावनाएं हमारे दिल में उत्पन्न होती हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य पत्रकार संघ लायंस क्लब के संयुक्त तत्वधान में कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से नामचीन कवि कवित्री शायरों ने शिरकत दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद के प्रशासक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार व बतौर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा कि भौतिकवादिता के इस युग में साहित्य की सेवा करना आसान काम नहीं है। उन्होंने आयोजकों और कवियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बुद्धिजीवी वर्ग है जो सामाजिक संरचना का संतुलन बनाए हुए हैं। यह साहित्य का ही मंच है जो राजनीति से हटकर आज के परिवेश में कौमी एकता, आपसी भाईचारा, सौहार्द, विकास और आंतरिक संबंधों की बात करता है। यह संदेश कवि सम्मेलन से प्राप्त होता है कि हम अपने आने वाली नस्लों को क्या देकर जा रहे हैं। कवि सम्मेलन केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि कवियों की हर एक पंक्तियां एक नया संदेश समाज को देती है। वहीं विशिष्ट अतिथि चैतू उरांव ने कहा कि कवियों की भाषा दिल को छूती है। और दिल को छूने वाली हर बात समाज में गहरा असर छोड़ती है। हम आज भी वही काम करते हैं जो भावनाएं हमारे दिल में उत्पन्न होती हैं।

उन भावनाओं को टटोलने उन्हें समझने और समझाने का हुनर कुदरत ने कवियों को प्रदान किया है। उन्होंने आयोजकों की तारीफ करते हुए कहा कि इतना सुंदर कार्यक्रम वर्ष में कई बार होने चाहिए। कार्यक्रम में आमंत्रित उर्दू अकादमी उड़ीसा के अध्यक्ष नफीस दशनवी ने अपनी गजलों मुक्तकों से कार्यकार्म में समा बांध दिया। भुवनेश्वर के शाकिर वारसी ने तरन्नुम में कई अशआर सुनाए। बलिया यूपी से प्रतिभा यादव ने अपने कलाम और आवाज का जादू बिखेरा।

यूपी से आई यीशु कुमारी की मुक्तकों ने श्रोताओं की तालियां खूब बटोरीं। पटना बिहार से आए चोंच गयावी की हास्य व्यंग ने लोगों को गुदगुदाया। धनबाद से हास्य रस के कवि बसंत जोशी की रचनाओं से पुरी महफिल लोटपोट हो गई। जमशेदपुर से आए दिलशाद नजमी की मधुर तान से कार्यक्रम स्थल मंत्रमुग्ध हो गया। वहीं स्थानीय कवियों में शंभू शरणम ने म्यूजिक के साथ अपनी रचना सुना कर वाहवाही लूटी। सरफराज कुरैशी के हास्य मुक्तकों ने धमाल मचाया। स्वपन कुमार राय की छंदमुक्त कविताओं को श्रोताओं ने काफी सराहा। रिजवान असदकी की नज्मों पर खूब वाहवाही मिली।

कार्यकम का संचालन पत्रकार व शायर आफताब अंजुम अजहर ने किया। जेएसयूजे के संरक्षक हरिओम सुधांसु ने लोगों के समक्ष साहित्य से संबन्धित कई अच्छी जानकारियां दी। लायंस क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर कांग्रेस के महामंत्री फिरोज आलम, राजू रंजन महतो, रामनिवास प्रसाद, तरुण गोप, अशोक आनंद शंकर लाल जाजोदिया, मनमोहन केशरी, बनवारी लाल अग्रवाल, दामोदर कसेरा, बृज फोगला, ओम प्रकाश साहू, विशाल कुमार बिट्टू, पदम साबू, शशि किरन जायसवाल, किरन केशरी, राज आनंद, रीता कुमारी लाल, शिव कुमार लाल, पवन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की हुई जांच



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार पंचायत सचिव के लिए नियुक्ति से संबधित अनुशंसित अभ्यर्थियों की मेघा सूची के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों की जांच शुक्रवार से प्रारंभ हो गयी है। अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की जांच शनिवार को भी सुबह 10 बजे शाम चार बजे तक होगा। पलामू जिले के समाहरणालय स्थित ब्लॉक सी के सभागार में जांच प्रक्रिया चल रही है। आयोग की ओर से पलामू जिले के अनुशंसित अभ्यर्थी का पंचायत सचिव से संबंधित प्रवेश पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ स्थानीय प्रमाण पत्र एवं समर्पित अन्य कागजातों (मूल रूप में) की जांच की जा रही है।

प्रमाण पत्रों की जांच सह काउंसलिंग में पंचायती राज्य पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, सतबरवा के अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार के अलावा राम लखन राम, विनोद प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार आदि कर्मी जुटे हुए हैं।

### हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार में कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण का हुआ शिलान्यास

# प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे विकास कार्य : कमलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार ग्राम पंचायत में शुक्रवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग मद से कराए जा रहे कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। जिसे लेकर मुस्लिम समुदाय ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार जताया। शिलान्यास कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के सभी कब्रिस्तान की चहारदीवारी का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। वहीं, अजीत सिंह ने कहा की करोना काल के बाद जो भी समय हमलोगों को मिला उसमें दिन रात प्रयास कर हुसैनाबाद विधानसभा के विकास में लगे हुए हैं। जल्द ही पर्यटन विभाग से दंगवार सूर्य मंदिर बाउंड्री एवं समतलीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिसका प्रस्ताव विभाग से पास हो चुका है। वहीं, शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, हसन खलीफा, कलाम अंसारी, सदर मुख्तार अहमद, फरीद अंसारी, सुल्तान अंसारी, शेर मोहम्मद, बाबूजान अंसारी, वार्ड सदस्य रिजवाना खातून, चुन्नी खातून, विवेक गुप्ता, दिवाकर चौधरी, मुकेश गुप्ता, सत्येंद्र ठाकुर, संजय चौधरी, कादरी आदि मौजूद थे।


शिलान्यास करते विधायक प्रतिनिधि, 20 सूत्री अध्यक्ष, मुखिया व अन्य।

## केंद्र सरकार के नौ साल के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प




### भाजपा कार्यालय में हुई जिला कायार्कारणी की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक और संचालन श्याम बाबू ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पलामू जिला प्रभारी विनय जायसवाल, प्रशिक्षण प्रमुख प्रदेश मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पाकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उनके कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इसकी व्यवस्था सभी जगह प्रभारी लोकसभा से लेकर पंचायत स्तर तक किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के नेता, संपूर्ण जिला कार्यकारिणी सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चा के सदस्य गण, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष व अधिकारी और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वीर कुंवर सिंह ने ही फूंका था स्वतंत्रता की पहली लड़ाई का बिगुल: गिरिनाथ सिंह

### उटारी रोड़ के फेकनडीह में बाबू वीर कुवर सिंह की मूर्ति का किया गया अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**उंटारी रोड/पलामू।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि महान योद्धा बाबू कुंवर सिंह ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने मुट्ठी भर सैनिक के साथ अंग्रेजों की बड़ी फौज के दांत खट्टे कर पीछे हटने को विवश कर दिया था। पूर्व मंत्री शुक्रवार को प्रखंड के पांडेयपुरा अंतर्गत फेकनडीह टोला तीन मुहान चौक पर स्थापित बाबू कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर गुरुवार की रात आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के इस पहले योद्धा की कुर्बानी से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि और प्रतिमा के दानकर्त्ता व प्रदेश कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के योद्धा बाबू कुंवर सिंह का सारा जीवन त्याग और बलिदान कि गाथा से ओतप्रोत रहा है। वहीं, जिप सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह के देशप्रेम और उनके बलिदान को कभी भुला नहीं सकते। उनकी अमर जीवन गाथा से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने प्रतिमा स्थापना स्थल की घेराबंदी और छज्जा निर्माण कराने की घोषणा की। साथ ही उटारी प्रखंड मुख्यालय में भी उनकी प्रतिमा लगवाने की बात कही। इस मौके पर आयोजन प्रमुख और बाबू वीर कुंवर सिंह समन्वय समिति के अध्यक्ष नितेश सिंह, सचिव सह मीडिया प्रभारी लवकुश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभु सिंह आदि ने सौ से अधिक मंचासीन अतिथि को आकर्षक पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इनमें प्रमुख रूप से प्रदेश राजद नेता धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रिटायर्ड हेडमास्टर महेंद्र नाथ दूबे, श्रमिक नेता राकेश सिंह, अमित कुमार सिंह उर्फ बाबूल सिंह, ओम करण तिवारी, प्रो नंदलाल शुक्ल, सत्यनारायण तिवारी, मुखिया डॉ रामबचन राम, राजू सिंह, संजू सिंह, भृगुनाथ सिंह, लक्ष्मी सिंह आदि प्रमुख रूप से इस महती आयोजन के हिस्सा बने हुए थे। कई पत्रकार और इलाकाई मानिंद को अंगवस्त्र और बाबू कुंवर सिंह की स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित रंजीत सिंह, कृपा सिंह, नीरज सिंह आदि ने अपना यथेष्ठ सहयोग प्रदान किया। वहीं आयोजन के उपरांत बिहार से आए स्टार भोजपुरी गायक प्रदुम्न परदेशी और रोशन राज के बीच रातभर बाबू कुंवर सिंह की जीवनी सहित देश भक्ति और अन्य मनोरंजक गीतों की फुलझड़ियों से सैकड़ों उमड़े इलाकाई श्रोता आनंद विभोर रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो नंदलाल शुक्ल ने किया। इस मौके पर भूमिदाता बैजू सिंह को भी सम्मानित किया गया।



## सभी लीजधारकों को खनन नियमावली का हर हाल में पालन करना ही होगा : एसडीओ

### हुसैनाबाद एसडीओ ने खनन पट्टाधारियों के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने क्षेत्र के विभिन्न खनन पट्टाधारियों के साथ बैठक की। जिसमें खनन से संबंधित नियमावली पर चर्चा की गयी। एसडीओ ने पट्टाधारियों से मौजूदा स्थिति की जानकारी ली और सरकार की ओर से जारी नियमावली का शतप्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि लीजधारक लीज स्थल से वाहन निकलने पर चालान देना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही लोडिंग का भी ख्याल रखना जरूरी है। ओवरलोडिंग व बिना चालान के पकड़े जाने पर उक्त लीजधारक को आरोपी बनाया जाएगा व उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने सख्त निर्देश दिया कि सभी लीजधारकों को हर हाल में खनन नियमावली का पालन करना जरूरी है। बैठक में सुनील सिंह, लवकेश कुमार सिंह, धनंजय सिंह, ददन कुमार सिंह, कुंदन कुमार, भूदेव कुमार, रवि कुमार, अभय सिंह, अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।


खनन पट्टाधारियों के साथ बैठक करते एसडीओ कमलेश नारायण।






### सावित्री पूजा पर पर्यावरणविद ने लगाया बरगद का पौधा

# पति, प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए ही की जाती है वट सावित्री पूजा: कौशल किशोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा के अवसर पर शुक्रवार को मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष, देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के उपरांत पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परम्परा सदियों से आ रही है। परन्तु वट वृक्ष का पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास होता है।

पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में बट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज के हाथों से अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। वहीं, जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी, प्रकृति, सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरूआत किया है। पर्यावरण धर्म के तहत सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग एकत्रित होकर पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते है। जबकि मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके पति सह पर्यावरणविद ने अपना घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ अपनी निजी खर्चों पर पृथ्वी से प्रदूषण के सफाया के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधारोपण कर मानव के साथ-साथ 84 योनि जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे है। कार्यक्रम में प्रो अरुण कुमार जयसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रिंकी सिंह, प्रेमलता पांडेय, स्वाति दुबे, खुशी पांडेय, ज्योति सिंह, अनीशा देवी, प्रेमा पांडेय, सकिता, आकर्ष व आशिका आदि थे।


सुहागिन महिलाओं को शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल।

## सतबरवा शकल मंदिर में सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सतबरवा/पलामू।** वट सावित्री पूजा के अवसर पर शुक्रवार को सतबरवा शकल मंदिर और बलराम प्रसाद के घर के पास वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों ने श्रद्धाभाव के साथ पूजा अर्चना की। सभी सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा की और कच्चा सुत वट वृक्ष में लपेटकर अपने पति के दीघार्यु की कामना की। पौराणिक कथाओं के अनुसार सावित्री अपने पति सत्यवान का प्राण नहीं ले जाने के लिए यमराज को विवश कर दिया था। इसलिए पूजा के बाद सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी जाती है। यह जेष्ठ माह के अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।





















# वट सावित्री पूजा कर सुहागिनों ने मांगी अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पूरे कोयलांचल में शुक्रवार को वट सावित्री पूजा की धूम रही। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और नए कपड़ों के साथ सोलह सृंगार कर बरगद की पेड़ की परिक्रमा की। पुजारी ने सुहागिनों को वट सावित्री व्रत की कथा सुनायी। धनबाद, झरिया, निरसा, चिरकुंडा, कतरास, बाघमारा, बलियापुर इत्यादि में सुहागिनें बरगद के पेड़ की विधि विधान से पूजा करते व सामूहिक रूप से वट सावित्री व्रत की कथा सुनते देखी गयी। लोयाबाद में भी विधि विधान से सम्पन्न हुई वट सावित्री व्रत की पूजा अखण्ड सौभाग्य और अपने पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को लोयाबाद मे सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूरे विधी विधान के साथ पूजा अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं श्रंगार कर हाथ मे पूजा की थाल लेकर लोयाबाद के विभिन्न जगहो पर वट वृक्ष के निचे एकत्रीत हो वट सावित्री की पूजा करते देखी गयी। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में रक्षा सुत बांधा और फेरे लेकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की।यह व्रत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लौटाने के लिए यमराज को भी विवश कर दिया था। इस व्रत के दिन महिलाओ द्वारा सत्यवान-सावित्री कथा को पढ़ा और सुना भी जाता है।पूजा करने आयी महिलाओ ने बताया कि इस दिन सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु और सुखी गृहस्थी के लिए सूर्योदय से फलाहार या निर्जल व्रत कर वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करती है।

## पत्रकार गोलीकांड में एक हिरासत में, ग्रामीण पहुंचे थाना, कहा-निष्पक्ष जांच हो



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर के पत्रकार प्रबीर महतो गोलीकांड में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। प्रबीर द्वारा दिये गए बयान पर उन्ही के गांव रघुनाथपुर के धानु गोराई और राजू महतो को नामजद बनाते हुए दो अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया। गुरुवार को धानु गोराई को पुलिस ने हिरासत में लिया था शुक्रवार को भी खबर लिखे जाने तक धानु से पूछताछ जारी थी। वहीं शुक्रवार को रघुनाथपुर के दर्जनों महिला व पुरुष बलियापुर थाना पहुंच गए और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि प्रबीर महतो के प्रति हमारी भी सहानुभूति है पर पुलिस किसी दबाव के निष्पक्ष जांच करे और दोषी को गिरफ्तार करे।

## चिरकुंडा: शनिदेव मंदिर स्थापना दिवस के दूसरे दिन हवन कुंड में दी आहूति



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सोनारडंगाल स्थित श्री श्री संकटमोचन शनिदेव मंदिर की स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित श्यामलाल शर्मा ज्योतिषी ने शनिदेव का कपड़ाभिषेक, तेलाभिषेक कराया। अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें भोग लगाया गया। वहीं पंडित कृष्णानंद पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहूति देकर समाज और देश के लिए मंगल कामना की। शाम को भक्तों के बीच खीर का प्रसाद वितरण किया गया। रात में भगवती जागरण और शनिवार को पूणार्हुति व भंडारा के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा। मौके पर पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, महावीर शर्मा, गोपाल सिंह, दशरथ साव, अरुण मुखर्जी, मुक्तिनाथ श्रीवास्तव, इंद्रदेव प्रसाद, शशि कुमार, पवन शर्मा, दुर्गा गुप्ता, दिनेश शर्मा आदि थे।

## राजापुर वर्कशॉप डोजर सेक्शन में सेंधमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर वर्कशॉप के डोजर सेक्शन में गुरूवार की रात्रि चोरों द्वारा सेधमारी कर हजारों की संपत्ति चोरी कर लिया गया। घटना की सूचना कर्मचारियों को ड्यूटी आने के बाद शुक्रवार को हुई। चोरी की सूचना पर अधिकारियों ने डोजर सेक्शन पहुंचे और चोरी गए सामानों के आकलन किया। विगत कई महीनों से राजापुर वर्कशॉप से चोरों द्वारा लोहा व कीमती पॉट्स चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहे है। इससे वहां काम करने वाले कर्मी भयभीत रहते हैं। पूछे जाने पर भी कुछ भी बताने से परहेज करते हैं। कर्मियों का कहना है कि यहां चोरी की घटना आम बात हो गई है। प्रबंधन द्वारा कोई कड़ा एक्शन नहीं लेने के कारण बार बार ऐसी घटना घट रही है। मामले के संबंध मे प्रबंधक अनिल कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि डोजर सेक्शन में चोरी हुई है कुछ पुराने कुर्सी व पुराने पाट्र्स पुर्जे को चोर चुरा लिया गया है। इस संबंध मे झरिया थाना मे लिखित शिकायत किया जायेगा।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0 पंकज भुईया उर्फ पंकज कोरवा, पे0–पटेल कोरवा, सा0–कुदरूम टोला, ढेंगुरा बरबीहा, थाना रंका, जिला गढवा। भंडरीया थाना कांड सं0– 70/2018, दिनांक– 07.08.2018, धारा– 147/148/149/ 341/323/364/365 /504/ 506/ भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट। के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माानीय न्यायालय श्री कृष्ण लोहरा में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0–कुदरूम टोला, ढेंगुरा बरबीहा, थाना रंका, जिला गढवा। से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 297792 Police (23-24)_D


# धनबाद विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से मिल कर्मचारियों की पुनः बहाली की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पिछले दिनों शहर एक सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल से 120 आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर अस्पताल के कर्मियों ने शुक्रवार को अपनी सेवा ठप कर दी तो दूसरी ओर झरीया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह रांची में मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मिलकर सभी को पुनः बहाल करने की मांग की जबकि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर सभी आउटसोर्सिंग कर्मियों को फिर बहाल करने हेतु मांग पत्र सौंपा। झरिया विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि अपनी मांगों को लेकर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मी हड़ताल पर चले गए जिससे कि अस्पताल में आने जाने वाले व भर्ती मरीजो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द ही पुरे मामले पर उचित निर्णय लेने का आश्वासन विधायक को दिया। वहीं विधायक राज सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री से मिल कर्मियों के हटाये जाने के बाद अस्पताल में उतपन्न स्तिथि की जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल की स्तिथि दयनीय हो गयी है। यहां तक अस्पताल के डॉक्टरों ने भी धमकी दी है की वे भी ओपीडी और इमरजेंसी की सेवा बंद कर देंगे। बताते चलें कि पिछले दिनों अस्पताल प्रबंधन ने 120 आउटसोर्सिंग कर्मियों को काम से हटाने का आदेश जारी कर दिया था।

जिसके बाद अस्पताल में कर्मियों की कमी हो गयी है। ऐसे में डाइलिसिस, एक्सरे के अलावे कई प्रकार की जरूर चिकित्सीय सेवा पर इसका प्रभाव पड़ने लगा है। हटाये गए आउटसोर्सिंग कर्मियों में कई विभिन्न विभाग के टेक्नीशियन भी हैं।

## घायल प्रबीर से भाजपा और कांग्रेस विधायक रिम्स जाकर मिले

धनबाद (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को धनबाद के भाजपा विधायक राज सिंहा और झरिया से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने रिम्स में गोली लगने से घायल इलाजरत बलियापुर के पत्रकार प्रबीर महतो से अलग अलग मिले और उनका हाल जाना। राज सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री को फोन कर रिम्स में प्रबीर के चल रहे उपचार की जानकारी दी और उन्हें बेहतर सुविधा दिलाने का अनुरोध किया जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने दूरभाष पर रिम्स प्रबन्धन से बात कर प्रबीर को बेहतर सुविधा देने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर विधायक पूर्णिमा सिंह ने भी रिम्स के चिकित्सकों से प्रबीर के स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर सुविधा देने की बात कही।


### उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(एन0आर0ई0पी0, शाखा)

**अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03, वर्षः 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लातेहार।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–26.05.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 AM बजे से 5.00 PM बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय कक्ष में।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–27.05.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक–27.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0 प्रा0 विद्यालय, अखरा में चाहर दिवारी निर्माण। | 1039146.00 | 21000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | रा0 प्रा0 विद्यालय, लाभर में चाहर दिवारी निर्माण। | 923434.00 | 19000.00 | 1250.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार मे भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पद् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR 297779 Rural Development(23-24)D


## तस्करी के लिए ले जाये जा रहे गौ वंश लदा वाहन पलटा, पुलिस गिरफ्त में लेकर कर रही है कार्रवाई



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के रास्ते से पश्चिम बंगाल में गौ तस्करी का मामला कोई नया बात नहीं है। ताजा मामला शुक्रवार के सुबह करीब 4:00 बजे का है। मैथन ओपी अंतर्गत जोड़ा मंदिर के समीप गोवंश की तस्करी के लिए ले जा रही टाटा योद्धा वाहन संख्या हइ37ए/ 1740 अनियंत्रित होकर पलट गयी। वाहन में 5 गोवंश लदा हुआ था जिसमें 2 की मृत्यु हो गयी और तीन गौ वंश बुरी तरह घायल हो गये जिसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मैथन पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मैथन ओपी लाकर मुकदमा करने की तैयारी कर रही है। टाटा योद्धा वाहन के चालक समीर अंसारी उर्फ कुरैशी और वाहन मालिक एवं एक गुड्डू नामक व्यक्ति के ऊपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर करने की तैयारी कर रही है। मालूम हो कि इन दिनों छोटे वाहन के माध्यम से प्रतिदिन 10 से 15 जानवर लदे गाड़ी मैथन ओपी होते हुए पश्चिम बंगाल की सीमा में प्रवेश करते है।

## सांसद ने की धनबाद भाजपा के आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम की शुरुआत




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को धनबाद महानगर भाजपा में आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद पशुपतिनाथ सिंह के द्वारा किया गया।उद्घाटन के मौके पर सांसद ने कहा की भारतीय जनता पार्टी राजनीति के हर स्तर पर सुचिता और शुद्धता को स्थापित करती है। एक ओर जहाँ की विशिष्ट विचार धारा है वही दुसरी ओर आजीवन सहयोग निधि जैसी अनुठी पारदर्शी व्यवस्था भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर के अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से धनबाद नगर निगम के निवर्तमान महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह , संजीव अग्रवाल, रमेश राही, नितिन भट्ट, श्रवण राय, संजय झा, मानस प्रसून, उमेश यादव, धनेश्वर महतो, बिरेंद्र हांसदा, कन्हैया पांडे, महेन्द्र शर्मा, सुरेश महतो, मिल्टन पार्थ सारथी, चन्द्र शेखर मुन्ना, रंजीत सिंह, मौसम सिंह, निर्मल प्रधान, प्रभात रंजन, बाबु जैना, दीपक झा, दीपक गुप्ता, कर्पूर रवानी उपस्थित थे।

## बास्केटबॉल संघ ने किया निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 30 मई तक आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान आज बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के वरीय उपाध्यक्ष राम लखन मिस्त्री, सचिव संजीव कुमार ने बच्चों से मुलाकात की और शिविर की विशेषता बताते हुए कहा कि शिविर के दौरान बच्चे ज्यादा एकाग्रता के साथ अपने प्रतिभा को निखारते है। शिविर में बच्चे बास्केटबॉल की तकनीक को बारीकी से सिख रहे है जैसे ड्रिबल, पासिंग, शूटिंग एवम गेम खेलना अन्य तकनीक। शिविर में प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा सामने आती है। ज्ञात हो कि बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के द्वारा यह 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षक हारून अंसारी बच्चों का उचित मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के लिए प्रत्येक दिन जलपान की व्यवस्था सीनियर खिलाड़ी, अभिभावकों एवम संघ के सदस्यों द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर रवि रंजन, सुधीर, विजय कई अभिभावक उपस्थित रहे।संरक्षक प्रकाश सिंह, अध्यक्ष राम नारायण पंडित , विजय मिंज, बिनोद कुमार, निखिल ओझा, सुधीर कुमार, मनोज दूबे ने सभी को ढेरों शुभकामनाएं दी।

## उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की, दिये निर्देश

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने को विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर बैठक में जिला योजना पदाधिकारी फ्रांसिस कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमारी गीतांजलि, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, कार्यपालक अभियंता विद्युत चास एस बी तिवारी, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा पियुष, जिला कृषि पदाधिकारी एस तिर्की, एलडीएम संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।


### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए सूचना**

झारखण्ड राज्यनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु ''जलनिधि'' नामक एक नयी योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

योजना का स्वरूप

(I) डीप बोरिंग की योजना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राशि: भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring Submersible pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एंव संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सिमांत कृष क समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वियन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 38 इकाई | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

2. परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब ) की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Length of Percolation Tank -120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank -12ft. Length of Bound -370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वियन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 95 इकाई | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05.06.2023 है।**

**कृषक/संस्था का चयन**

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा ।

(ii) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता ''जलनिधि योजना'' के लिए मान्य नहीं होगी।

(iii) योजना के कार्यान्वियन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I , प्रपत्र–II में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

(ii) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय से निशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

(iv) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी एंव स्थानीय मुखिया कि अध्यक्षता में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद /अंचलाधिकारी द्वारा भू–धारिता प्रमाण पत्र एवं पहचान–पत्र।
7. अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत चेक स्लिप।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा
दुरभाष संख्याः–9472255885

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.297791 Agriculture(23-24):D


# झरिया में देखते ही देखते खड़ी बाइक धू-धूकर जलने लगी, मची अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनसार/झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के पसरीचा मार्केट के बाहर खड़ी बाइक में अचानक आग लग जाने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अगलगी में देखते ही देखते बाइक जलकर खाक हो गया। आग की लपटों से घिर बाइक को बचाने तथा आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पाई। घटनास्थल के इर्द-गिर्द तत्काल पानी मुहैया न होने लोगों ने मिट्टी व धूल फेंककर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। लोगों ने इसकी सूचना झरिया थाना और अग्नि शमन विभाग को दी। जानकारी के मुताबिक महुदा के रहने वाले राहुल कुमार साव झरिया जो एक फाईनेंस कंपनी में कार्यरत है, हर दिन की तरह शुक्रवार को भी पसरिचा मार्केट के बाहर बाइक खड़ी की थी। जैसे ही बाइक लगा कर मार्केट के अंदर दुकान में गए की थोड़े देर बाद ही शोरगुल सुनकर बाहर आकर देखा तो उनकी बाइक धू धू कर जल रही थी। बताया जा रहा है कि बाइक में अचानक आग लग गयी। गनीमत ये रहा कि इस आगजनी की किसी तरह की जान की हानी नहीं हुई। मौके पर पहुंचे झरिया थाना के एसआई मोहमद फारूक ने बताया कि सूचना मिली थी कि झरिया बाजार में बाइक में अचानक आग लग गई है, आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने लिए बहुत कोशिश की, जब तक आग पर काबू पाते तब तक बाइक जल चुका था।

## 27 उच्च शिक्षा संस्थानों में चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करें : धर्मेंद्र प्रधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को आइआइटी, आइआइएम, आइआइआइटी, आइआइएसइआर और केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित 27 उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति, 27 उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख, सीपीडब्ल्यूडी, एनबीसीसी और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक के दौरान श्री प्रधान ने उच्च शिक्षा संस्थानों (एचइआइ) को निर्देश दिया कि वे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाए और उन्हें तय समयसीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचा 21वीं सदी के वैश्विक नागरिक बनाने के हमारे प्रयासों को गति देगा। उच्च शिक्षा संस्थानों की इन नयी परियोजनाओं में विभिन्न नये शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाएं, छात्रावास और विभिन्न आइआइटी, आइआइआइटी, आइआइएम, आइआइएसइआर और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए व्यावसायिक गतिविधियों की सुविधाएं शामिल हैं।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यक्रम में नयी दिशाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से तीन नए स्नातक कार्यक्रम और एक स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। ये कृषि विज्ञान, डेयरी विज्ञान और वन प्रबंधन में चार साल के बीएससी कार्यक्रम और रसद और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में दो साल के पीजी / एमबीए कार्यक्रम हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने न केवल ओड़िशा; बल्कि भारत की युवा पीढ़ियों के लिए नये कार्यक्रमों की शुरुआत के बारे में चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली में आयोजित शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में एक बैठक की। भारत में शैक्षिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, जनजातीय समुदाय सहित युवा आबादी के हित को पूरा करने के लिए उपरोक्त नये कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा है कि पूर्वी घाट में स्थित कोरापुट क्षेत्र एक हाइलैंड पठार है, जिसमें कई पहाड़ियां और पहाड़ियां हैं। उत्तर-पश्चिमी और पश्चिम-मध्य भाग को छोड़ कर, लगभग पूरे जिले में घने जंगलों और अत्यधिक ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों का कब्जा है। कृषि, पशुधन और वन उत्पाद जिला अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं और कोरापुट जिले में 80% से अधिक आबादी सीधे कृषि पर निर्भर करती है। अधिकांश किसान कोरापुट में पारंपरिक कृषि प्रणालियों का उपयोग करते हैं, जबकि पूरे देश के किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह पारंपरिक ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी परिवारों द्वारा प्रसारित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि 2012 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और जैव विविधता के संरक्षण के लिए ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र में प्रचलित पारंपरिक कृषि प्रणाली को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (जीआइएएचएस) का दर्जा दिया है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कृषि विज्ञान, डेयरी विज्ञान और वन प्रबंधन में चार वर्षीय बीएससी कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कोरापुट चावल, बाजरा, अदरक, कॉफी, काली मिर्च, सब्जी और कटहल का एक प्रमुख उत्पादक है। कोरापुट मिट्टी में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, सेब, केला और अन्य दुर्लभ फल भी उत्पन्न होते हैं। इतने बड़े उत्पादन के बावजूद, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन उत्पादों के विपणन के लिए पर्याप्त प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली नहीं है। नये प्रोग्राम यानी लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट में दो साल का पीजी/एमबीए प्रोग्राम इन जरूरत को पूरा करेगा।

विश्वविद्यालय उपरोक्त कार्यक्रमों के लिए जल्द ही प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा और प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई 2023 से पहले पूरी हो जायेगी। प्रत्येक विषय में प्रवेश क्षमता 44 होगी। उपर्युक्त कार्यक्रमों के लिए नए संकाय की नियुक्ति शीघ्र ही की जायेगी।

# तालचेर एमसीएल कोलफील्ड्स में उत्पादन और परिवहन काम में बाधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/संबलपुर।** शुक्रवार को ठेकेदारों के श्रमिकों की अनुपस्थिति के कारण ओडिशा के अंगुल जिले में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) तालचेर कोलफील्ड्स में कोयला खनन संचालन ठप हो गया। तालचेर कोलफील्ड्स में एमसीएल की केवल विभागीय श्रमशक्ति और मशीनें काम कर रही थीं, जो लगभग 3 लाख टन दैनिक कोयला उत्पादन और परिवहन उपभोक्ताओं को मिलता था। तालाचेर कोलफील्ड्स में इस तरह के अकारण व्यवधानों के कारण इस साल 1 अप्रैल से एमसीएल को पहले ही 2.3 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन और प्रेषण में घाटा हो चुका है, जबकि कंपनी को 332 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय घाटा हुआ है। इसी तरह, चालू वित्त वर्ष के दौरान रॉयल्टी, जिला खनिज निधि (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमइटी) आदि के खिलाफ सरकारी खजाने को लगभग 170 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

अंगुल जिले को पिछले सात हफ्तों के दौरान कोयला खनन कार्यों में प्रतिरोध व्यवधानों के कारण डीएमएफ में 11.5 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

यह ध्यान दिया जा सकता है कि निजी ठेकेदारों के कर्मचारियों के महानदी कोलफील्ड्स संविदात्मक परिवहन कर्मचारी संघ ने 18 से 21 अप्रैल तक लगातार 88 घंटों के लिए पूरे तालचेर कोलफील्ड्स में सभी खनन गतिविधियों को बंद कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को 1.1 मीट्रिक टन कम कोयला उत्पादन और परिवहन हुआ। इसके अलावा, तालचेर कोलफील्ड्स के विभिन्न क्षेत्रों में ठेकेदारों के श्रमिकों द्वारा बार-बार होने वाले विरोध ने एमसीएल के संकट को और बढ़ा दिया है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्षित 204 एमटी कोयला उत्पादन और प्रेषण को प्राप्त करने की अपनी योजना में लगभग 1.5 एमटी की कमी से चल रही है।

## एमसीएल मुख्यालय में राजभाषा कार्यशाला संपन्न



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल मुख्यालय में केएम प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा) की अध्यक्षता में हिन्दी के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक विषय पर राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में डॉ हरिश्चंद्र शर्मा, पूर्व हिन्दी प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना, भारत सरकार, सम्बलपुर को आमंत्रित किया गया। इस दौरान डॉ हरिश्चंद्र शर्मा द्वारा हिंदी में पत्राचार, टिप्पणी आदि बनाए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। महाप्रबंधक राजभाषा केएम प्रसाद द्वारा उपस्थित प्रतिभागियाओं का स्वागत करते हुए कहा की इस कायार्शाला के माध्यम से जो हम सीखेंगे, उसका प्रयोग हमें दैनिक कार्यालयीन कार्यों में किया जाना चाहिए, ताकि सभी क्षेत्रों एवं विभागों में अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में किया जा सके। कार्यशाला को रोचक बनाने के लिए हिन्दीतर एवं हिन्दी भाषी प्रतिभागियों के लिए पंचतत्व (धरती, आकाश, हवा, अग्नि एवं जल) विषय पर पैराग्राफ राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कायार्शाला में क्षेत्र एवं मुख्यालय के कुल 38 प्रतिभागी शामिल हुए।

## गिरिडीह में भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक

# पीएम मोदी के केंद्र में नौ साल पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्णय




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में ज़िला कार्यसमिति की बैठक विरेंची नारायण की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, गिरीडीह के पूर्व विधायक शहवादी, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, ज़िलाध्यक्ष महादेव दुबे, रविंद्र पांडेय, पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।इस दौरान नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय शेष रह गया है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप में चुनावी तैयारी में जुट जाना चाहिए। बैठक के दौरान 30 मई से 30 जून तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गयी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के कार्यकर्ता अब खुद को 2024 के लिए समर्पित कर चुके हैं, क्योंकि पीएम मोदी को तीसरी बार केन्द्र की सत्ता सौंपनी है, इसलिए 30 मई को जब पीएम मोदी के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, तो पार्टी ने तय किया है कि पीएम मोदी द्वारा चलायी गयी योजनाओं को एक-एक घर तक पहुंचाना है।

# भारतपे का पेबैक इंडिया नये अवतार में जिलियन नाम से रिब्रैंड की हुई घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर / नयी दिल्ली।** फिनटेक के क्षेत्र में देश के प्रमुख नामों में से एक भारतपे ग्रुप में आज देश के सबसे बड़े लॉयल्टी प्रोग्राम - पेबैक इंडिया को जिलियन के रूप में रीब्रांड करने की घोषणा की। यह नयी ब्रांड आइडेंटिटी देशभर में जिलियन को लॉयल्टी और रिवार्ड्स के लिए सर्वव्यापी बनाने के कंपनी के विजन के अनुरूप है। यह नया ब्रांड अलग-अलग आयु वर्गों के लोगों को अपने से जोड़ने और उनके सभी केटेगरी और ब्रांड्स के शॉपिंग के अनुभव को एक नया आयाम देने का प्रयास करेगा।

जिलियन अपने ग्राहकों को देशभर में अलग-अलग ब्रांड और पार्टनर के साथ रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित करने और उन्हें रिडीम करने के कई अवसर प्रदान करेगा। ग्राहक अब अपने आम खर्चों पर भी जिलियन कॉइन्स अर्जित सकेंगे, जिससे अपन जीवन में हर दिन उन्हें छोटे-छोटे खुशियों के पल मिल सकें। जिलियन के लोगो में भी इस छोटी खुशी को और हर जगह वो 'अहा' वाला क्षण मिलने के सुखद अनुभव को समाहित किया गया है। सभी ग्राहक अपने ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन खर्चों पर भी यह जिलियन कॉइन कमा सकेंगे, जिसमें किराना, पेट्रोल, मनोरंजन, घूमना, फिरना, अपैरल, आदि की एक विस्तृत श्रंखला शामिल है।

इस री-ब्रांडिंग के अवसर पर जिलियन के सीइओ रिजिश राघवन ने कहा कि भारत के सबसे बड़े लॉयल्टी प्रोग्राम के रूप में पेबैक इंडिया को अपने 130 ग्राहकों के बड़े पायदान तक पहुंचाने का पिछले सालों का सफर बेहद लंबा लेकिन संतोषप्रद रहा है। आज का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि हम अपने इस सफर में आज जिलियन के रूप में एक नए युग में कदम रख रहे हैं। यह नयी ब्रांड आइडेंटिटी हमारी रणनीति में एक बहुत बड़ा बदलाव लायेगी, जिसमें हम एक खास और चुनिंदा लॉयल्टी प्रोग्राम को पूरी तरह बदलते हुए अब अनेक पार्टनर और ब्रांड्स की विस्तृत शृंखला अपने ग्राहकों के सामने पेश करेंगे। यह नया नाम और व्यक्तित्व हमें कई नए ग्राहकों से जुड़ने का मौका देगा, खासतौर पर जेन-जी और मिलेनियल्स के साथ। हम चाहते हैं की जिलियन ग्राहकों ही नहीं, बल्कि देशभर के रिटेलर के भी जीवन का हिस्सा बने जिससे वो अपने ग्राहकों को उनकी हर खरीदारी के लिए रिवॉर्ड दे सके। मुझे पूरा यकीन है कि आने वाले महीनों में जिलियन लाखों ग्राहकों की पहली पसंद बनकर उभरेगा।

वहीं भारतपे के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पार्थ जोशी ने बताया कि जिलियन को हमने आज के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए बनाया है। ये ब्रांड यंग, बोल्ड और एनर्जेटिक तो है ही और आम ग्राहकों की जिंदगी में खुशियों के पल रोज देने का प्रयास करेगा। हमें पूरा यकीन है कि इस नए रूप में यह ब्रांड और भी लोगों के लिए लुभावना बनेगा और उनकी जिंदगी में और 'अहा' वाले पल दे सकेगा, जिससे उनका हर दिन खास बने। हम आने वाले समय में हमारे मार्केटिंग के कैंपेन भी शुरू करेंगे, जिससे लोगों में जिलियन को लेकर जागरूकता बढ़े और ग्राहक हमसे संपर्क में रहें।

जिलियन (पूर्व में पेबैक इंडिया) एक विशिष्ट मल्टी-ब्रांड लॉयल्टी प्रोग्राम है जिसका उद्देश्य कस्टमर्स के साथ संपर्क साधना और उनके प्रत्येक खरीद पर उन्हें लॉयल्टी कॉइंस के माध्यम से पुरस्कृत करना है, जिसे बाद में इस्तेमाल किया जा सकता है। वर्तमान में हमारे सदस्य 50 से अधिक ब्रांड्स पर ऑनलाइन और ऑफलाइन खर्च करके यह कॉइंस अर्जित कर सकते हैं और कुछ चुनिंदा पार्टनर ब्रांड्स या प्रोडक्ट और वाउचर के माध्यम से इन्हें रिडीम कर सकते हैं। जिलियन के पार्टनर्स में अलग-अलग इंडस्ट्रीज के कुछ नामी ब्रांड भी शामिल है - जिसमें शॉपिंग, फ्यूल, बैंकिंग, पेमेंट, मनोरंजन, होटल और ट्रेवल से जुड़े ब्रांड शामिल है। कुछ महत्वपूर्ण पार्टनर्स है एचपीसीएल, बुकमायशो, अमेरिकन एक्सप्रेस, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट आदि।







# आज भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य के मौजूदा राजनैतिक और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिए 20 तारीख को भुवनेश्वर के होटल नियू मैरियन में बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की अध्यक्षता में होगा। तीन केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव एवं विश्वेशर टुडू सहित सभी सांसद एवं विधायक, क्षेत्रीय प्रभारी श्री सुनील बंसल, प्रदेश प्रभारी डी. पूर्णेदश्वरी समेत समस्त सांसद, विधायक, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष शामिल होंगे।

प्रदेश के महासंपादक गोलक महापात्रा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को राज्य में लागू करने के संबंध में चर्चा की जायेगी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**